आषाढ़ कृष्ण पक्ष पंचमी 03:31 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 16 जून 2025
वर्ष 3, अंक 296, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान 12

अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप 14


# रुद्रप्रयाग में हेलीकॉप्टर क्रैश, पायलट सहित सात की गई जान

## घना कोहरा व शून्य दृश्यता से पहाड़ी या पेड़ से टकराने का अंदेशा, मृतकों में महाराष्ट्र का दंपती व उनकी दो साल की बच्ची, बिजनौर के एक ही परिवार की दो महिलाएं और बीकेटीसी का एक कर्मचारी

- मुख्यमंत्री धामी ने हादसे पर गहरा शोक जताया, उच्चस्तरीय बैठक में लिए कई फैसले

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में रविवार सुबह चारधाम यात्रा के दौरान रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में हेलीकाप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से पायलट सहित उसमें सवार 7 लोगों की मौत हो गई। बाबा केदारनाथ के दर्शन कराकर हेलीकॉप्टर गुप्तकाशी जा रहा था।

दुर्घटना का कारण घना कोहरा और शून्य दृश्यता के चलते हेलीकॉप्टर का किसी पहाड़ी या पेड़ से टकराना माना जा रहा है। हादसे के बाद हेलीकॉप्टर के साथ ही शव भी बुरी तरह से जल गए। हेलीकॉप्टर में महाराष्ट्र का दंपती और उनकी दो साल की बेटी के अलावा बिजनौर (यूपी) के एक ही परिवार की दो महिलाएं (नानी-नातिन) व बीकेटीसी का एक कर्मचारी भी सवार बताए गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उच्चस्तरीय बैठक करते हुए कई बड़े फैसले लिए हैं। हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल के अनुसार, रविवार सुबह 5:30 बजे आर्यन एविएशन कंपनी का हेलीकॉप्टर वीटीबीकेए/बीईएलएल 407 केदारनाथ धाम से श्रद्धालुओं को दर्शन कराकर गुप्तकाशी जा रहा था। गौरीकुंड में गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में यह हेली 5:30 से 5:45 बजे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं, घास काट रहीं नेपाली मूल की महिलाओं ने हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने और गुबार उठने की सूचना दी। जिला आपदा मोचन बल टीम के साथ एसडीआरएफ की छह, एनडीआरएफ की आठ टीमों के अलावा 22 पुलिसकर्मी घटनास्थल गौरीकुंड से लगभग पांच किलोमीटर ऊपर स्थित गौरी में खड़क नामक स्थान पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



### प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से किया धामी को फोन

**देहरादून।** प्रधानमंत्री मोदी ने साइप्रस से मुख्यमंत्री धामी से फोन पर केदारनाथ हेलीकॉप्टर दुर्घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। प्रधानमंत्री ने इस दु:खद घटना में दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना और शोक व्यक्त किया। मृतकों के परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति हेतु प्रार्थना की।

### हादसे में इनकी गईं जानें

- कैप्टन राजबीर सिंह चौहान निवासी जयपुर, राजस्थान (पायलट, आर्यन एविएशन कंपनी),
- विक्रम सिंह रावत (45) निवासी रांसी ऊखीमठ, रुद्रप्रयाग (कर्मचारी बीकेटीसी)
- विनोद देवी (66) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- तुष्टी सिंह (19) निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश
- राजकुमार सुरेश जायसवाल (41) निवासी महाराष्ट्र
- श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (35) निवासी महाराष्ट्र
- काशी (02) पुत्री राजकुमार निवासी महाराष्ट्र

### हेली सेवा सोमवार तक बंद

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत बाद बैठक की। चारधाम के लिए हेली सेवा को सोमवार तक के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराने के अलावा हेली उड़ानों के बेहतर समन्वय के लिए 'कमांड एवं कोऑर्डिनेशन सेंटर' की स्थापित करने के भी निर्देश दिए। वहीं, इस हेली हादसे की जांच विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) करेगा।

### बुरी तरह जले मिले शव, डीएनए सैंपलिंग

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी के अनुसार, संयुक्त दलों द्वारा पूरे क्षेत्र को घेरकर खोज और बचाव अभियान चलाया गया। हेली हादसे के शिकार लोगों के शव बुरी तरह से जल चुके थे। मौके पर ही राख के ढेर मिले। फॉरेन्सिंक और डीएनए सैंपलिंग टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपलिंग की।

## एक नजर

### शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण स्थगित

**लखनऊ।** शिक्षकों के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। दरअसल स्कूल चलो अभियान सहित विभिन्न विभागीय कार्यों, कार्यक्रमों के सुचारु संपादन के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के आदेशानुसार बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी विभागीय अधिकारियों का स्थानांतरण अग्रिम आदेशों तक नहीं करने का निर्णय लिया गया है।

### अर्श डल्ला मॉड्यूल के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई हत्या की एक साजिश नाकाम करते हुए मॉड्यूल के दो प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया है। राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), पंजाब ने कनाडा में रहने वाले आतंकवादी अर्श डल्ला द्वारा रची गई लक्षित हत्या की एक साजिश को नाकाम कर दिया और दो प्रमुख गुर्गों कवलजीत सिंह, निवासी धर्मकोट और नवदीप सिंह उर्फ हानी, निवासी बड्डूवाल को गिरफ्तार कर लिया।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रवाना

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से हर हर महादेव के जयघोष के साथ मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। पांच वर्षों के बाद फिर शुरू हुई यात्रा के लिए इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। जत्थे में दो अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं।

# प्रत्येक नागरिक को तीन साल के अंदर न्याय दिलाने की होगी व्यवस्था : शाह

## गृहमंत्री ने सिपाहियों को दिए नियुक्ति पत्र, कहा- योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता

- शाह बोले-60244 युवाओं में से किसी को रिश्वत नहीं देनी पड़ी परिवर्तनकारी युग यह शासन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने योगी सरकार की पारदर्शी व समावेशी पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया की जमकर सराहना की। कहा कि नियुक्तियों में न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश और न ही जाति के आधार पर कोई भेदभाव हुआ। पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और योग्यता के आधार पर हुई। योगी सरकार में अब गुंडों का फरमान नहीं चलता। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में ऐसी व्यवस्था बनने जा रही हैं जिससे हर नागरिक को प्राथमिकी दर्ज होने तीन साल के अंदर न्याय मिल सके। किसी भी एफआईआर के बाद तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक का फैसला हो जाएगा।

वे रविवार को लखनऊ के वृंदावन योजना, सेक्टर 18 स्थित डिफेंस एक्स्पो ग्राउंड में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ क साथ भव्य समारोह में 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरित करने के बाद बोल रहे थे। शाह ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पुलिस ने न केवल भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और योग्यता आधारित बनाया, बल्कि हर जाति, जिले और तहसील के युवाओं को अवसर प्रदान कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने इस दिन को नवनियुक्त कार्मिकों के जीवन का सबसे शुभ दिन करार देते हुए कहा कि यह गौरव का क्षण है। इनमें 12 हजार से अधिक बेटियां भी शामिल हैं, जिनके चेहरों पर खुशी देखकर उन्हें अपार सुकून मिला। शाह ने यूपी में 2017 के बाद आए बदलावों की चर्चा करते हुए कहा कि यूपी अब दंगों का गढ़ नहीं रहा, बल्कि दंगामुक्त हो चुका है, और गुंडों का फरमान अब नहीं चलता। उन्होंने नवनियुक्त कार्मिकों से इस परंपरा को और मजबूत करने का आह्वान किया। पारदर्शी भर्ती और तकनीक के योगदान की सराहना करते हुए दावा किया कि 60,244 युवाओं में से किसी को भी एक पाई की रिश्वत नहीं देनी पड़ी, जो किसी भी शासन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने पुलिसबल का आधुनिकीकरण और नए कानून की चर्चा की। एलान किया कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य संहिता जैसे नए कानूनों के लागू होने से अगले पांच वर्षों में देश में ऐसी व्यवस्था बनेगी, जिसमें किसी भी एफआईआर से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक का न्याय तीन साल के भीतर मिल सकेगा। इसके अलावा, सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स), आईसीजेएस (इंटर-ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम) और फॉरेंसिक साइंस जैसी तकनीकों ने पुलिस व्यवस्था को और मजबूत किया है।



लखनऊ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री योगी नवनियुक्त सिपाही को नियुक्ति पत्र देते हुए।

### ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा, ड्यूटी पर उतना कम खून बहेगा : योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्दीधारी बलों के लिए एक नियम है कि जितना पसीना प्रशिक्षण में बहाओगे, जीवन में उतना ही कम खून बहेगा। महाकुंभ में जो भी आया उसने पुलिस के व्यवहार की प्रशंसा की। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश पुलिस ने अपने खिलाफ विकृत धारणा को बदलने का काम किया है। आज आप सभी देश के सबसे बड़े पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। अपने व्यवहार से जन हितैषी बनिएगा।

### इन 15 पुलिसकर्मियों को मंच से दिए नियुक्ति पत्र

संतकबीर नगर के सत्यम नायक, खीरी के प्रेम सागर, फर्रुखाबाद की शालिनी शाक्या, बलिया के उपेंद्र कुमार यादव, बरेली की शिल्पा सिंह, कानपुर देहात के बीनू बाबू, महोबा के योगेंद्र सिंह, उन्नाव के शिवांश पटेल, वाराणसी के मनीष त्रिपाठी, लखनऊ की रोशन जहां, कानपुर नगर के आजाद कुशवाहा, गोरखपुर की मिथिलेश भट्ट, रायबरेली की सोनी रावत, मऊ की नेहा गोंड, बागपत के सचिन सैनी को मंच से नियुक्ति पत्र दिया गया।

# रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान हुई, अब तक 47 के डीएनए मैच

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। साथ ही अहमदाबाद में 12 जून को हुए एयर इंडिया विमान हादसे की जांच तेज हो गई है। विमान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) के नेतृत्व में केंद्रीय और राज्य सरकार की विभिन्न एजेंसियां हवाई दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए दुर्घटना स्थल पर हैं।

अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 47 लोगों की शिनाख्त अब तक डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है तथा 14 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। विमान हादसे के तीन दिन बाद डीएनए परीक्षण के जरिए मृतकों की पहचान की प्रक्रिया तेज होने के बीच अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए नमूने आज पूर्वाह्न 11.10 बजे (उनके परिवार के सदस्यों के डीएनए नमूने से) मेल खा गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी। सरकारी बी जे मेडिकल कॉलेज में सर्जरी के प्रोफेसर पटेल ने कहा, अब तक 47 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं और 14 शवों को उनके परिजन को सौंप दिया गया है। ये लोग उदयपुर, वडोदरा, खेड़ा, महेसाणा, अहमदाबाद और बोटाद जिलों से ताल्लुक रखते थे। राज्य पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एएआईबी की एक टीम जांच का नेतृत्व कर रही है और वे पिछले तीन दिनों से यहां हैं।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना

- राजकोट में सोमवार को किया जाएगा अंतिम संस्कार



### जांच को गठित उच्चतस्तरीय समिति की बैठक आज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय बहु-विषयक समिति की पहली बैठक यहां सोमवार को होगी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। गृह सचिव की अध्यक्षता वाली समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। सूत्रों ने बताया कि समिति की पहली बैठक सोमवार दोपहर होगी।

# प्रदेश में बिगड़ा मौसम का मिजाज, 25 की गई जान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मानसून आने से पहले मौसम के बिगड़ते मिजाज के बीच प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली और बिजनौर में बिजली गिरने की घटनाएं हुईं। इसमें 25 लोगों की मौत हो गई। इन जिलों में घटनाएं बीती रात से लेकर रविवार सुबह तक हुईं जिसमें प्रयागराज की घटना हृदयविदारक रही। यहां आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। प्रयागराज के ही बारा तहसील में 30 वर्षीय अक्षय कुमार की भी मौत आकाशीय बिजली की चपेट में आने से हो गई।

प्रयागराज में जिला मुख्यालय से 60 किमी दूर बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्ला बोल गांव में बीती शनिवार की रात आकाशीय बिजली झोपड़ी पर गिरने से पति, पत्नी और दो मासूम बच्चियां जिंदा जलकर राख हो गई। इस घटना में जान गंवाने वालों में मृतक वीरेंद्र वनवासी (40 वर्ष), पत्नी पार्वती (32) वर्ष बड़ी बेटी सोनू कुमारी (10), बेटी आंचल (8), तीसरी बेटी राधा और चौथी बेटी करिश्मा (4) शामिल रही। वहीं, गोरखपुर के सहजनवां थाना क्षेत्र के भरपही गांव में रविवार की सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई। जबकि, दो बच्चे घायल हो गए। भरपहीं निवासी फेंकू की पुत्री खुशबू (11) की मौत हो गई है जबकि छोटे भाई सागर का बेटा अजय (10) और बेटी ज्योति (12) आकाशीय बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गये। बरेली (बहेड़ी/भोजीपुरा) के बहेड़ी व भोजीपुरा में आकाशीय बिजली गिरने से रविवार सुबह दो लोगों की मौत हो गई। एक युवक बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ा हो गया था। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बहेड़ी के गांव सिमरा निवासी 22 वर्षीय फरदीन अंसारी बाइक से रविवार सुबह किसी काम से घर से बाहर निकला था। बारिश से बचने के लिए वह पुल के पास एक पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इसी दौरान तेज गर्जना के साथ बिजली गिरी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं भोजीपुरा के गांव जटौआ निवासी दुर्गा प्रसाद (25) रविवार सुबह घर से शौच के लिए गया था। इसके बाद घर नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन की तो उसका शव गांव के पास ही एक निर्माणाधीन राइस मिल की बाउंड्रीवॉल के पास पड़ा मिला।



प्रयागराज में चलती धूल भरी आंधी।

- कानपुर देहात, प्रयागराज, गोरखपुर, बरेली लखनऊ, संभल समेत 14 जिलों में तूफान और बिजली गिरने की घटनाओं में हुईं मौतें

# पुणे में नदी पर बना पुल ढहा चार की मौत, 32 घायल



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए।

तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी। उन्होंने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार लोगों की मौत हो गई है, जबकि कुछ के बह जाने की आशंका है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पांच से छह लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जांच के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# शहरी घरेलू में 40 तो ग्रामीण क्षेत्र में 45 % तक बढ़ सकती नई बिजली दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में शहरी क्षेत्र में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 40 प्रतिशत तो ग्रामीण क्षेत्र में 45 प्रतिशत तक नई बिजली दरें बढ़ सकती हैं। बिजली दरों पर सुनवाई के लिए तारीख घोषित होने के बाद उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में नया प्रस्ताव पेश किया है। यह पहला मौका है कि पावर कॉरपोरेशन ने श्रेणीवार वृद्धि का प्रस्ताव दिया है।

कॉरपोरेशन ने बीते दिनों वार्षिक राजस्व आवश्यकता का प्रस्ताव आयोग में दाखिल किया था। जिसमें आपूर्ति पर खर्च व राजस्व प्राप्ति के बाद 19,644 करोड़ रुपये का अंतर दिखाया गया था। इसकी भरपाई के लिए बिजली दरों में 30 प्रतिशत तक वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया था। आयोग ने कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को स्वीकार कर इसे जनता में सार्वजनिक कर इस पर आपत्तियां मांगने की मंजूरी दे दी थी। इसके बाद आयोग ने सुनवाई की तारीख भी घोषित कर दी थी। सुनवाई की तारीख तय होने के बाद कॉरपोरेशन ने 30 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव को ग्रामीण, शहरी, वाणिज्यिक व औद्योगिक श्रेणी में बांटते हुए श्रेणीवार बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव दिया है। बिजली कनेक्शन की दरों में भी 25 से 30 प्रतिशत वृद्धि का प्रस्ताव दाखिल किया गया है। शहरी घरेलू उपभोक्ताओं की दरों में 40 प्रतिशत तक और ग्रामीण क्षेत्र की बिजली दरों में 45 प्रतिशत तक वृद्धि का उल्लेख है।

### प्रस्तावित कैटेगरी दरों में वृद्धि

| | |
|---|---|
| शहरी घरेलू | लगभग 35 से 40 प्रतिशत |
| ग्रामीण घरेलू | लगभग 40 से 45 प्रतिशत |
| वाणिज्य | लगभग 20 से 25 प्रतिशत |
| उद्योग | लगभग 15 से 18 प्रतिशत |

- पावर कॉरपोरेशन ने नियामक आयोग में रखा नया प्रस्ताव

### उपभोक्ताओं को धोखा देने का प्रयास- उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन उपभोक्ताओं को धोखा देने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि नियामक आयोग की भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है, पर परिषद किसी भी हालत में दरें बढ़ने नहीं देगा।

# आतंकवाद से लड़ाई में साथी देशों का आभार जताने का मौका : मोदी

- प्रधानमंत्री तीन देशों यात्रा के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे, जी-7 शिखर सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि कनाडा में होने वाला जी-7 शिखर सम्मेलन अहम वैश्विक मुद्दों और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विचारों को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा।

ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा से पहले अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि वह कनानास्किस में शिखर सम्मेलन के दौरान साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री के निमंत्रण पर इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने तथा आतंकवाद से निपटने के लिए दुनियाभर के देशों को एकजुट करने का भी अवसर है। वह राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर सबसे पहले साइप्रस की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, साइप्रस एक करीबी मित्र और भूमध्य सागर क्षेत्र में तथा यूरोपीय संघ में महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने तथा व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों को बढ़ाने और लोगों के बीच संपर्क को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है।



साइप्रस में हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस।

### साइप्रस में राष्ट्रपति निकोस ने मोदी का किया स्वागत

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। विशेष गर्मजोशी प्रदर्शित करते हुए राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस ने प्रधानमंत्री मोदी का लार्नाका अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत किया।

# एलिवेटेड रेलवे ट्रैक और रोड देगी शहर को जाम से राहत : भोले

साक्षात्कार

कानपुर। शहर में जाम, टूटी सड़कें और बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या का समाधान हर कोई चाहता है लेकिन इन समस्याओं का स्थायी समाधान फिलहाल नहीं होता दिख रहा है। दशक भर से ज्यादा समय से ये समस्याएं शहर में मुंह बाय खड़ी हैं। यहां की सड़कें जाम मुक्त कब होंगी, चकेरी एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा कब से शुरू होगी आदि विषयों पर अमृत विचार संवाददाता अभिषेक वर्मा ने अकबरपुर के भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले से बात की। पेश है उनसे बातचीत के कुछ मुख्य अंश।



■ **शहर जाम मुक्त कब होगा ?**

शहर को जाम मुक्त करने के लिए कई बड़े काम होने जा रहे हैं। रामादेवी से गोल चौराहा तक एलिवेटेड रोड की डीपीआर बन गई है। जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी। अनवरगंज से मंधना तक एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का निर्माण का प्रोजेक्ट मंजूर हो चुका है। इसके बनने से 16 रेलवे क्रासिंगें बंद हो जाएंगी। ये दोनों प्रोजेक्ट शहर में जाम की बड़ी समस्या का समाधान करने वाले होंगे। शहर की कई बड़ी सड़कें चौड़ी हो रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सड़कों का निर्माण हो रहा है। छतमरा से पाली जाने के लिए चकेरी क्रासिंग तक फोर लेन सड़क बनेगी। चकेरी क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनेगा। भौंती गांव क्रासिंग पर पुल मंजूर हो गया है। साढ़ से नर्वल होते हुए सरसौल तक फोर लेन मार्ग बनेगा। शहर में कई और एलिवेटेड रोड प्रस्तावित हैं।

■ **कानपुर के औद्योगिक स्वरूप को वापस लाने का क्या प्रयास कर रहे हैं ?**

रमईपुर में फुटवेयर पार्क की स्थापना यूपीसीडा कर रहा है। भूमि आवंटन शुरू हो गया है। मेगा लेदर क्लस्टर की बाधाएं भी जल्द दूर हो जाएंगी। साढ़ में डिफेंस कॉरिडोर में इकाइयां लग गई हैं। डिफेंस कॉरिडोर का विस्तार होने जा रहा है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा। कानपुर देहात में पीपीपी मॉडल पर टेक्सटाइल मशीनरी पार्क बनने जा रहा है जो प्रदेश का पहला पार्क होगा। रूमा औद्योगिक क्षेत्र में 86 करोड़ रुपये से विकास कार्य हो रहा है। चकेरी में भी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

■ **चकेरी एयरपोर्ट का विस्तार तो हुआ पर नाइट लैंडिंग की सुविधा कब तक ?**

नाइट लैंडिंग की सुविधा उपलब्ध है। रात में विमान उतरें और कई अन्य महानगरों के लिए भी फ्लाइट की सुविधा हो इस संबंध में नागरिक उड्डयन मंत्री से बात करूंगा। सिर्फ विमान उतारने से ही काम नहीं चलेगा यात्री सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचे इस पर हमारी सरकार का ध्यान रहता है।

■ **कानपुर-हमीरपुर समानांतर हाईवे का निर्माण कब तक होगा ?**

इस हाईवे के निर्माण के लिए डीपीआर बन गई है। तीन अलाइनमेंट सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा गया है। यह प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेगा क्योंकि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से इस प्रोजेक्ट को लेकर मेरी कई बार मुलाकात हो चुकी है। इसी हफ्ते फिर होनी है। 112 किलोमीटर लंबाई हाईवे बनेगा और कानपुर से भोपाल तक आवागमन आसान हो जाएगा।

■ **जो वादे आपने चुनाव के समय किए थे कितने पूरे हुए ?**

रिंग रोड का निर्माण हो रहा है। सचेंडी में अंडरपास बन गया है। एलिवेटेड ट्रैक बनने जा रहा है। मंधना- शुक्लागंज हाईवे का चौड़ीकरण हो रहा है। 1980 मेगावॉट की घाटमपुर पावर प्लांट की 660 मेगवॉट की एक यूनिट चालू हो गई। अन्य दो यूनिट जल्द ही चालू होंगी। हैलट में अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल शुरू हो गया। ट्रामा सेंटर बनने जा रहा है। हृदय रोग संस्थान में सात मंजिला भवन का निर्माण मंजूर हो गया। बजट भी आवंटित हो गया। आल इंडिया स्पीच एंड हियरिंग इंस्टीट्यूट का निर्माण सुरार में शुरू हो गया। मैं काम में विश्वास करता हूं प्रचार में नहीं। विकास कार्यों की पैरवी में सांसद रमेश अवस्थी का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। बैराज से लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट तक रैपिड रेल परियोजना के लिए एलडीए से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी मिल गया है। डबल इंजन की सरकार में कानपुर का समग्र विकास होगा।

■ **विजन 2047 के तहत केडीए ने विकास की भारी भरकम योजनाएं तैयार की हैं, क्या प्रोजेक्ट मूर्त रूप ले पाएंगे ?**

क्यों नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानपुर के समग्र विकास के लिए बजट की कमी नहीं होने देंगे। हमारी सरकार वादे करती है तो उसे पूरा भी करती है। आईआईटी से घंटाघर तक मेट्रो दौड़ने लगी। घंटाघर से नौबस्ता और सीएसए से बर्रा तक मेट्रो का कार्य तेजी से हो रहा है। कई अन्य रूटों का भी सर्वे किया गया है। कानपुर के विकास के लिए हमारी सरकार कितनी गंभीर है यह बताने के लिए काफी है।

## ऑनलाइन टास्क का झांसा देकर एक लाख ठगे

**कानपुर।** चकेरी में युवती को ऑनलाइन टास्क का झांसा देकर साइबर फ्राड ने एक लाख रुपये की ठगी की। कृष्णानगर निवासी गौरवी वर्मा के अनुसार 21 अप्रैल को उनके व्हाट्सएप पर मैसेज आया कि टेलीग्राम एप के माध्यम से वह होटल और रेस्टोरेंट के टास्क को पूरा कर अच्छी कमाई कर सकती है। गौरवी ने टेलीग्राम लिंक को खोला तो उसमें अलग-अलग होटलों की रेटिंग करने के टास्क मिले। टास्क पूरा करते ही उसके खाते में 250 रुपये आ गए। पहले तो दिए गए टास्क को पूरा करने पर रकम मिलती रही। बाद में ठगों ने टास्क को पूरा करने के लिए रकम मांगना शुरू कर दिया। करीब 1.6 लाख रुपये दो माह में देने के बाद भी जब पीड़िता को पैसे नहीं मिले तो ठगी का संदेह हुआ।

# गौशालाओं में बढ़ेंगी सुविधाएं 50 लाख से होंगे विकास कार्य

## नगर निगम राधिका, कान्हा और बकरमंडी गौशालाओं में कराएगा नए कार्य

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कान्हा गौशाला में कराया जाएगा और सुधार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर की प्रमुख गौशालाओं में पशुओं के रहने के लिये काल्फ शेड, चरनी, फ्लोरिंग समेत रोनेवेशन में एक बार फिर से 50 लाख रुपये खर्च होंगे। नगर निगम ने इसको लेकर टेंडर जारी कर दिये हैं। आने वाले डेढ़-दो महीनों में यह कार्य पूरे करने होंगे।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने पिछले दिनों शहर की अलग-अलग गौशालाओं में निरीक्षण कर बेसहारा पशुओं के रहने की व्यवस्था को और अच्छा करने के निर्देश दिए थे। इसके क्रम में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके निरंजन ने राधिका, कान्हा और बकरमंडी में जरूरी कार्य कराने का प्रस्ताव तैयार किया था। जिसको लेकर अब टेंडर जारी कर दिये गये हैं। किशनपुर स्थित राधिका गौशाला में बाउंड्रीवाल और गेट का निर्माण कार्य होगा। इसमें 5.61 लाख रुपये खर्च होंगे। जाना गांव में सबसे बड़ी कान्हा गोशाला में काउ शेड में निर्मित काल्फ शेड की छत का निर्माण होगा। जिसमें 8.47 लाख रुपये खर्च होंगे। यहां अस्पताल के आगे मिट्टी भरने का कार्य और कान्हा गौशाला में ही राधिका गौशाला की तरफ काल्फ शेड का निर्माण होगा इन दोनों ही कार्यों में लगभग 15 लाख रुपये खर्च होंगे। बकरमंडी में छोटी गौशाला में पशुओं के लिये चरनी का निर्माण, फ्लोरिंग व शेड लगाने का कार्य में लगभग 17 लाख रुपये खर्च होंगे। नगर आयुक्त ने कहा है कि गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए।

**02** महीने में पूरे हो जाएंगे विकास के काम

● गौशाला में फ्लोरिंग के साथ काल्फ शेड का भी निर्माण होगा

### गौशाला व क्षमता

| | |
|---|---|
| पनकी में नंदीशाला गौशाला | 1500 |
| किशनपुर में राधिका गौशाला | 2000 |
| डिफेंस कॉलोनी जाजमऊ | 200 |
| बकरमंडी में छोटी गौशाला | 50 |
| जाना गांव में कान्हा गौशाला | 5000 |

### मिल चुका प्रमाण पत्र, बेच रहे गो-मय दीपक

● गोवंशों को अच्छी तरह रखने व देखभाल करने में हाल में ही नगर निगम को आईएसओ 9001 :2015 प्रमाण पत्र नगर निगम को मिला है। किशनपुर स्थित कान्हा गौशाला में गोबर के बाय प्रोडक्ट निर्मित हो रहे हैं। गौशाला में नेपियर घास, वेटनरी हास्पिटल एवं ट्रामा सेन्टर की स्थापना की गई है। मुख्य पशुचिकत्सा अधिकारी डॉ. आरके निरंजन ने बताया कि गोबर से निर्मित गौ-मय दीपकों का निर्माण कर नगर निगम के दीपोत्सव कार्यक्रम में 21000 गो-मय दीपकों को जलाया गया था। इसके साथ ही खुले बाजार में विक्रय किया गया था। गौशाला में बने उपलों, वर्मी कम्पोस्ट, गौ काष्ठ, गौ-मय दीपक के उत्पादन से नगर निगम को आय भी हो रही है। वर्मीकम्पोस्ट का निर्माण कर खुले बाजार में विक्रय किया जाता है। इस कार्य से 1 दर्जन से अधिक महिलाओं को रोजगार मिला है।

# प्लेन क्रैश से दहशत, 350 एयर टिकट कैंसिल कराए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● अहमदाबाद की घटना के बाद विदेश जाने का प्लान छोड़ रहे शहर के लोग

● पिछले सीजन की तुलना में इस बार कारोबार का 50 फीसदी नुकसान

**अमृत विचार।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद गर्मियों में विदेश में छुट्टियां मनाने जा रहे शहरवासियों ने धड़ाधड़ एयर टिकट कैंसिल करा दिए हैं। 3 दिन में विदेश के लिए बुक हुए लगभग 350 से अधिक टिकट कैंसिल हो गए हैं। पर्यटन व्यापार से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि इस सीजन में शहर का लगभग 50 फीसदी कारोबार विभिन्न घटनाओं से प्रभावित हुआ है।

शहर से जॉर्जिया, उज्बेकिस्तान, अजरबैजान सहित अन्य विदेशी पर्यटन स्थलों के लिए एयर टिकट बुक हुए थे। विमान हादसा होने के बाद से यह टिकट कैंसिल हो रहे हैं। यह टिकट अधिकतर नए शादीशुदा जोड़ों और परिवार के सदस्यों की ओर से बुक कराए गए थे। यदि देश की बात की जाए तो केरल व नॉर्थ ईस्ट के लिए भी बुक हुए टिकट तेजी से कैंसिल हो रहे हैं।

अवध टूर एंड ट्रैवल के एमडी शारिक अल्वी ने बताया कि हादसे से पर्यटकों में खौफ व्याप्त है। सीजन की शुरुआत में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की वजह से पर्यटकों ने अपने प्लान सीमित किए। इसके बाद कोरोना की आहट ने भी लोगों को दहशत में ला दिया। अब विमान हादसा होने से सीजन पर भारी असर पड़ गया।

### हनीमून पैकेज पर भी असर

● शहर से इस बार सहालग के तुरंत बाद हुए युद्ध और हादसों की वजह से सबसे अधिक असर हनीमून पैकेज पर पड़ा है। कारोबारियों ने बताया कि इस बार 10 जून के बाद से नवदंपती के पैकेज बुक होने की उम्मीद की जा रही थी। अब विदेशी पैकेज बुकिंग पर भी असर पड़ने की आशंका है।

## आरटीओ और एआरटीओ का तबादला

**कानपुर।** कानपुर की आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह को पदोन्नति देकर आगरा उप परिवहन आयुक्त के पद पर भेजा गया है। इसी प्रकार एआरटीओ प्रवर्तन अंबुज का इसी पद पर रायबरेली तबादला किया गया है।

## सार-संक्षेप



शास्त्री चौक रोड पर लटकी पेड़ की डाल से टकरा गया लोडर। अमृत विचार

### सड़क पर झूल रही डाल से हो रहे हादसे

**कानपुर।** बर्रा शास्त्री चौक चौराहे से दरोगा चौराहे के बीच गोविंद मोटर्स के सामने ग्रीन बेल्ट में लगे पेड़ की एक सूखी डाल निकलकर सड़क तक आ गई है। इससे आये दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। रविवार को भी एक हादसा लोडर वाले के साथ हो गया। सड़क पर झूल रही पेड़ की डाल से टकराकर लोडर डिवाइडर पर चढ़ गया और चालक घायल हो गया। लोडर के पीछे चल रहे बाइक सवार दो युवक भी लोडर से टकराकर चुटहिल हो गए। दूसरी तरफ रोड पर जलकल विभाग वालों की खुदाई की वजह से रोड पूरी तरह ब्लाक है। इस कारण वाहन एक ही लेन से निकलते हैं। जिससे और हादसे होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवास गोविंद जी ने बताया कि सूखी डाल कटवाने के लिए क्षेत्रीय पार्षद को कई बार अवगत कराया गया है, मगर अभी तक कुछ नहीं हुआ।

### चोरी करने वाले दो नाबालिग समेत तीन को पकड़ा

**कानपुर।** बर्रा में पांच दिन पहले शिव मंदिर में हुई चोरी में दो नाबालिग समेत तीन को पुलिस ने पकड़ लिया है। 10 जून की देर रात चोर बर्रा के केबी टू स्थित शिव मंदिर का ताला तोड़कर दानपात्र व भगवान के जेवर समेत डेढ़ लाख रुपये का माल पार कर ले गए थे। 11 जून को मंदिर की देखरेख करने वाले ऋषिकांत तिवारी उर्फ गब्बर ने ताला टूटा देख पुलिस को सूचना दी थी। जांच के बाद पुलिस लौट गई, लेकिन इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोरों की तलाश में ऋषिकांत जुट गए। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले उन्होंने एक आरोपी को पहचान लिया और पुलिस को सूचना दे दी। इसके बाद पुलिस ने केबी टू में रहने वाले शीबू उर्फ अमित राठौर को धर दबोचा। बर्रा थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि शीबू से पूछताछ के बाद उसके दो नाबालिग साथी को पकड़ा गया। उनकी निशानदेही पर चोरी के पांच हजार रुपये और एक चांदी की गदा बरामद की गई है। नाबालिगों को बाल सुधार गृह इटावा भेज गया है, जबकि शीबू को जेल भेजा गया है।

### विकास देखना है तो 11 वर्ष पहले जाना पड़ेगा

**कानपुर।** भाजपा उत्तर ने केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न मंडलों में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। नारामऊ मंडल में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित व विधायक नीलिमा कटियार शामिल हुये। अनिल दीक्षित ने कहा मोदी सरकार के इन 11 वर्षों के विकास को देखने के लिए हमको 11 वर्ष पहले जाना पड़ेगा। आज चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर का क्षेत्र हो या गरीब कल्याण का चाहे हमारी सामरिक ताकत हो इसका प्रत्यक्ष उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर है। जिसमें भारत ने सिर्फ 3 दिन में पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों और उनके संरक्षण दाताओं को नेस्तनाबूत किया। इसके बाद सभा में संकल्प पत्र का वाचन हुआ और शपथ ली गई। जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा ने बताया कि कानपुर उत्तर जिले के सभी 14 मंडलों में संकल्प सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शुभम दीक्षित, चंद्र मनी चौबे, टिंकू पटेल, जयकरण सिंह आदि रहे।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष व बेटे को बिल्डर ने पीटा

**कानपुर।** भाजपा बूथ अध्यक्ष के आठ वर्षीय बेटे को बिल्डर ने पीट दिया। बेटा रोते हुए घर पहुंचा और परिजनों से शिकायत की। इस पर बूथ अध्यक्ष विरोध जताने पहुंचे तो आरोपी ने उन्हें भी गाली-गलौज कर पीट दिया। चमनगंज पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एसीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। चमनगंज प्लाट नंबर पांच निवासी जितेंद्र कठेरिया भाजपा के कौशलपुरी बूथ के अध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाला बिल्डर आसिफ मुनाजिर अक्सर घर के सामने सरकारी पार्क में खेलने वाले बच्चों के साथ मारपीट व गाली-गलौज करता है। बीते शुक्रवार की रात करीब नौ बजे उनका बेटा अर्पित पड़ोस के बच्चों के साथ पार्क में खेल रहा था। आरोप है कि इस दौरान आसिफ ने बच्चों से गाली-गलौज की। साथ ही उनके बेटे को अपनी बिल्डिंग में ले जाकर पीटा। घटना का विरोध जताने जब वह पहुंचे तो आरोपी ने जातिसूचक गालियां देते हुए उनके साथ भी मारपीट की। जिसके बाद पीड़त ने मामले की शिकायत चमनगंज पुलिस से की। सीसामऊ एसीपी ने बताया कि घर के बाहर खेल रहे बच्चों के शोर मचाने पर आरोपी ने मारपीट की है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में कार्रवाई की गई है।



डेंटल एसोसिएशन की कार्यशाला का उद्घाटन करते डॉक्टर्स। अमृत विचार

# डेंटल इंप्लांट सर्जरी की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने की कार्यशाला

**अमृत विचार।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने रविवार को व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन होटल विजय इंटरकॉन्टिनेंटल तिलक नगर में किया। इसमें प्रदेशभर से लगभग 100 से ज्यादा डेंटल सर्जन ने भाग लिया। 25 चुने हुए प्रतिभागियों ने कृत्रिम जबड़े पर सीटी स्कैन द्वारा बनी गाइड से फिजियो डिस्पेंसर नामक मशीन से कृत्रिम डेंटल इंप्लांट डालकर कृत्रिम सर्जरी की वर्कशॉप में भाग लिया।

उत्तर कोरिया की डेंटल इंप्लांट कंपनी डियो इंप्लांट ने इस कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें दिल्ली से जाने-माने डॉ नवनीत कुमार और लखनऊ से डॉ मोहित रघुवंशी ने व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ इंडियन डेंटल एसोसिएशन कानपुर के अध्यक्ष डॉ अवधेश तिवारी और महासचिव डॉ सौरभ सिंह की अध्यक्षता में वरिष्ठ डेंटल सर्जन डॉ अनिल कुमार मल्होत्रा, डॉ वाईसी मिश्रा, डॉ डीके जयपुरिया डॉ प्रदीप वर्मा और महाराणा प्रताप डेंटल कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ मीतू अग्रवाल और सी.डी.ई. कन्वीनर डॉ अभिनव मिश्रा ने किया। 5 घंटे की इस वर्कशॉप में डेंटल सर्जनों ने नए उपकरणों और नई तकनीक के साथ डेंटल इंप्लांट डालने की तकनीक जानी। डॉ अवधेश तिवारी ने डॉक्टर एके मल्होत्रा को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों को नई तकनीक से रूबरू कराने के लिए पूरे वर्ष हर महीने इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित कराई जाएंगी। इस अवसर पर जॉइंट सेक्रेटरी डॉ वरुण गुप्ता, डॉ अनुज गुप्ता, डॉ शिव कुमार चौहान, डॉ विनय पटेल, डॉ प्रणव ठाकुर, डॉ अनिमेष, डॉ विशाल शर्मा रहे।

## वेल्डिंग करते समय करंट से युवक की मौत

**कानपुर।** कैंट के संजयनगर निवासी 32 वर्षीय संदीप की फीलखाना क्षेत्र में शनिवार को करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। परिजनों के अनुसार करीब एक सप्ताह से संदीप किसी बिल्डिंग में मजदूरी कर रहा था। वहां वेल्डिंग का काम करते समय वह करंट की चपेट में आ गया। जानकारी होने पर बिल्डिंग मालिक ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पाकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। खबर पर फीलखाना पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला व वृद्धा की मौत

**कानपुर।** रेलवे लाइन पार करते समय अलग-अलग स्थानों पर महिला व वृद्धा की ट्रेन के चपेट में आकर मौत हो गई। महिला हैलट से दवा लेकर जा रही थी, जबकि वृद्धा खेत से घर लौट रही थी। साढ़ के देवरा गांव निवासी 49 वर्षीय मुन्नीदेवी शनिवार सुबह डॉक्टर को दिखाने हैलट आई थी। मौसेरे भाई शिवशंकर ने बताया कि दवा लेने के बाद मुन्नीदेवी गोल चौराहा के पास रेलवे लाइन पार कर रही थीं। इसी बीच ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। शिव शंकर के अनुसार एक साल पहले उनके पति रामकुमार की मौत हो चुकी है। मां का शव देखकर बेटी राधा व रेखा फफक पड़ीं। वहीं सचेंडी में धर्मंगदपुर निवासी 65 वर्षीय वृद्धा फुलवासा शनिवार देर शाम भाऊपुर स्थित अपने खेत पर गईं थीं। वहां से लौटते समय रेलवे लाइन पार कर रही थीं, तभी ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी ने जांच-पड़ताल की।

भाजपा

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में मंडल गठन की प्रक्रिया हुई शुरू, क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बैठक की

# 60 कार्यकर्ताओं की मंडल कमेटी, इसी सप्ताह घोषणा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय मुख्यालय में की बैठक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में मंडल गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। रविवार को इसको लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय मुख्यालय में बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मंडल में 60 कार्यकर्ताओं की एक मंडल कमेटी गठित होगी। जिसमें मंडल अध्यक्ष के अतिरिक्त 6 उपाध्यक्ष 2 महामंत्री 6 मंत्री 1 कोषाध्यक्ष होंगे। पाल ने बताया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि हर शक्ति केंद्र से कम से कम एक पदाधिकारी मंडल कमेटी में प्रतिनिधित्व करे। निर्देशित किया कि मंडल स्तर के पदाधिकारी कम से कम इंटरमीडिएट पास होने चाहिये। इसी सप्ताह कमेटी की घोषणा होगी।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने 17 जिलों के जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और जिला प्रवासियों से कहा कि मंडल गठन में सामान्य, पिछड़ा, अनुसूचित जाति, महिला एवं अन्य सभी वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जानकारी दी कि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र में कुल 254 मंडल हैं, जिनमें से 200 मंडलों की सूची का रविवार को अनुमोदन किया गया। यह सूची संबंधित जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं जिला प्रवासियों द्वारा प्रस्तुत की गई थी। प्रकाश पाल ने कहा कि पार्षद का चुनाव लड़ चुके कार्यकर्ताओं को कमेटी में उचित स्थान दिया जाए। कम से कम 40 फीसदी नए कार्यकर्ताओं को मंडल कमेटियों में शामिल किया जाए। ताकि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके। पाल ने स्पष्ट किया कि यह मंडल कमेटियां वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा कीध्वजवाहक होंगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे संगठन के इस नवाचार को धरातल पर उतारने के लिए निष्ठा और समर्पण से कार्य करें। वहीं, बचे हुये मंडल अध्यक्षों की घोषणा सोमवार को हो सकती है।

● मंडल पदाधिकारी का इंटर पास होना जरूरी, पार्षदी लड़ चुके लोग भी शामिल

### 3 दिन में मंडल गठन की घोषणा होगी

● क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि मंडल गठन के प्रदेश नेतृत्व के मानकों निर्देश सभी मंडलों में लागू होगा। 3 दिन में मंडल गठन की घोषणा की जाएगी। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री राम किशोर साहू, पूनम द्विवेदी, शिव महेश दुबे, आनंद सिंह, अशोक राजपूत, अनिल यादव, सुनील तिवारी, देवेंद्र देव गुप्ता, राधेश्याम पांडे, जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित, शिवराम सिंह, उपेंद्र पासवान, रेणुका सचान, अन्नू गुप्ता, मुखलाल पाल, उर्विजा दीक्षित, सर्वेश कठेरिया सहित सभी जिला अध्यक्ष प्रभारी प्रवासी मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2023 अनुक्रमांक 23145087 की अंक तालिका व सनद वास्तव में कहीं खो गई है। **शुभम पुत्र सुभाषचंद्र निवासी विधीचंद्र, औरैया**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सीमा कटियार पत्नी संतोष कटियार निवासी एलआईजी 20तात्या टोपे नगर फेस 3 कानपुर नगर** मेरे कालोनी के कागज वास्तव मे खो गए है ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अजीत कुमार पुत्र सूरज लाल व श्रीमती रूपा पत्नी अजीत कुमार निवासीगण ग्राम जरखा पोस्ट कन्दरौला थाना कोतवाली फतेहपुर जिला बाराबंकी ।** मैने अपने बडे पुत्र यश कुमार के गलत चाल-चलन के कारण अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ उपरोक्त द्वारा कोई कृत्य, वाद-विवाद, लेन देन, या किसी प्रकार का कोई कृत्व यदि करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है न किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार ही रहेगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **जामिन पुत्र स्व. मुल्ला, निवासी-वार्ड नं0-8, अहमदपुर खेड़ा, थाना-इटौंजा, जिला-लखनऊ।** मैने अपने पुत्र जुबेर को उसके गलत आचरण, अनैतिक कृत्यों तथा बिना परिवार की सहमति से किसी लड़की से शादी करने से त्रस्त होकर उसे अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से पूर्णतया बेदखल कर दिया है, अब अपने पुत्र जुबेर से कोई भी लेना-देना नहीं है और न ही कोई वास्ता व सरोकार है। किसी भी अनैतिक कृत्य या लेन-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी, यदि जुबेर ने किसी भी महिला से विवाह आदि किया हो, तो इसके जिम्मेदार जुबेर ही होगें, मेरा व मेरे परिवार के लोगों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
• आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
• डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
• पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
• नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढी नाक, टॉन्सिल्स)
• हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

तेज हवाएं, आंधी आने की संभावना है, दो-तीन दिन बाद बारिश के आसार बन रहे हैं।

| 39.0° | 25.3° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:03 |

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# खुदा शहर भगवान भरोसे, बरसात में जान के लाले

## पेयजल कार्य, सीएम ग्रिड की सड़कों के निर्माण की वजह से खुदी पड़ी सड़कें, उस्मानपुर, काकादेव, सिविल लाइंस, शास्त्रीनगर, दादानगर में उड़ रही धूल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर की कई सड़कें महीनों से खुदी पड़ी हैं। जलनिगम की पेयजल लाइनों के डालने, मेट्रो के कार्य व सीएम ग्रिड के काम की वजह से तमाम सड़कों का बुरा हाल है। कई सड़कों पर तो होली के समय से खोदाई चल रही है जो लापरवाही की वजह से पूरी नहीं हुई। ये सड़कें गांव की पगडंडियों से भी बदतर हो चुकी हैं। दोपहिया वाहन तक पलट जाते हैं। दिनभर धूल का गुबार उड़ता रहता है। कई सड़कों पर खुदाई वाले स्थानों पर बैरीकेडिंग तक नहीं है। बरसात आने वाली है, ऐसे में इन सड़कों पर राहगीरों का रपटना और हादसे होना तय है। कुल मिलाकर खुदा शहर खुदा के हवाले है। न अधिकारी निरीक्षण करते हैं और न जनप्रतिनिधि। अधिकारियों के अनुसार अब बरसात के बाद ही सड़कों का बनना शुरू होगा।

**16 किमी. लंबी मुख्य पाइप लाइन का हो रहा सुधार:** कंपनीबाग चौराहे से फूलबाग में बने इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन तक और दक्षिणी क्षेत्र में कंपनीबाग चौराहे से वीआईपी रोड, रावतपुर गुटैया क्रॉसिंग, डबल पुलिया, विजयनगर चौराहा, शास्त्रीचौक, सचान चौराहा, दीप टाकीज तिराहा होते हुए जूही गौशाला चौराहे तक 16 किलोमीटर लंबी राइजिंग मेन (मुख्य पाइपलाइन) का सुधारीकरण हो रहा है। इसमें लोहे के पाइप डाले जा रहे हैं। इस वजह से सड़कें खोदी गई हैं। अब बरसात में यहां चलना दूभर होगा।


तिलक नगर व सिविल लाइंस में खुदी सड़क। अमृत विचार


काकादेव में खोदाई के बाद सड़क चलने लायक नहीं बनाई गई। अमृत विचार

### ऐसे बदली जाएगी पाइपलाइन

| कार्य का नाम | लंबाई | लागत | ठेकेदार कंपनी |
|---|---|---|---|
| कंपनीबाग चौराहे से फूलबाग | 4.1 किमी | 29 करोड़ | जेनको बिल्डकॉम प्रा.लि. |
| कंपनीबाग चौराहे से दादानगर | 4.86 किमी | 41.60 करोड़ | गंगा इंफ्राबिल्ट व सुपरकंस्ट्रक्शन |
| सीटीआई से जूही गोशाला | 5.32 किमी | 31.73 करोड़ | गंगा इंफ्राबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड |

### सीएम ग्रिड की 13 सड़कों का निर्माण



- शहर में नगर निगम सीएम ग्रिड योजना के तहत 13 सड़कों का निर्माण होना है। इस योजना के तहत दक्षिण में अलंकार गेस्ट हाउस से बाबा कुटी व कर्रही से नौबस्ता जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य जारी है। यहां इसकी वजह से फुटपाथ का बड़ा हिस्सा खोदकर डाल दिया गया है। इससे सड़क पर दिनभर धूल उड़ रही है। बरसात में यहां खोदे गए गड्ढों में पानी भरना तय है।

### उस्मानपुर सड़क व साकेत नगर में भी खोदाई

- इसी तरह दूसरे पॉकेट में दक्षिण में लोहे के पाइप लाइन डालने के लिये उस्मानपुर की सड़क को खोद दिया गया है। यहां साकेत नगर सब्जी मंडी से उस्मानपुर चौराहे तक जाना आफत है। होटल एमवीआर चौराहे से अंदर टेलीफोन एक्सचेंज जाने वाले मार्ग को भी खोदकर छोड़ दिया गया है। सड़क को मोटरेबुल न करने की वजह से राहगीर दिनभर परेशान हो रहे हैं। बरसात में वैसे भी इस सड़क पर जलभराव होता है। गड्ढों की वजह से यह जानलेवा साबित हो सकते हैं।

### खोदाई के यह नियम

- सुरक्षा के लिए गड्ढों के चारों तरफ बैरिकेड्स लगाई जाएं।
- लाल रंग से लिखा सावधान बोर्ड भी लगा होना चाहिए।
- मिट्टी उड़ने से रोकने को पानी का छिड़काव हो।
- कर्मचारियों के पास सेफ्टी किट हो।
- बरसात से पहले हुये कार्य को मोटरेबुल किया जाए

उस्मानपुर सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। एक लेन में गाड़ियां चल रही हैं। पानी बरसा तो फिर मिट्टी धंसेगी ऐसे में हादसे का डर है।
– शिवा मिश्रा, बर्रा

हमें तो यह नहीं समझ में आता आए दिन शहर में खोदाई होती है। सड़क के दुश्मन हैं। नई-नई सड़कों को खोद दिया गया। पैसा बर्बाद हो गया।
– अनिल विश्नोई, कल्याणपुर

पूरा शहर खुदा है। हर तरफ बैरीकेडिंग लगी है। सड़क पर उड़ती धूल और गड्ढों से चलना दूभर है। जिम्मेदार आंख मूंदकर निकल जाते हैं।
– आकाश दीक्षित, कल्याणपुर

वीआईपी रोड पर सड़क खोदकर डाल दी गई है। दिनभर धूल उड़ती है। काकादेव सड़क का भी बुरा हाल है। जल्द बननी चाहिये।
– हर्षिता मिश्रा, काकादेव

खोदाई करें लेकिन जब कार्य पूरा हो जाए तो सड़क मोटरेबुल कर देना चाहिये। लेकिन, ठेकेदार ऐसा नहीं करते हैं। इसलिये समस्या है।
– सुनील कश्यप, आवास विकास

इस बार बरसात हुई तो आफत आने वाली है। मुझे तो लगता है कि पानी भरने से कई जगह सड़कें धंसेंगी। चलने लायक सड़क बना देनी चाहिए।
– राजेश चंदेल, कल्याणपुर

### वीआईपी रोड से डबलपुलिया तक खोदाई

- जेएनएनयूआरएम योजना के तहत डाली गई पेयजल लाइनों के सुधार कार्य के लिये जल निगम पहले पॉकेट में कंपनी बाग चौराहे से फूलबाग, रावतपुर से काकादेव होते हुये विजय नगर व दादानगर तक गहरी पेयजल लाइन में लोहे के पाइप डाल रहा है। यह काम गंगा इन्फ्राबिल्ट और सुपर कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है। इस कार्य की वजह से तिलक नगर व सिविल लाइंस में सड़कें खुदी पड़ी हैं। इसमें दिनभर धूल उड़ती रहती है। वहीं, गुटैया क्रासिंग से देवकी चौराहे व नीरक्षीर से डबलपुलिया जाने वाली सड़क भी महीनों से खोद दी गई है। यहां नियमों का पालन नहीं किया गया। यहां गड्ढों और उड़ती धूल से दिनरात लोग जूझ रहे हैं। यदि ऐसे में बरसात शुरू हुई तो राहगीरों को बड़ी समस्या हो सकती है।

### दादा नगर में भी पाइप लाइन डालने में खोदाई

- दादानगर पुल से विजयनगर की ओर आने पर मेट्रो के काम के कारण संकरी हुई पूरी सड़क खोद दी गई है। विजयनगर चौराहे तक खोदाई के बाद सड़क मोटरेबुल नहीं की गई है। खोदाई से निकली मिट्टी सड़क पर डाल दी गई है जो ऊबड़-खाबड़ हो गई है। अति व्यस्त इस रोड पर दिनभर वाहन डगमगाते चलते हैं। कई दोपहिया वाहन तो पलट जाते हैं। दिनभर मिट्टी उड़ती रहती है।

### एक नजर

#### प्राणि उद्यान के निदेशक बने महावीर

**कानपुर।** बुंदेलखंड वृत्त झांसी के वन संरक्षक महावीर कौजालगी को कानपुर प्राणि उद्यान का निदेशक बनाया गया है। पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-1 उत्तर प्रदेश शासन की संयुक्त सचिव नीरजा सक्सेना ने तत्कालिक प्रभाव से यह नियुक्ति की है। बता दें कि शेर पटौदी की बर्ड फ्लू से मौत के बाद से चिड़ियाघर बंद है।

#### जिला विकास अधिकारी का तबादला

**कानपुर।** जिला विकास अधिकारी गजेंद्र प्रताप सिंह का तबादला कानपुर नगर से इसी पद पर लखीमपुर खीरी किया गया है। उत्तर प्रदेश शासन के ग्राम्य विकास अनुभाग-1 के अनु सचिव अजय कुमार मिश्र ने यह आदेश जारी किया है।


सांसद रमेश अवस्थी को ज्ञापन सौंपा गया। अमृत विचार

# गंगा पर प्रस्तावित पुल का जल्द हो शिलान्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● ट्रांस गंगा सिटी रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन ने दिया सांसद को ज्ञापन

**अमृत विचार।** ट्रांस गंगा सिटी को शहर से जल्द जोड़ने की मांग तेज हुई है। ट्रांस गंगा सिटी रेजीडेन्ट्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सांसद रमेश अवस्थी को ज्ञापन देकर गंगा नदी पर जल्द पुल के शिलान्यास की मांग की है। पदाधिकारियों ने कहा कि इस पुल के वे दस साल से इंतजार कर रहे हैं।

संस्था के अध्यक्ष दीपक द्विवेदी ने कहा कि योजना के तहत आवंटियों को सितंबर 2015 में ट्रांस गंगा सिटी परियोजना में भूखण्ड आवंटित किये गये थे। परियोजना में भूखण्ड पाये सभी आवंटियों की ओर से यूपीसीडा के नियम एवं शर्तों के अनुसार भूखण्ड की पूरी कीमत भी अदा की जा चुकी है। भूखण्डों की कुल कीमत में पुल की अनुमानित लागत जुड़ी हुई है। ऐसे में परियोजना की लॉंचिंग के समय उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने वर्ष-2015 में परियोजना को कानपुर से सीधे जोड़े जाने के लिए गंगा नदी पर एक अतिरिक्त पुल बनाये जाने का वादा किया था। बावजूद इसके पुल का इंतजार वे लोग अभी तक कर रहे हैं। परियोजना के तहत अधिकांश आवंटी कानपुर के है इसलिए सभी आवंटी को पुल के बनने की आस है। इसके अलावा शहर के बीच से प्रतिदिन लाखों लोग लखनऊ आते जाते है। उन्नाव से भी हजारों लोग रोजगार के लिए कानपुर में आते जाते हैं। उन्नाव शुक्लागंज पुराना पुल जर्जर है। जो उन्नाव से कानपुर कैंट साइड नया पुल बना है उस पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसी स्थिति में परियोजना के तहत प्रस्तावित पुल का जल्द निर्माण कराया जाना जरूरी है। एसोसिएशन की ओर से पुल का नाम अटल सेतु रखे जाने की भी मांग की गई है।

# सिल्ट निकालकर नाला खुला छोड़ा, अधेड़ की जान गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गीतानगर में खुले नाले में गिरने से मौत

**अमृत विचार।** नगरनिगम की लापरवाही से एक अधेड़ की जान चली गई। रविवार दोपहर गीतानगर क्रासिंग के पास खुले नाले में गिरकर अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास में जुटी है।

गीतानगर के लोगों ने बताया कि नगरनिगम की टीम ने क्षेत्र में नालों की सफाई की थी। कर्मियों ने नालों की सफाई के बाद सिल्ट तो उठवा ली, लेकिन जहां से नाले की स्लैप हटाकर सिल्ट निकाली, उसे नहीं बंद कराया। रविवार सुबह करीब 11 बजे गीतानगर क्रासिंग के पास एक 50 वर्षीय अधेड़ खुले नाले में गिर गया। घटना की जानकारी होने पर आसपास के दुकानदार दौड़े, लेकिन नाला करीब 7-8 फिट गहरा होने के कारण नाले में गिरे अधेड़ को निकालने में समस्या हुई। पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने अधेड़ को बाहर निकाला और इलाज के लिए हैलट भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# धूप-उमस ने किया अचेत, 18 की गई जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सूरज की तपिश और उमस से हालत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचे पांच लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं विभिन्न थानाक्षेत्रों में सड़क किनारे व सेंट्रल पर 13 लोग मृत मिले। पुलिस और परिजनों ने हीट स्ट्रोक से मौत की आशंका जताई है।

हनुमंत विहार के खाड़ेपुर निवासी 60 वर्षीय श्रीराम गोल चौराहा के पास कृष्णा बस सर्विस में हेल्पर थे। बस चालक अशोक ने बताया कि शनिवार श्रीराम बस में ही सो गये थे। सड़क किनारे खड़ी बस में उमस के कारण उनकी हालत बिगड़ गई। रविवार सुबह वह बेसुध पड़े थे। उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं ग्वालटोली के अहिराना निवासी 38 वर्षीय पप्पू पत्थर घिसाई का काम करते थे। छोटे भाई अजय ने बताया कि शनिवार को वह झांसी से घर लौट रहा था। रास्ते में एक स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर उसने पानी पिया और उसकी हालत बिगड़ गई। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार नवाबगंज में संजयपुरम आजाद नगर निवासी 35 वर्षीय अनिल कुमार सविता स्वरूपनगर में एक बंगले में गार्ड था। बड़े भाई अशोक कुमार ने बताया कि 13 जून को नाइट डयूटी के दौरान गर्मी से उसकी हालत बिगड़ गई। अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चकेरी में चंदनू के खपरी गांव निवासी 55 वर्षीय छत्तू निषाद मजदूरी करते थे। वह श्यामनगर इलाके में कमरा लेकर रहते थे।

चकेरी थाने के समीप शनिवार को उनकी हालत बिगड़ी और कुछ ही देर में सांसें थम गईं। फीलखाना क्षेत्र में नवाबगंज निवासी ई-रिक्शा चालक 35 वर्षीय राकेश कनौजिया की एक्सप्रेस रोड स्थित शनिदेव मंदिर के पास शनिवार को अचानक हालत बिगड़ी और कुछ देर में उसने दम तोड़ दिया।

### इधर-उधर पड़े मिले 13 अज्ञात शव

रविवार को शहर में विभिन्न थानाक्षेत्रों में सड़क किनारे मिले 13 अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस ने लू से मौत की आशंका जताई है। चकेरी में 50 वर्षीय युवक, अनवरगंज में 40-50 वर्षीय, जीआरपी सेंट्रल पर 60 वर्षीय वृद्ध, कल्याणपुर में 65 वर्षीय बुजुर्ग, जाजमऊ में 40 वर्षीय युवक, नौबस्ता में 40 वर्षीय युवक, सचेंडी में 32 वर्षीय, फजलगंज में 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला। काकादेव में 45 व 50 वर्षीय दो शव मिले, गोविंदनगर में 45 वर्षीय और कोतवाली में 50 वर्षीय अधेड़ का शव मिला। आसपास के लोगों ने लू से मौत की आंशका जताई है।

निरोगी काया | जिला प्रशासन व आयुष विभाग की पहल, सांसद रमेश अवस्थी ने शुभारंभ किया

# योग सप्ताह शुरू, नानाराव पार्क में किया योगाभ्यास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन व आयुष विभाग की ओर से 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह का शुभारंभ फूलबाग स्थित नानाराव पार्क में हुआ। मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी ने योग सप्ताह का शुरू कराया। सांसद के साथ जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने भी योगाभ्यास किया। योग सप्ताह के तहत 15 से 21 जून तक शहर में विभिन्न स्थलों पर योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित होंगे। योग शिक्षक लोगों को योगाभ्यास कराएंगे। योग के माध्यम से आमजन को शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शांति के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि करें योग, रहें निरोग। अधिक से अधिक संख्या में इस योग सप्ताह में होने वाले योग अभ्यास में शामिल हों। खुद के साथ परिजन व दूसरों को भी योग सप्ताह में लेकर पहुंचे। 21 जून को ग्रीनपार्क स्टेडियम में आयोजित मुख्य योग कार्यक्रम में भाग लेकर योग को जन आंदोलन बनाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन में यदि स्वास्थ्य है, तो सब कुछ है। कहा जाता है कि पहला सुख निरोगी काया। इसे पाने के लिए योग का नियमित अभ्यास जरूरी है। योग कार्यक्रम के बाद क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने टीम के साथ स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को स्वच्छ किया।


नानाराव पार्क में योग करते लोग। अमृत विचार

# रात के तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज

**कानपुर।** शहर में तपिश भरी गर्मी ने शहरवासियों को राहत दी। रविवार को रात के तापमान में लगभग 5 तो दिन के तापमान में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट रही। सीएसए विवि के मौसम विभाग की ओर से रविवार को अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि शहर में आने वाले पांच दिनों मे हल्के बादल रहने के कारण 16 से 18 जून के मध्य तेज हवाओं, गरज़ चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा रहने की संभावना है।

# सूबेदारगंज से बांद्रा तक विशेष ट्रेन 7 से चलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेलवे ने सूबेदारगंज प्रयागराज से बांद्रा टर्मिनस तक साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष ट्रेनें चलाने की घोषणा की है।

उत्तर मध्य जोन के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि गाड़ी संख्या 04125 सूबेदारगंज से प्रत्येक सोमवार को 7 जुलाई 25 से 29 सितंबर 25 तक संचालित होगी जबकि गाड़ी संख्या 04126 प्रत्येक मंगलवार को 8 जुलाई 25 से 30 सितंबर 25 तक संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 04125 सूबेदारगंज से सुबह 5.20 बजे, गोविंदपुरी कानपुर सुबह 8 बजे, इटावा 9.48 बजे, गंगापुर सिटी दोपहर 3.43 बजे, दूसरे दिन को सायं 5.40 बजे कोटा पहुंचेगी। गोधरा रात 3.15 बजे, उधना सुबह 5.28 बजे, बांद्रा टर्मिनस सुबह 9.30 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04126 बांद्रा टर्मिनस से सुबह 11.15 बजे रवाना होगी। रतलाम रात 8.35 बजे, फतेहपुर सीकरी सुबह 5.49 बजे, इटावा सुबह 9.23 बजे, गोविंदपुरी कानपुर दोपहर 12.50 बजे, फतेहपुर दोपहर 1.58 बजे पहुंचेगी।

# दुष्कर्म आरोपी से शादी की, फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति को वीडियो कॉल करके फंदे पर झूल गई पत्नी
- रोज होती थी कलह गोविंदनगर का मामला

**अमृत विचार।** काम पर गए पति को वीडियो कॉल कर घरेलू कलह की शिकायत की, फिर कहा, आत्महत्या करने जा रही है। युवक ने ससुरालियों को इसकी जानकारी दी। परिजन जब तक कमरे में पहुंचे, युवती फंदे पर लटक चुकी थी। परिजन उसे उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत बता दिया। युवती ने प्रेम प्रसंग का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले को जेल से छुड़ाकर शादी की थी। शनिवार रात जब उसने खुदकुशी की तब वह मायके में थी।

गोविंदनगर क्षेत्र में रहने वाली महिला ने बताया कि उनकी बेटी का पांच साल पहले हरदोई के युवक से प्रेम प्रसंग था। बेटी उस समय नाबालिग थी। युवक ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया था। मामले में गोविंदनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। तीन माह बाद जब बेटी बालिग हो गई तो उसने युवक को जेल से छुड़ाकर प्रेम विवाह कर लिया, जबकि युवक के परिजन शादी के विरोध में थे। ससुरालियों ने बेटी को प्रताड़ित भी किया। इधर दो साल से बेटी उनके साथ मायके में ही रह रही थी।

दामाद किदवईनगर स्थित एक होटल में नौकरी करता और वहीं रहता था। घर आता-जाता था। बेटी के एक चार साल का बेटा भी है। महिला के अनुसार दोनों के बीच झगड़ा होता रहता था। बेटी ने शुक्रवार रात दामाद को वीडियो कॉल किया और उसके बाद फांसी लगा ली।

### युवक ने फांसी लगा जान दी

**कानपुर।** हनुमंत विहार के राजेंद्रनगर गल्लामंडी निवासी 30 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह ने शनिवार देर रात घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। घरवालों के अनुसार वह लखनऊ में एक फैक्ट्री में नौकरी करता था। शनिवार को पत्नी कोमल से झगड़ा हुआ था। इसके बाद उसने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। रविवार सुबह जब वह कई घंटे कमरे से बाहर नहीं आया तो परिजनों ने जाकर देखा। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद जब कोई जवाब नहीं मिला तो दरवाजा धकियाकर अंदर गए। पंखे के कुंडे से शव लटका देखा।

# रामादेवी फ्लाईओवर पर ट्रैफिक रोका, लंबा जाम

## लखनऊ पुलिस भर्ती समारोह में जा रहे वाहनों को पहले निकाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लखनऊ में पुलिस भर्ती समारोह में जाने वाले वाहनों को निकालने के लिए रामादेवी फ्लाईओवर पर यातायात पुलिस ने ट्रैफिक संचालन रोक दिया। घंटों वाहनों को रोके रखा गया जिससे हाईवे पर कई किमी लंबा जाम लग गया।

रविवार को दोपहर से ही रामादेवी फ्लाईओवर पर ट्रैफिक पुलिस की टीम ने वाहनों के आवागमन को रोक दिया ताकि पुलिस भर्ती का नियुक्ति पत्र लेने के लिए लखनऊ जा रहे हजारों जवानों के वाहनों को समय से लखनऊ पहुंचने दिया जाए। इसी के चलते दोपहर से शाम तक भौंती, चकेरी, नौबस्ता बाईपास, पनकी तक वाहनों की लंबी कतारें लग रहीं। इस जाम में कई एंबुलेंस भी फंसी रही हालांकि सर्विस लेन पूरा खाली रहा लेकिन फ्लाईओवर से सर्विस लेन पर जाने का कोई रास्ता ही नहीं था जिससे लोग फंसे रहे।



भौंती-चकेरी हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। अमृत विचार

### लखनऊ जाना मुहाल, गंगा बैराज होकर गए

अपने निजी वाहनों से लखनऊ जाने वालों के लिए काफी लंबा रास्ता तय करना पड़ा। पनकी की ओर से रामादेवी हाईवे से जाजमऊ होते हुए लखनऊ जाने वालों ने इतना लंबा जाम देखकर हाथ खड़े कर दिए और वहीं से गद्दियाना होते हुए सुजातगंज मार्ग से सीओडी पुल पर निकले। यहीं से जरीब चौकी होते हुए काफी लंबा सफर तय करके नवाबगंज होते हुए गंगा बैराज के रास्ते उन्नाव में जाकर निकले।

प्रयागराज से दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को रामादेवी फ्लाईओवर पर रोके रखा गया है। दरअसल लखनऊ में पुलिस भर्ती के जवानों को नियुक्ति पत्र बांटने के समारोह में पहुंचने के लिए सैकड़ों परिवहन बसों को लगाया गया है। इन वाहनों को समय से लखनऊ पहुंचाने के लिए सभी रास्तों का ट्रैफिक रोक दिया गया है।

# शिक्षकों की छुट्टियां बढ़ाने को सीएम को पत्र

**कानपुर।** एमएलसी अरुण पाठक ने भीषण गर्मी और तपिश को देखते हुए शिक्षकों की छुट्टियां बढ़ाए जाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। कानपुर उन्नाव स्नातक खंड क्षेत्र से एमएलसी अरुण पाठक ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों को 30 जून तक बंद रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। पारा 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो रहा है। ऐसे में शिक्षकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ेगा। एमएलसी अरुण पाठक ने बताया कि वर्तमान स्थिति में प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक, लू से स्वास्थ्य खराब होने एवं मृत्यु तक की घटनाएं सामने आ रही हैं। मौसम विभाग द्वारा भी लगातार तापमान वृद्धि की चेतावनी जारी की जा रही है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाओं को दूर दराज स्कूलों में उपस्थित देना उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत कष्टप्रद होगा, बच्चों की विद्यालय में उपस्थित न होने पर शिक्षण कार्य भी संभव नहीं है। आवश्यकता होने पर प्रशासकीय एवं अन्य कार्यों को ऑनलाइन वर्क फ्रॉम होम की तर्ज पर कराये जा सकते हैं।

# पांच लाख दो, नहीं तो पांच गोलियां खाओ

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- गैंगस्टर ने मांगी रंगदारी, पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अगर फरारी के लिए पांच लाख रुपया नहीं दिया तो तुझपर पांच गोलियां खर्च कर दूंगा। गैंगस्टर की धमकी से परेशान युवक ने अनवरगंज पुलिस, पुलिस कमिश्नर के बाद मुख्यमंत्री से भी गुहार लगाई लेकिन सुनवाई न होने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी गैंगस्टर, उसके भाई व बहन सहित पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

अनवरगंज के आजम बेग गड़ईया निवासी फैज हसीन ने बताया पहले वह प्रयागराज में नौकरी करता था। पुरानी रंजिश के चलते गड़ईया की रहने वाली अमरीन बानों का गैंगस्टर भाई कामरान उर्फ छोटू जो प्रयागराज में ही रहता है उसको परेशान करने लगा। उसने तीन लाख रुपये रंगदारी मांगी। उसकी मौसी ने प्रयागराज के कर्नलगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया। उसके बाद से कामरान और उसके भाई ईशान उर्फ शालू उसे धमकाने लगे। डरकर उसने नौकरी दौड़ दी और कानपुर आ गया। यहां भी उसका आरोपियों ने पीछा नहीं छोड़ा। बीती 21 अप्रैल को शाम 4.30 बजे अमरीन बानो, ओसामा रसूल निवासी नई सड़क व कामरान, ईशान ने उसे उसके घर के बाहर रोक लिया और गालियां देते हुए कहा, तेरी चाल बहुत खुल गई है। अगर हमें फरारी के लिए रुपये नहीं देगा तो एक मुकदमा और सही। रिवाल्वर लगाकर कहा कि पांच लाख का इंतजाम कर लेना, नहीं तो पांच गोलियां खर्च कर दूंगा। धमकी देकर आरोपी चले गए, उसके बाद उसने अनवरगंज थाने में शिकायत की। कर्रवाई न होने पर एक मई को मुख्यमंत्री व पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाई। उसके बाद न्यायालय की शरण ली।

मामले में कोर्ट के आदेश पर अमरीन बानो, कामरान, उसका भाई ईशान, ओसामा रसूल, इश्तियाक रसूल व मऊ का बकास के खिलाफ रिपोर्ट हुई है। पीड़ित युवक के अनुसार कामरान पर प्रयागराज, कानपुर व उन्नाव में कई मुकदमें दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच की जा रही है।



शौर्य यात्रा निकालते क्षत्रिय संगठनों के सदस्य। अमृत विचार

# क्षत्रिय संगठनों ने निकाली स्वाभिमान शौर्य-यात्रा, गूंजा जय राजपूताना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** क्षत्रिय संगठनों ने वीर शिरोमणि क्षत्रिय हिंदू सम्राट महाराणा प्रताप स्वाभिमान शौर्य यात्रा साकेत नगर स्थित रेलवे ग्राउंड से निकाली जो विभिन्न मार्गों से होते हुए जरीब चौकी में समाप्त हुई। शौर्ययात्रा में जय मां भवानी, जय राजपूताना के नारे लगाए गये। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया की अगुवाई में शौर्य यात्रा निकाली गयी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश के महापुरुषों को समर्पित स्वाभिमान शौर्य यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं को अपने धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना होगा। उन्होंने कहा कि देश में जब कभी आक्रांताओं ने घुसपैठ की कोशिश की है हमारे मातृभूमि के वीर सपूतों ने उन्हें धूल चटाने का कार्य किया। विभु ठाकुर, संजय भदौरिया, डॉ. यूएस सिंह, हेमंत सिंह सेंगर, पंकज राजावत, पंकज तोमर, रणधीर चौहान, सूरज ठाकुर, रोहित वैश्य, हिमांशु भदौरिया, जितेंद्र पटेल आदि थे।

# सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर खोए बैग यात्रियों को लौटाए

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल मेट्रो स्टेशन पर खोए दो अलग-अलग बैग रविवार को मेट्रो प्रशासन ने यात्रियों की सही पहचान कर लौटा दिये। यूपीएमआरसी ने बताया कि क्रीम रंग का लेडीज बैग, जिसमें 7000 रुपये नगद, एक वीवो मोबाइल फोन और आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे। सुबह 10 बजे एक्स-बिस मशीन चेकिंग प्वाइंट के पास पाया गया। यह बैग कल्याणपुर निवासी कुसुम लता श्रीवास्तव का था। जिसे सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें सौंप दिया गया। वहीं, एक अन्य काला रंग का बैग, जिसमें 2200 रुपये नगद, ओप्पो ईयरबड्स और कपड़े थे, ठीक उसी स्थान एक्स-बिस मशीन चेकिंग प्वाइंट के पास सुबह 10:30 बजे पाया गया। यह बैग इम्प्रियल हाइट्स, कल्याणपुर निवासी अभिजीत विश्वास का था जिनकी सही पहचान के बाद सौंपा गया।

# स्वास्थ्य सबके लिए सर्वोपरि: सांसद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वास्थ्य सबके लिए सर्वोपरि है। अगर आप अस्वस्थ हैं तो धन, पद और प्रतिष्ठा के कोई मायने नहीं हैं। स्वास्थ्य मेला का आयोजन करके सामाजिक सेवा को समर्पित संस्था युग प्रहरी ने प्रेरणादायक कार्य किया है। ये विचार सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने व्यक्त किए। वे रतनलाल नगर स्थित होटल आरआर ग्रांड में सामाजिक संस्था युग प्रहरी के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

शिविर में रामा अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और स्टॉफ ने 350 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरतमंदों को निशुल्क दवा द। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट मनोज सिंह ने अतिथियों कोपेस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, प्रेस क्लब अध्यक्ष सरस वाजपेयी, महामंत्री शैलेश अवस्थी, सुनील गुप्ता आदि का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी, पूर्व विधायक अजय कपूर उपस्थित रहे। रामा अस्पताल के सीएमएस ब्रजेश कुमार ने बताया कि 60 लोगों ने ईसीजी कराया। 180 लोगों ने ब्लड शुगर और बीपी, 10 लोगों ने नाक-कान-गले का परीक्षण कराया। इस मौके पर 70 एवं 70 वर्ष के ऊपर आयु वर्ग के 45 वृद्धिजनों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए। सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेगी ने रामा अस्पताल के सभी चिकित्सकों और स्टॉफ को सम्मानित कर कैम्प का समापन किया। इस मौके पर पार्षद जीतेंद्र वाजपेयी, पार्षद गुंजन लाल शर्मा, निरंकार सिंह चौहान, शशिकांत मिश्रा, मोना मिश्रा, एडवोकेट बलवीर सिंह परिहार, एडवोकेट सुरेंद्र सिंह चौहान, अंकित सैनी, चेतन भदौरिया, नव तिवारी, संदीप मिश्रा, अंकुर गुप्ता, अंगद दीप सिंह, संजय सिंह, विष्णु गुप्ता, लवी श्रीवास्तव, राहुल भदौरिया, अमित भदौरिया, दिव्यांश मिश्रा, अविशेष सचान, धर्मेंद्र सिंह, अखिलेन्द्र आदि उपस्थित रहे।



युग प्रहरी के शिविर का उद्घाटन करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले। अमृत विचार

**कांग्रेस** | कहा, राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार जाति जनगणना कराने जा रही

# निजी अस्पतालों के दलाल चला रहे सरकारी अस्पताल : खाबरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कानपुर महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष पवन गुप्ता ने संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते हुए आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह फेल हो चुकी हैं। निजी हॉस्पिटलों के कुछ दलाल सरकारी अस्पतालों को अपने हिसाब से चला रहे हैं जिससे गरीबों तक चिकित्सा नहीं पहुंच पा रही है।

रविवार को कानपुर महानगर कांग्रेस द्वारा संविधान बचाओ सम्मेलन में छावनी विधानसभा में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं दलित समाज के वरिष्ठ नेता बृजलाल खाबरी ने कहा कि भाजपा के राज में बिजली कटौती से लोग बिलबिला रहे हैं और मानसिक शारीरिक रूप से बीमार हो रहे हैं। लोगों में गुस्सा है और बिजली विभाग के अफसर फोन नहीं उठाते। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यकों के अधिकारों को छीनकर भाजपा सरकार संविधान की परिभाषा बदलना चाहती है। देश में जातिगत जनगणना की मांग केवल राहुल गांधी की आवाज थी जिसके कारण सरकार को झुकना पड़ा। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने कहा कि छावनी में इस बार हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़कर छावनी को दोबारा मजबूत किया जाएगा।

कांग्रेस की सरकार आने पर ही सही मायने में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज का उत्थान हो सकता है। पूर्व विधायक सोहेल अंसारी, पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्रा, आलोक मिश्रा, पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, हरप्रकाश अग्निहोत्री, नरेश त्रिपाठी, कनिष्क पांडे, रितेश यादव, संजय दीक्षित, नदीम सिद्दीकी आदि थे।



बृजलाल खाबरी, पवन गुप्ता, भूधर नारायण का स्वागत किया गया। अमृत विचार

# कांग्रेस की चौपाल में पंचायत चुनाव जीतने की हुंकार भरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कांग्रेस ने महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के सरसौल के हरचंद खेड़ा गांव में किसानों के बीच चौपाल लगाकर पंचायत चुनाव की तैयारी शुरू करते हुए चुनाव जीतने की हुंकार भरी। कांग्रेसी प्रत्येक गांव में घर-घर जाकर उनकी समस्याओं को जानेंगे और समाधान का प्रयास करेंगे।

रविवार को कानपुर नगर ग्रामीण कॉंग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत महाराजपुर विधानसभा के सरसौल ब्लॉक के हरचंद खेड़ा गांव में चौपाल लगाई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को समझा और ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। चौपाल में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शुक्ला, कुलदीप तिवारी, रामजी दुबे, अनुग्रह प्रताप सिंह, प्रांजल शुक्ला, विजय चौरसिया, अंकित कन्नौजिया, संदीप मिश्रा, बउवन निषाद, अमन सिंह, शिवम पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



अनुराग अस्पताल के बाहर लगी लाइन। अमृत विचार

### 200 मरीजों ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच कराई

**कानपुर।** एसोसिएशन ऑफ सर्जन ऑफ इंडिया की मुहिम को सफल बनाते हुए रविवार को राष्ट्रीय सर्जरी दिवस पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। शारदा नगर स्थित अनुराग हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड में लगे शिविर में दो सौ से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य निशुल्क जांच कराई। शिविर का आयोजन डॉक्टर अनिरुद्ध सिंह सेंगर (जनरल, लेप्रोस्कोपिक) सीनियर सर्जन के नेतृत्व में हुआ। शिविर में शहर के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी शामिल हुए। इन लोगों ने अपनी बीमारियों की निशुल्क जांचें करवाई और परामर्श लिया। सभी मरीजों तीमारदारों को शरबत वितरण भी किया गया। लोगों को स्वस्थ रहने के टिप्स भी दिए गए। वरिष्ठ चिकित्सकों ने बताया कि जंक फूड और तला हुआ भोजन जितना संभव हो बचाव करना चाहिए।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

### बच्चों को किया पुरस्कृत

**कानपुर।** कानपुर कबीर विचार संस्थान ( कबीर कृपा) के तत्वावधान में संत कबीर साहेब जयंती महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों की कला प्रतियोगिता करवायी गई। इसमे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिसा लिया और सभी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि डॉ गोवर्धन लाल को संस्थान के लोगों ने सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में वसुंधरा पूर्व सभासद, डॉ प्रभा कांति वर्मा रहे।



गुरुद्वारा में मौजूद संगत। अमृत विचार

### श्री गुरु हर गोविन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व मनाया

**कानपुर।** गुरुद्वारा दशमेश सिंह सभा, निराला नगर में सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हर गोविन्द साहिब जी का पावन प्रकाश पर्व मनाया गया। रागी जत्थों ने शबद गायन करके संगत को निहाल किया। गुरुद्वारा में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेकने के लिए भारी संख्या में संगत पहुंची। गुरुद्वारा में ज्ञानी अजीत सिंह ने संगत को बताया कि गुरु जी ने मुगल शासक जहांगीर द्वारा ग्वालियर के किले में कैद किए गए 52 हिन्दू राजाओं को आजाद कराया था। इसलिए गुरु जी को बंदी छोड़ भी कहते हैं। इस अवसर पर ज्ञानी अजीत सिंह ने प्रमुख सेवादारों को सरोपा देकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा के प्रधान रणधीर सिंह पिंका, संजय अरोड़ा, आशीष आहूजा, राजकुमार लालडिनानी, मनीष मंधानी, कुलजीत सिंह, गौरव आदि उपस्थित थे।



मृतकों की आत्मा की शांति के लिए हवन किया गया। अमृत विचार

### हादसों में जान गंवाने वालों को दी श्रद्धांजलि

**कानपुर।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे और केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हुई जनहानि को लेकर भारतीय अधिवक्ता युवा मंच ने रविवार को पनकी लोधेश्वर मंदिर में हवन व श्रद्धांजलि सभा की। हवन पूजन के माध्यम से संगठन पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्माओं के लिए शांति की प्रार्थना की। इस दौरान मंच के सदस्यों ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से उन्हें यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। एडवोकेट आयुष सिंह दद्दा, एडवोकेट राज कुशवाहा, अरुण सिंह, अभिषेक सिंह चौहान, शिवम सिंह सिसोदिया, सौरभ कुशवाहा, अजय सिंह परिहार, मयंक दुबे, आज़ाद वारसी, राहुल कुमार, विकास अवस्थी, अभय राज, अमित कुमार, अभय शुक्ला, आयुष अग्रवाल, आदित्य कुशवाहा, स्वप्निल तिवारी आदि रहे।




भारतीय सिंधु सभा ने नेत्र शिविर लगाया। अमृत विचार

### 150 बच्चों की आंखों की जांच, निःशुल्क दिए चश्मे

**कानपुर।** भारतीय सिंधु सभा ने सिंधु सम्राट महाराजा दाहिर सेन की स्मृति में लिटिल चैम्पस आई केयर सेंटर स्वरूप नगर में बच्चों के लिए नि : शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 150 बच्चों के नेत्रों की जांच की और 126 बच्चों को नि :शुल्क चश्मा वितरण किया गया। हीरालाल खत्री, अशोक अगनानी संयोजक किशन तलरेजा, डॉ. शोभी पांडेय, डॉ. शुकांत पांडेय, इंदरजीत सिंह, चंदू खिलवानी, ओम प्रकाश बदलानी, हरीश मतरेजा, जदगीश मखानी, मनीष गखिलानी, लक्की सावलानी, लक्ष्मण खिलवानी, दीपक अंशवानी आदि थे।

# ट्रैक्टर की टक्कर साले की मौत, जीजा गंभीर

## बहन के घर पर रह कर होटल का काम देखता था युवक

संवाददाता बिधनू

**अमृत विचार।** बिधनू शंभुआ आरओबी पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रहे बाइक सवार जीजा-साले को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे साले की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं जीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एलएलआर अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मैनपुरी के बेवंर गांव निवासी भैया लाल सैनी का 22 वर्षीय बेटा राजा कई साल से सजेती हमीरामऊ स्थित बहन ज्योति के घर रह रहा था। यहां पर वह अपने जीजा दीपक के होटल की देखरेख करता था। रविवार दोपहर राजा जीजा दीपक के चचेरे भाई 24 वर्षीय अंकित के साथ बाइक से पनकी स्थित रिश्तेदारी में जा रहा था। तभी शंभुआ आरओबी पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक चला रहे राजा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर को पुल के दूसरी ओर छोड़कर भाग निकला। बिधनू पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को बिधनू सीएचसी भेजा। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने अंकित की नाजुक हालत देखकर एलएलआर अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।


घायल महिला को एंबुलेंस में बैठाता युवक। अमृत विचार

## बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार नौ घायल

**घाटमपुर।** घाटमपुर के सजेती में तेज रफ्तार बोलेरो ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित होकर बोलेरो हाईवे किनारे लगी गार्ड रेलिंग से जा टकराई। हादसे में ऑटो में सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एनएचआई की एंबुलेंस से घायलों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर घायलों को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

सजेती थाना क्षेत्र के जवाहर नाला के पास रविवार शाम कानपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने सामने से आ रहे ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इसके बाद हाईवे किनारे लगी गार्ड रेलिंग में जाकर टकरा गई। हादसे में ऑटो में सवार रामपुर निवासी 28 वर्षीय रामलखन, निबियाखेड़ा निवासी 30 वर्षीय गीता देवी उनका छह वर्षीय बेटा आदित्य, हमीरपुर जिले के सिसोलर तोला गांव निवासी 60 वर्षीय भवानीदीन, निबियाखेड़ा निवासी अनुज, सजेती निवासी 40 वर्षीय प्रदीप उसकी पत्नी 35 वर्षीय रेनू समेत अन्य लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने घायलों को एनएचआई की एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। वहीं गंभीर रूप से घायल गीता, आदित्य, भवानीदीन, प्रदीप, रेनू को कानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


जूही में पौध वितरण करते आयोजक। अमृत विचार

## लोगों को बांटे तुलसी और नीम के पौधे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जश्ने ईद-ए-गदीर के मौके पर जूही डिपो के पास लोगों को तुलसी एवं नीम के पौधों का वितरण किया गया। पौधे लगाओ-जिंदगी बचाओ, एक पेड़ गदीर के नाम का पैगाम दिया गया।


रविवार को ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट की ओर से जश्ने ईद-ए-गदीर पर लोगों को गर्मी से बचाने के लिए शर्बत एवं मिष्ठान व ठंडे पानी वितरण किया गया। इसी के साथ ही पौधे वितरण करके पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। मौलाना अलमदार हुसैन ने बताया कि आज के ही दिन पैगंबर मोहम्मद साहब ने हज से वापस आते समय गदीर के मैदान में दीन मुकम्मल होने का एलान कर दिया था। ये वाक्या कुरान-ए-पाक के सुरए मायदा में मौजूद है। इस मौके पर कमेटी के चेयरमैन शहाब रिजवी, दानिश रिजवी, नायाब आलम, सआदत रिजवी, नजर अब्बास, आमिर अब्बास, शारिब अब्बास, तहसीन हैदर, शफीक हुसैन, सादिक रिजवी, अली अब्बास, सैयद नकवी, आबिस रिजवी, राशिद अली, अली हुसैन आदि मौजूद रहे।

# प्रदेश सचिव बनने राम कुमार का सपाइयों ने किया स्वागत

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की सहमति से, समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव ने रामकुमार गौतम को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इस मनोनयन से गाँव में खुशी का माहौल है।

वहीं रामकुमार गौतम ने कहा कि वे समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। इसके लिये अभी से सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट हो जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को पूरा सम्मान मिलेगा।


रामकुमार का माला पहना कर स्वागत करते सपाई। अमृत विचार

इस अवसर पर वहां पर मौजूद सपाइयों ने रामकुमार गौतम का माला महना कर स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने प्रदेश सचिव के घर पहुंचकर उनका स्वागत किया। विनय यादव ने इस अवसर पर कहा कि बाबा साहब के बनाए संविधान को बचाने के लिए पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज को एकजुट होना होगा और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना होगा। इस अवसर पर विनय यादव, श्याम यादव, बीरेन्द्र वर्मा, रमेश गौतम, राजू पाल, सुनील पाल, संतोष पाल, माखन कुशवाहा, ग्यान चंद्र कोरी, जितेंद्र राजपूत, सुनील यादव, सौरभ कुशवाहा, रतन गौतम, अनिल कुशवाहा सहित कई समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा की नीतियों से कराया अवगत

**घाटमपुर।** मोदी सरकार के सफलतम 11 वर्षों की उपलब्धियों के उपलक्ष्य में घाटमपुर विधानसभा के अंतर्गत रेउना मण्डल स्थित नवलेश्वर मंदिर, शीतलपुर तथा बरीपाल मण्डल स्थित बिहारेश्वर मंदिर, सजेती में प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में घाटमपुर की विधायक सरोज कुरील ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभाग किया। और केंद्र सरकार की नीतियों व योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री वेद सचान ,जिला मंत्री सीमा मिश्रा ,सौरभ त्रिवेदी , पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा राम शुक्ला , मंडल अध्यक्ष बृजेंद्र निषाद एवं अन्य पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

# सीएसजेएमयू में बीए ऑनर्स फिलॉसफी शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन, 30 सीटों पर प्रवेश

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू कानपुर में बीए ऑनर्स फिलॉसफी के कोर्स का शुरू किया गया है। इस कोर्स के लिए 30 सीटों पर प्रवेश युवा ले सकते हैं। 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। बीए (ऑनर्स) फिलॉसफी की एक वर्ष की फीस 19,200 रुपये है।

विवि के अधिकारियों ने बताया कि दर्शनशास्त्र का अध्ययन न केवल विचारधारा और नैतिकता के गहरे पहलुओं को समझने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं का भी द्वार खोलता है। एक दौर में केवल टीचिंग प्रोफेशन के लिए उपयुक्त समझी जाने वाली फिलॉसफी अब सभी पुरानी अवधारणाओं को पीछे छोड़ते हुए टॉपर्स की पसंद के तौर पर उभरी है।

### इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

**शिक्षण में करियर :** स्कूल, कॉलेज, प्रबंधन संस्थान, सेंट्रल यूनिवर्सिटीज व आईआईटी में अध्यापन के ढेरों अवसर मौजूद हैं।

**पब्लिक सेक्टर में करियर :** पब्लिक सेक्टर में संभावित करियर में सिविल सेवाएं, सरकार, स्वास्थ्य सेवाएं, पुलिस बल और सशस्त्र बल में भूमिकाएं शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में कई प्रशासनिक और अन्य कार्यालय-आधारित भूमिकाएं हैं।

**रिसर्च :** फिलॉसफी में पीएचडी के बाद यूनेस्को जैसे अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ भी काम किया जा सकता है।

## सार-संक्षेप


केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में आयुष्मान कार्ड बनवाते बुजुर्ग।

### आयुष्मान कार्ड पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिले

**कानपुर।** भाजपा दक्षिण जिला इकाई की ओर से रविवार को केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्गों के लिए निशुल्क प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड का कैंप लगाया गया। दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य है कि पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी की जन कल्याणकारी नीतियों का जनता को शतप्रतिशत लाभ मिल सके। शिविर में 52 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही तमाम बुजुर्गों का पंजीकरण किया गया। भाजपा दक्षिण जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में प्रतिदिन दोपहर 3 से 6 बजे तक पार्टी कार्यालय में आकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। इसके लिए अंकुर गुप्ता, संजीव बेरी से मोबाईल नंबर 9839269545 संपर्क कर सकते हैं।

### पति छोड़कर गया तो बच्चों के साथ धरने पर बैठी महिला

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव से अजीबो-गरीब मामला सामने आया है । यहां पर एक बेबस मां अपने बच्चों के साथ सरकारी स्कूल में धरने पर बैठी हुई है। 2012 में बृजेश सिंह ने कन्नौज की अंशुल के साथ प्रेम विवाह किया था। तीन वर्ष पहले उसने अंशुल को घर से भगा दिया था। उसके बाद उसकी कोई सुध नहीं ली। अब तीन वर्ष बाद अंशुल अपनी ससुराल चिरली आई तो ससुरालवालों ने उसे दरवाजे से ही भगा दिया। इसके बाद अंशुल अपनी दोनों बेटियों 8 वर्ष दूसरी 6 वर्ष के साथ गांव के ही प्राइमरी स्कूल में धरने पर बैठ गयी। वह पिछले तीन दिन से मासूम बेटियों के साथ ऐसी गर्मी में धरने पर बैठी हुई है। जानकारी मिलने पर साढ़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार मौके पर पहंचे और जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि दोनों ने 2012 में प्रेम विवाह किया था। उसके बाद कानपुर में किराये के कमरे पर रहने लगे थे। उनसे दो बेटियां हुई। इसके बाद 2022 में बृजेश अपनी पत्नी व बच्चों को छोड़कर कहीं चला गया था। तब से अंशुल इधर उधर भटक रही थी। वह अपनी ससुराल चिरली गांव पहुंची तो घर वालों ने दरवाजे से ही बाहर कर दिया। इससे आहत होकर महिला बच्चों के साथ धरने पर बैठी हुई है । महिला का कहना है पति के साथ रहना है जब तक पति नहीं आता धरने पर बैठी रहूंगी। थाना प्रभारी ने बताया कि उनकी सुरक्षा के लिए एक होमगार्ड को लगा दिया गया है और सारी जानकारी उच्चाधिकारियों को भेजी गई है।


छात्रों को जागरूक करते अग्निशमन अधिकारी। अमृत विचार

### छात्रों ने सीखे अग्नि सुरक्षा के उपाय

**बिल्हौर।** अटल आवासीय विद्यालय, रामपुर नरूआ के विद्यार्थियों को आज अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों द्वारा अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण तरीकों का प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आग लगने की स्थिति में आवश्यक सावधानी बरतने और प्राथमिक बचाव के कार्यों के बारे में जागरूक करना था। इस दौरान तमाम छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। प्रशिक्षण के दौरान, अग्नि शमन विभाग के विशेषज्ञों ने छात्रों को आग लगने के कारणों, आग बुझाने के विभिन्न तरीकों और आपातकालीन स्थितियों में कैसे प्रतिक्रिया दें, इसकी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अग्निशामक यंत्रों के उपयोग का प्रदर्शन किया और छात्रों को आग से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में समझाया। विद्यालय के प्रांगण में आयोजित इस सत्र में, छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अग्नि सुरक्षा से संबंधित अनेक प्रश्न पूछे। अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि छोटी सी सावधानी और सही जानकारी बड़े हादसों को टाल सकती है। विद्यालय प्रबंधन ने अग्नि शमन विभाग के अधिकारियों का इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के लिए आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक श्रीकांत पाण्डे , प्रशासनिक अधिकारी एसके सिंह ,चुन्नीगंज स्टेशन प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा के साथ तमाम विद्यालय के बच्चे मौजूद रहे।

### पैदल जा रहे युवक को ट्रक ने कुचला, गंभीर

**कोंच।** नईबस्ती में कंजड़ बाबा के पास स्थित होटल के बाहर तेज रफ्तार ट्रक ने पैदल जा रहे एक युवक को कुचल दिया। गंभीर हालत में युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार की दोपहर करीब 12 :30 बजे कंजड़ बाबा के पास खुले एक होटल पर कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम देवगांव निवासी 22 वर्षीय अनीश परिहार खाना खाने गया था। खाना खाकर वह अपने साथियों के साथ होटल से बाहर निकलकर नजदीक ही लघुशंका के लिए पैदल सड़क से निकल रहा था तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनीश को कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# गंगा में डूबे युवक का शव दूसरे दिन मिला

संवाददाता शिवराजपुर

**अमृत विचार।** खेरेश्वर सरैया गंगा घाट पर शनिवार को सुबह स्नान करते समय डूबे युवक प्रिंस तिवारी का शव रविवार को दुर्गापुर के सामने नदी से बरामद कर लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।

शनिवार को खेरेश्वर सरैया घाट पर स्नान करते समय तीन लड़केआलोक द्विवेदी व उसके मामा के लड़के अमन तिवारी और प्रिंस तिवारी गहरे पानी में जाने के कारण तीनों डूबने लगे थे। चीख पुकार सुनकर स्थानीय गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद दो लड़कों को तो निकाल लिया था लेकिन तीसरे को नहीं ढूंढ पाए थे। उसकी तलाश के लिये पुलिस ने अन्य गोताखोरों को बुलाकर तलाश शुरू कराई थी लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी।रविवार को सुबह थाना क्षेत्र के दुर्गापुर गांव के सामने एक युवक का शव गंगा में उतराता दिखाई दिया तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई । मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को निकालकर परिजनों को शिनाख्त के लिये बुलाया था। परिजनों ने उसकी शिनाख्त प्रिंस तिवारी के रूप में की।13 जून को कामापुरवा गांव के सामने तीन लड़कियां स्नान करते समय डूब गई थी जिसमें दो को बचा लिया गया था एवं एक की डूबने से मौत हो गई थी।

# घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी ने ब्लू स्टार को हराया

संवाददाता घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में खेले गए फ्रेंडली मैच में घाटमपुर क्रिकेट एकेडमी ने ब्लू स्टार क्रिकेट एकेडमी कानपुर को 123 रनों से हरा दिया।

कानपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया और घाटमपुर को बैटिंग का आमंत्रण दिया। घाटमपुर ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 30 ओवरों में 9 विकेट खोकर 237 रन बनाये। इसमें घाटमपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए अनमोल ने 59, आरुष सिंह ने 40 रन , सुयश ने 26 और आशु ने 24 रन बनाए। वहीं कानपुर की तरफ से बॉलिंग करते हुए नयन सिंह और नक्षय पांडे ने 3,3विकेट लिए।


मैच जीतने के बाद विजेता टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

लक्ष्य का पीछा करने उतरी कानपुर की पूरी टीम 114 रनों पर ही ढेर हो गई। कानपुर की तरफ से बैटिंग करते हुए तनिष्क ने 11 रन बनाए । वहीं घाटमपुर की तरफ से बॉलिंग करते आरुष सिंह ने 3 और कृष्णा गुप्ता ने भी 3 विकेट लिए। आज का मैन ऑफ़ द मैच आरुष सिंह को राका यादव द्वारा दिया गया। बेस्ट बैटिंग का पुरस्कार भूप किशोर द्वारा अनमोल को दिया गया और बेस्ट बॉलिंग का पुरस्कार नयन सिंह को भूप किशोर विश्वकर्मा द्वारा दिया गया।

**आयोजन** बिल्हौर नगर मंडल में मोदी के 11 साल बेमिसाल का हुआ कार्यक्रम, सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे

# भाजपाइयों ने मोदी के 11 सालों की उपलब्धियों का किया बखान


कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार


सरकार की उपलब्धियां गिनाते पूर्व जिलाध्यक्ष ग्रामीण कृष्ण मुरारी शुक्ला।

### भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के कराती है विकास कार्य

- **घाटमपुर।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण सफलता के 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा विशेष अभियान चलाकर भाजपा सरकार की योजनाओं एवं कार्यों तथा योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए भाजपा सरकार द्वारा 11 वर्ष में लागू की गई योजनाओं को बताया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने स्वास्थ्य, रक्षा एवं तकनीक के क्षेत्र में अनेकों उपलब्धियां हासिल की हैं। कार्यक्रम का संचालन हरिओम गुप्ता ने किया। इस दौरान अनूप अवस्थी, अमोल सिंह, प्रशांत खरे, अमित सोनी, विवेक शर्मा, रमेश शर्मा, सीमा मिश्रा, अमित तिवारी, विवेक शुक्ला, सत्यम चौहान, शोभित सेंगर, पुनीत दीक्षित, पप्पू सचान, जीतू अवस्थी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर नगर मंडल में मोदी के 11 साल बेमिसाल अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए असाधारण योगदान के बारे में जानकारी दीगई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रवि दीक्षित तथा मुख्य अतिथि के रूप में पंडित कृष्ण मुरारी शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ डॉ. राजेंद्र कटियार भी मौजदू रहे ।

कार्यक्रम की शुरुआत दीन दयाल उपाध्याय और श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण करके की गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए रवि दीक्षित ने प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल के कार्यकाल को 'बेमिसाल' बताते हुए उनके नेतृत्व में भारत द्वारा विश्व पटल पर हासिल की गई उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मोदी जी के प्रयासों से भारत का नाम पूरे विश्व में ऊंचा हुआ है । उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प' योजना के अंतर्गत भारत के संपूर्ण विकास के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों की भी सराहना की। मुख्य अतिथि पंडित कृष्ण मुरारी शुक्ला ने प्रधानमंत्री मोदी के योगदान और संपूर्ण भारत को विभिन्न हाईवे से जोड़ने के लक्ष्य की पूर्ति पर जोर दिया। उन्होंने लोगों द्वारा मोदी जी की सरकार को पुनः चुनकर देश को सफल और समृद्ध बनाने के संकल्प की भी सराहना की। वहीं डॉ. राजेंद्र कटियार ने अपने संबोधन में संगठन की विभिन्न योजनाओं और मोदी जी के विभिन्न योगदानों के विषय में विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा, मंडल महामंत्री आदेश तिवारी, कार्यक्रम संयोजक राम प्रकाश, नरेंद्र मिश्रा, स्वप्नेश तिवारी, अभिषेक गुप्ता, अविरल कुशवाहा, मेराज अहमद, मनोज सैनी, रितेश गुप्ता, अमित तिवारी के साथ-साथ समस्त बूथ अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# दो बार सिंगर प्रेमिका को ले गया था कुंदन

फॉलोअप

- दोनों बार किशोरी के परिवार ने दर्ज कराई थी एफआईआर
- एक बार किशोरी खुद ही लौटी दुबारा ने पुलिस ने पकड़ा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** प्रेम प्रसंग में प्रेमिका के घर पहुंचकर बांके से हमला करने और पिर ग्रामीणों के घेराबंदी करने पर खुद को तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या करने के मामले में नए तथ्य सामने आए हैं। सुसाइड करने वाला युवक दो बार सिंगर प्रेमिका को अपने साथ ले जा चुका था। दोनों मर्तबा रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी। एक बार किशोरी खुद लौट आई थी और दुबारा ने पुलिस ने बरामद कर परिवार के सुपुर्द किया था। यह बात ताजा घटनाक्रम के बाद पिता की ओर से दी गई तहरीर में सामने आई है।

रनियां कस्बे के वार्ड नंबर 7 शिवाजी नगर की रहने वाली सिंगर के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पत्नी, पुत्र और पुत्री के साथ ससुराल में रहता है। करीब डेढ़ साल पहले कस्बे में एक जगराता कार्यक्रम में आए कन्नौज जनपद के गुरसहायगंज क्षेत्र के भवानीपुर निवासी कुंदन गोस्वामी (22) की उसकी पत्नी से मुलाकात हुई थी। इसके बाद से कुंदन का उनके घर आना-जाना शुरू हो गया था।

घर आने-जाने के दौरान ही कुंदन उसकी पुत्री को बहलाकर ले गया था। इस पर उसने थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर दर्ज होने के बाद बेटी खुद ही वापस आ गई थी। इसके बाद दोबारा कुंदन उनकी बेटी को फुसलाकर ले गया। दुबारा एफआईआर दर्ज कराने पर पुलिस ने पुत्री को बरामद कर उनके सुपुर्द किया था। शनिवार की सुबह कुंदन फिर मिलने के लिए उसके घर आया। इसी दौरान उसकी बेटी से नोकझोंक होने लगी। नोकझोक में कुंदन ने बेटी के सिर पर बांके से हमला कर घायल कर दिया।

परिजनों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों से खुद को घिरते देखकर उसने घर से करीब 50 मीटर दूर तक पहुंचने के बाद तमंचे से खुद की कनपटी में गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना से अफरातफरी मच गई थी। सूचना पर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र पहुंचे थे। फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड ने भी छानबीन की थी।

## ‘मृतक’ के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज

- प्रेमिका पर बांके से हमला करने के बाद खुद ही तमंचा से गोली मारकर आत्महत्या करने वाले कुंदन के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास और आयुध अधिनियम के एफआईआर दर्ज की है। रनियां थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी मृतक कुंदन के खिलाफ समुचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# तीसरी मंजिल से गिरा मजदूर, मौत

**सिकंदरा।** नेशनल हाईवे पर कार एजेंसी के बगल में शटरिंग खोलते समय पैर फिसलने से मजदूर तीसरी मंजिल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मेडिकल कॉलेज रेफर करने के बाद हैलट कानपुर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

कस्बे के पटेल नगर का रहने वाला हारून खां (30) शटरिंग लगाता था। रविवार सुबह शटरिंग खोलने के लिए वह महमूदपुर गांव में नेशनल हाईवे के किनारे कार एजेंसी के बगल में लल्ला शुक्ला के मकान में शटरिंग खोल रहा था तभी पैर फिसलने से वह गिरकर घायल हो गया। साथ काम करने वालों ने सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद अकबरपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। यहां से कानपुर हैलट अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# घर से मंदिर जाने के लिए निकली किशोरी की ट्रेन से कटकर मौत

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के कोक्तापुर गांव के समीप दिल्ली-हावड़ा रूट पर डीएफसीसी रेलवे लाइन पर एक किशोरी की मालगाड़ी की चपेट में गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किशोरी की मौत की खबर घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

रूरा थाना क्षेत्र के मुड़ेरा विक्रम सिंह गांव की रहने वाली वर्षा (15) रविवार की दोपहर घर से गांव के बाहर स्थित मंदिर जाने की बात कहकर निकली थी। डीएफसीसी रेलवे लाइन के खंभा नंबर 1072/02 के समीप डाउन लाइन पर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से कटकर उसकी मौत हो गई है। मालगाड़ी के गार्ड ने सूचना स्टेशन मास्टर अंबियापुर रविशंकर यादव को दी।


हादसा स्थल पर किशोरी की मौत की छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

- मुड़ेरा विक्रम सिंह गांव की रहने वाली थी किशोरी

स्टेशन मास्टर ने मेमो से रूरा थाने में जानकारी दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी रजनीश कुमार वर्मा ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस बीच किशोरी की मौत की सूचना घर पहुंची तो पिता मधुराज, बहन शिवानी, रागिनी, अनन्या और भाई राज रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर काफी देर तक चीख-पुकार मची रही। गांव वाले भी एकत्र हो गए।

# रात में बारिश से राहत, दिन में उमस से आफत

## रात भर रुक-रुक कर होती रही बारिश से मौसम रहा खुशगवार, दिन में धूप निकलने से पसीना-पसीना हुए लोग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी के चलते शनिवार शाम शुरू हुई बारिश पूरी रात रुक-रुककर जारी रही। मानसून की दस्तक के साथ ही बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। जिससे मौसम खुशगवार हो गया, लेकिन रविवार सुबह से ही खिली धूप निकलने के चलते उमस बढ़ गई और लोग पसीना-पसीना हो गए। मौसम विभाग ने 18 जून तक गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है।

जिले में बीते शनिवार की तेज हवाओं व गरज-चमक के साथ बारिश के बाद लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली थी। अकबरपुर समेत पुखरायां, भोगनीपुर, मंगलपुर, रनियां आदि क्षेत्र में पूरी रात रुक-रुककर बारिश होती रही। इससे जहां लोगों को राहत मिली। वहीं जलभराव व बिजली फाल्ट होने से दिक्कत भी उठानी पड़ रही थी। रविवार भोर के समय कई हिस्सों में छिटपुट बारिश होती रही।


अकबरपुर में हल्की बारिश से हाईवे पर बहता पानी। अमृत विचार

- बारिश के साथ ही धान की नर्सरी की तैयारी शुरू
- चारे के साथ सब्जी की फसलों को भी होगा फायदा

उधर, बारिश के चलते जगह-जगह कीचड़ होने से लोगों को आवागमन में दिक्कत उठानी पड़ी। हालांकि रविवार करीब नौ बजे खिली धूप निकलने के बाद तापमान फिर से बढ़ने लगा। जिसके चलते दोपहर में उमस बढ़ने से लोग पसीने से तर-बतर नजर आए। वहीं बारिश होने से किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। किसानों का कहना है कि बारिश से धान की नर्सरी बुआई तेज होगी और पशुओं के चारे की फसल को भी काफी फायदा मिलेगा। वहीं टमाटर को छोड़कर अन्य सब्जी फसलों की भी फायदा पहुंचेगा।

### 18 जून तक अभी हल्की बारिश की संभावना

रविवार को अधिकतम तापमान 38.1 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण-पूर्वी हवाएं करीब सात किमी. प्रति घंटे से चलीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने आगामी 18 जून तक तेज हवाओं, गरज-चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की बारिश होने की संभावना जताई है।

### बारिश से आम में घुलेगी मिठास, बढ़ेगा स्वाद

जनपद में अभी तक बारिश न होने की वजह से आम उत्पादक खासे परेशान थे, लेकिन शनिवार से शुरू हुई हल्की ही बारिश ने उनकी परेशानी कम कर दी है। आम उत्पादकों का कहना है कि बारिश से आम की फसल को काफी फायदा मिलेगा। बरसात से आम की मिठास बढ़ने के साथ ही इसका स्वाद भी बढ़ जाएगा, जिससे बिक्री बढ़ेगी।

### फाल्ट से शुक्ल तालाब इलाके में 15 घंटे गुल रही बिजली

**कानपुर देहात।** शनिवार शाम तेज हवाओं के साथ बारिश होने से जिला मुख्यालय के अकबरपुर कस्बे में माती रोड पर फॉल्ट हो गया, जिसके चलते चार घंटे तक बिजली गुल रही। आठ बजे के बाद बिजली आती-जाती रही। रात करीब एक बजे आंबेडकर नगर के शुक्ल तालाब मोहल्ले में केबल जलने से फाल्ट हो गया, जिससे करीब एक दर्जन घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। उपभोक्ताओं ने फोन कर अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई मरम्मत करने नहीं पहुंचा। इसके चलते लोग रात भर लोग बेहाल रहे। वहीं सुबह के समय घरों में जलापूर्ति की समस्या हुई। सुबह करीब दस बजे विद्युत कर्मियों ने जली केबल बदलनी शुरू की, जिसके बाद करीब दोपहर 12 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारु हो सकी और लोगों को राहत मिल सकी।

# लुटेरों ने महिला से लूटे बाला, गिरने से घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कानपुर से देर शाम पति के साथ लौट रही थी महिला
- रनियां थाना क्षेत्र में हाईवे पर लुटेरों ने मारा झपट्टा

**अमृत विचार।** कानपुर नगर से देर शाम पति के साथ घर लौट रही बाइक सवार महिला से रनियां क्षेत्र में हाईवे पर बाइक सवार लुटेरों ने बाला लूट लिया। छीनाझपटी में महिला बाइक से हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे कानपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग निवासी हिमांशु दुबे प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। शनिवार को वह पत्नी रक्षा उर्फ कोमल (24) के साथ बाइक से कानपुर नगर गए थे। देर शाम करीब 10 बजे वापस लौटते समय रनियां थाना क्षेत्र के उमरन ढाबा के पास हाईवे पर पीछे से आए बाइक सवार लुटेरों ने रक्षा उर्फ कोमल पर झपट्टा मारकर बाला लूट लिया। छीनाझपटी में कोमल अनियंत्रित होकर बाइक से हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

पति उसे फौरन उसे अकबरपुर मेडिकल कालेज पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया गया। परिजन निजी अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे हैं। हिमांशु दुबे ने बताया कि लुटेरे पत्नी के कान से बाले लूट ले गए हैं। इस बारे में रनियां थाना प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि बाइक सवार महिला से बाले छीने जाने की मौखिक सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

# विशेषज्ञ न पहुंचने से घट रहे मरीज

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं पहुंचने से रोगियों की संख्या घट रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला सिर्फ कागजी कोरम तक सीमित होकर रह गया है।

रविवार को राजपुर और रसधान पीएचसी में मुख्यमंत्री आरोग्य मेला लगा। जिसमें विशेषज्ञ डाक्टरों के बैठने के निर्देश हैं। इससे बावजूद आयुष डाक्टरों से ही मेले में डयूटी कराई जाती है। इससे जहां शासन के निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। वहीं सभी प्रकार के मरीजों को समुचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। राजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 37 मरीजों का इलाज किया गया। ज्यादातर त्वचा व पेट रोगी रहे। यहां तीनों पद्धतियों से जुड़े चिकित्सक नहीं आए थे। केवल ट्रेनी एमबीबीएस मनोज सर्राफ व आयुष चिकित्सक डॉ. शिव विनायक त्रिपाठी ने मरीजों का इलाज किया। इस दौरान एक गर्भवती, तीन शुगर, मलेरिया व एक टायफाइड रोगी की जांच की गई। इधर रसधान पीएचसी में 26 मरीजों को उपचार मिला। बुखार संबंधी 4 मरीजों की मलेरिया जांच की गई। रुरगांव पीएचसी में 56 मरीजों का इलाज हुआ। यहां बुखार व त्वचा के मरीजों की भरमार रही। मेले में पांच बुखार पीड़ित मरीजों की जांच की गई। वही अमरौधा पीएचसी में 53 मरीजों का इलाज किया गया। डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने बताया कि आरोग्य मेले में प्रभारी समेत विशेषज्ञ डाक्टरों के बैठने के निर्देश है। किसी पीएचसी में अगर लापरवाही की जा रही है तो जांच कराई जाएगी।


राजपुर पीएचसी में मरीज देखते डॉक्टर। अमृत विचार

### मेले से गायब हो गए हरी सब्जियों के स्टाल

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में गर्भवतियों महिलाओं को टीकाकरण और खानपान बेहतर स्वास्थ्य के लिए पहले हरी सब्जियों के स्टाल लगाए जाते थे। अब काफी समय से मेले में सब्जियों के स्टाल नहीं लगाए जा रहे। इससे गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान टीकाकरण आदि की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

# नियुक्ति पत्र लेने लखनऊ गए रिक्रूट

**कानपुर देहात।** चयनित पुलिस आरक्षी अभ्यर्थियों को पुलिस लाइन में एसपी ने ब्रीफ करने के बाद बसों से लखनऊ रवाना किया गया, जहां उन्हें नियुक्ति पत्र दिए गए।

पुलिस आरक्षी भर्ती-2023 में 568 पुरुष एवं 240 महिला समेत कुल 808 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जिन्हें रविवार को लखनऊ में कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नियुक्ति पत्र सौंपे। शनिवार देर शाम जनपद से चयनित आरक्षियों को 18 बसों से लखनऊ रवाना किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए रिक्रूटों को पानी की बोतल, ग्लूकोन-डी, फर्स्ट एड किट की व्यवस्था की गई। एसपी अरविंद मिश्र ने ब्रीफिंग के बाद शुभकामनाएं देते हुए बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शनिवार को जनपद ललितपुर से रवाना होकर रात्रि विश्राम के लिए पुलिस लाइन में ठहरे अभ्यर्थियों की 10 बसों को भी रवाना किया गया।

# नवाचार के लिए इंस्पायर योजना में आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** केंद्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (एनआईएफ) की इंस्पायर मानक अवॉर्ड योजना के लिए रविवार से आवेदन शुरू हो गए। इस बार नवाचारों की गुणवत्ता बढ़ाने और अधिक बच्चों को जोड़ने पर जोर है।

योजना के संचालन की जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक योजना में कक्षा 6 से 10 तक के छात्र ही भाग लेते थे, लेकिन पहली बार 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया है। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि वरिष्ठ छात्रों के नवाचार व्यावहारिक उपयोग के दृष्टिकोण से अधिक कारगर हो सकते हैं। योजना में चयनित विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये की सहायता राशि दी जाती है जबकि अंतिम चरण तक चयन होने पर विदेश यात्रा का अवसर भी मिलता है। वहीं 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के चयनित नवाचार मॉडलों का अलग डाटा तैयार किया जाएगा। सभी राजकीय, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि वे विद्यार्थियों को नवाचार की दिशा में प्रेरित करें और समुचित मार्गदर्शन दें।

### परिषदीय और संस्कृत विद्यालय भी जुड़ेंगे

इस बार संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों और कक्षा 6 से 8 तक के परिषदीय विद्यालयों को भी योजना में सम्मिलित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। बीएसए और डीआईओएस को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे अधिकतम नामांकन सुनिश्चित करें।

## सार-संक्षेप


नई किरण की सदस्यों ने दंपतियों के गिले-शिकवे दूर कराए। अमृत विचार

### एक-दूसरे के करीब आकर खिल उठे पांच जोड़ों के चेहरे

**कानपुर देहात।** रविवार को स्थानीय पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में प्रोजेक्ट नई किरण की शुरुआत पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान सुनवाई के लिए कुल 48 मामले रखे गए। जिनमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद पांच परिवारों में आपसी समझौता करा दिया गया। जिसके बाद पति-पत्नी साथ रहने को तैयार हो गए। शेष प्रार्थना पत्रों में सुनवाई के लिए आगे की तिथि दी गई। इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष सुषमा, प्रियंका गुप्ता, शिवम पांडेय, आरती, ज्योति शिखा, नई किरण सदस्य कंजन मिश्रा, डॉ. पूनम गुप्ता आदि रहीं।


सेवारामपुर में कथास्थल पर स्टाल लगाकर शर्बत पिलाया गया। अमृत विचार

### भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं को शर्बत पिलाकर कमाया पुण्य

**डेरापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की डेरापुर नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने सेवारामपुर में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सुनने आए श्रद्धालुओं एवं राहगीरों को शर्बत वितरित किया। कार्यक्रम में आए शिवबीर सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को आज के डिजिटल युग की चकाचौंध से ऊपर उठकर शारीरिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए। इस मौके पर उरई विभाग के सह संयोजक कुलदीप सिंह, सुदीक्षा, बीना, राधिका, बाबू सिंह, नितेंद्र कुमार, मनमीत सिंह, दीपक सिंह, हरिओम सिंह, सौरभ, आदर्श, सुमित, सेविन सिंह, पटेल बाबू, मिथुन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, नवीन, हिमांशु विकास, लोकेंद्र सिंह, विकास कुमार, रत्नेश आदि मौजूद रहे।


बीएसए अजय कुमार मिश्रा के साथ बैठक करते प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता।

### बीएसए से वार्ता के बाद शिक्षकों का आज धरना स्थगित

**शिवली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिले के शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण न होने तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर 16 जून को धरना-प्रदर्शन करने की बात कही थी। आंदोलन से एक दिन पहले रविवार को बीएसए और प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के बीच बातचीत हुई। इसके बाद प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बृजेश यादव व मंत्री आदित्य गौतम ने बताया कि 16 जून को शिक्षकों की समस्याओं को लेकर होने वाला धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। बीएसए ने शिक्षकों की 21 समस्याओं में 18 समस्याओं को हल करने की बात बताई है। शेष समस्याओं को एक पखवारे में हल करने की बात कही गई है।

# आयुष चिकित्सालय से योग सप्ताह का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को योग सप्ताह की शुरुआत हो गई। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक योग और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

डीएम आलोक सिंह के निर्देश पर योग सप्ताह में योगाभ्यास, योग व्याख्यान, रैलियां, चित्रकला प्रतियोगिता और योग संबंधी जन जागरूकता कार्यक्रम होंगे। रविवार को एकीकृत आयुष चिकित्सालय अकबरपुर से शुरुआत हुई। इसका शुभारंभ एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने किया। उन्होंने कहा कि योग सप्ताह मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिक शुद्धि का पर्व है। यह हफ्ते भर का आयोजन नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन, संतुलन एवं सकारात्मक ऊर्जा का आधार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। संपूर्ण विश्व योग की दिशा में बढ़ रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. अमित सोनी ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम ‘एक पृथ्वी के लिए एक स्वास्थ्य’ है। यहां चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ब्रजेश आर्या, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. राजश्री, डॉ. आफताब आलम, यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पवन सिंह, योग प्रशिक्षक किरन गुप्ता रहीं।


योगाभ्यास करतीं महिलाएं।

पटरी भी बर्बाद — ठेकेदार ने बनाया दोहरी कमाई का जरिया, सिल्ट के साथ 4-4 फीट मिट्टी उठ रही

# रजबहे की सिल्ट उठाने में ‘मिट्टी का खेला’

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** बंबे की सिल्ट उठाने में ठेकेदार ‘मिट्टी का खेला’ कर रहे हैं। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर मनमानी करने का आरोप लगाया है। शिवली बंबे की सिल्ट उठाने के बहाने एक तरफ की पटरी से चार-चार फीट मिट्टी और गहराई से सिल्ट उठाई जा रही है। बंबे की पटरी को भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त कर दिया है। सिल्ट ढोने में लगे ट्रैक्टर और डंपर से उड़ती बालू राहगीरों को परेशान कर रही है। पिछले दिनों औनहा के ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी से शिकायत की थी।

शिवली बंबे की सिल्ट उठाने में रूरा रोड से लगी पटरी पर सिल्ट उठाई जा रही है। पूर्व सभासद अशोक अवस्थी, राघवेंद्र सिंह, मानव सेवा संगठन के अध्यक्ष आशुतोष त्रिवेदी ने बताया कि जगह-जगह बंबे की पटरी खराब कर दी है और मानक के विपरीत सिल्ट उठाई जा रही है। साथ ही पटरी की जमी मिट्टी भी उठाई जा रही है। जिससे बरसात में बंबे के फटने की आशंका है। कमाई के लालच में सिल्ट की ढुलाई जोरदारी से की जा रही है। वहीं भीषण गर्मी में बिना ढके ट्रैक्टर व डंपर रात दिन बंबे को सिल्ट की उठान करने में लगे है। खुले ट्रैक्टर व डंपर से मिट्टी उड़कर राहगीरों के आंखों में जाकर परेशानी का सबव बन रही है। पिछले दिनों ढुलाई में शिवली कस्बे के बस अड्डे पर कई स्पीड ब्रेकर पर सिल्ट गिर गई थी। इसके बाद सिल्ट राहगीरों के लिए परेशानी का सबव बन गई। व्यापारियों ने मजबूरी में मजदूर लगाकर साफ कराया। सिंचाई विभाग के एसडीओ रोहित कुमार पटेल ने बताया कि मौके पर दिखवा जाएगा और सिल्ट उठाने में लगे जिम्मेदारों से बात की जाएगी।


पटरी की मिट्टी उठाने की हकीकत दिखाते पूर्व सभासद अशोक अवस्थी। अमृत विचार

### सिल्ट उठाने में बर्बाद हो रहे पटरी के पेड़-पौधे

- सिल्ट उठने से पटरी किनारे खड़े कुछ शीशम व पीपल के पेड़ों के लिए खतरा पैदा हो गया है। इसी दौरान सिल्ट व मिट्टी उठाने से एक पीपल का छोटा पौधा सूख गया। ग्रामीणों ने बताया कि पौधे लगाने के लिए तमाम अभियान चलाए जाते है, लेकिन यहां मनमानी हावी है।

### मौके पर सूचना बोर्ड नहीं लगाने से पैदा हो रहा भ्रम

- बंबे की सिल्ट सफाई में लगे जिम्मेदारों की लापरवाही से भ्रम पनप रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना बोर्ड भी सिल्ट उठाने के स्थान पर नहीं लगाया गया है, जिससे पता चल सके कि कितनी ऊंचाई व गहराई की मिट्टी व सिल्ट उठानी है। सूचना बोर्ड न होने से भ्रम पनप रहा है।

## एक नजर

### नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में नौ नए सर्वोदय विद्यालयों में नए सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। कक्षा 6 से 8 तक के दो हजार बच्चों को निशुल्क शिक्षा संग आवासीय शिक्षा का मौका मिलेगा। अगले वर्ष से कक्षा 6 से 12 तक की कक्षाएं संचालित होंगी। गरीब मेधावी बच्चों को निशुल्क आवासीय शिक्षा देने तहत इस वर्ष से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नौ नये सर्वोदय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। इनमें मथुरा, बलिया, पीलीभीत, मनकापुर (गोंडा), सरवनखेड़ा (कानपुर देहात), अमरोहा, महाराजगंज, आंबेडकर नगर, मैनपुरी शामिल हैं। उप निदेशक जे राम ने बताया कि अगले वर्ष से कक्षा 12 तक इन विद्यालयों में शिक्षण कार्य शुरू होगा। समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने कहा कि अभी तक 58 जिलों में 100 स्कूल संचालित थे। अब 62 जिलों में 109 विद्यालय संचालित होंगे।

### निजीकरण के विरोध में आज होगा मौन प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 16 जून को राज्य विद्युत नियामक आयोग कार्यालय के सामने मौन विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही, मनमाने स्थानांतरण के विरोध में प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन भी होगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने रविवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया। संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि 13 जून को आयोग व पावर कॉरपोरेशन के शीर्ष अधिकारियों के बीच सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन के साथ गुपचुप लंबी बैठक की गई। इस बैठक में सलाहकार कंपनी ने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के आरएफपी डॉक्यूमेंट आयोग के सामने प्रस्तुत किए। समिति ने आरोप लगाया कि आयोग के अधिकारी कॉरपोरेशन के पक्ष में कार्रवाई की तैयारी कर रहे हैं। संघर्ष समिति ने इस पर एतराज व्यक्त करते हुए कहा कि निजीकरण के लिए सलाहकार कंपनी की नियुक्ति पूरी तरह अवैध है। यह जानकारी विद्युत नियामक आयोग को थी, इसके बाद भी उन्होंने इस सलाहकार कंपनी को प्रस्तुतीकरण करने दिया। समिति ने कहा कि आयोग निष्पक्षता के साथ कार्य नहीं कर रहा है।

# नक्सलवाद पर जीरो टॉलरेंस : शाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अगले वर्ष 31 मार्च तक देश को नक्सलवाद मुक्त करने का गृह मंत्री ने किया एलान
- यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का किया आह्वान

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने यूपी पुलिस के नवनियुक्त कार्मिकों से पूरे मन से सेवा करने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें अमृत काल में सुरक्षा, सेवा और संवेदनशीलता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना है। शाह ने कहा कि नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस सख्त नीति है। 31 मार्च 2026 तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद मुक्त हो जाएगा।

रविवार को 60244 नवनियुक्त पुलिस कार्मिकों को नियुक्तिपत्र वितरण कार्यक्रम में गृह मंत्री ने कहा कि यूपी पुलिस का डर गुंडों और माफियाओं पर सख्त होना चाहिए, लेकिन गरीब, पिछड़े, और आदिवासी समुदायों के लिए पुलिस को मसीहा के रूप में दिखना चाहिए। कहा कि 11 राज्यों में



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते गृह मंत्री।

फैला नक्सलवाद अब केवल तीन जिलों तक सीमित रह गया है। आतंकवाद के खिलाफ भी मोदी सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान द्वारा तीन बार आतंकी हमलों का प्रयास किया गया, लेकिन भारत ने हर बार मुंहतोड़ जवाब दिया और आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय वायुसेना ने आतंकियों के मुख्यालयों को चूर-चूर कर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधिकारी सहित सभी 75 जनपदों के यूपी पुलिस का हिस्सा बन रहे 60,244 नवनियुक्त आरक्षी मौजूद रहे।

# पैसे और सिफारिश से अब नहीं मिलती नौकरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ भेदभाव नहीं : योगी
- 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में पुलिस भर्ती में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था। पैसे और सिफारिश के बिना नौकरी मिलना असंभव था, लेकिन अब यह सब बीते जमाने की बात हो चुकी है। भर्ती में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र के साथ कोई भेदभाव नहीं किया गया। दलित, पिछड़े, जनजातीय, गरीब, बेटियों सबको समान अवसर मिला है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां मेरिट के आधार पर हर युवा को न्याय मिल रहा है।

योगी ने रविवार को 60,244 नव-नियुक्त पुलिसकर्मियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि यह देश के सबसे बड़े सिविल पुलिस बल में अब



लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी।

तक का सबसे बड़ा नियुक्ति कार्यक्रम है। यह महज एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के 'स्मार्ट पुलिसिंग' विजन को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

योगी ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में प्रदेश के युवाओं को साढ़े आठ लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी गई हैं। वहीं अकेले यूपी पुलिस में करीब सवा दो लाख भर्तियां की गई हैं। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि प्रदेश को दंगा मुक्त, भय मुक्त और निवेश समर्थ प्रदेश बनाने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसी के साथ डबल इंजन की सरकार ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता क्या होती है, इसका उदाहरण पेश किया है। उन्होंने कहा कि इस भर्ती में गरीब से गरीब परिवार का बेटा भी शामिल हुआ है।

# 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के तबादले

## परिवहन विभाग में फेरबदल, प्रभात पांडेय बने लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन)

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य में परिवहन विभाग में 24 एआरटीओ और 11 आरटीओ के स्थानांतरण किए गए हैं। झांसी में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) प्रभात पांडेय लखनऊ के नए आरटीओ (प्रवर्तन) होंगे। जबकि लखनऊ में तैनात आरटीओ (प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज को अब मुरादाबाद का आरटीओ (प्रवर्तन) बनाया गया है।

फेरबदल के इसी क्रम में, परिवहन आयुक्त मुख्यालय पर तैनात आरटीओ अनीता सिंह को मेरठ का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ में तैनात आरटीओ प्रशासन हिमेश तिवारी को प्रयागराज का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। राजेश कुमार वर्मा को मिर्जापुर से हटकर झांसी का आरटीओ प्रवर्तन बनाया गया है। बस्ती में तैनात आरटीओ प्रवर्तन रविकांत शुक्ला को मिर्जापुर का आरटीओ प्रवर्तन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं, बरेली में तैनात आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार को मुख्यालय पर सड़क सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण का प्रभार सौंपा गया है। मुरादाबाद में तैनात आरटीओ प्रणव झा अब बरेली के आरटीओ प्रवर्तन होंगे। हाल में प्रमोट हुए संभागीय परिवहन अधिकारी, संप्रति सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सिद्धार्थ नगर, सुरेश कुमार मौर्य को बस्ती का संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बनाया गया है।

प्रयागराज में आरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात राजेश कुमार मौर्य अब गोंडा के नए आरटीओ प्रशासन होंगे। गोंडा में तैनात आरटीओ प्रशासन उमाशंकर यादव को (नगर परिवहन/नियोजन/जल परिवहन), मुख्यालय और अतिरिक्त प्रभार उपनिदेशक, राजस्व एवं विशिष्ट अभिसूचना (परिवहन) बनाया गया है।

### राजीव बंसल बने लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल

**अमृत विचार :** तबादलों के इस क्रम में प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन अलका शुक्ला को सुल्तानपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। मेरठ परिक्षेत्र में तैनात एआरटीओ टेक्निकल अमिताभ चतुर्वेदी को संभल का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। प्रयागराज में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन भूपेश कुमार गुप्त को सुल्तानपुर एआरटीओ का जिम्मा दिया गया है।

लखनऊ के एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल राजीव कुमार बंसल बने हैं जो पहले बुलंदशहर में तैनात थे। सुल्तानपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार को गौतम बुद्ध नगर का एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल बनाया गया है। वाराणसी में तैनात एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी को सीतापुर का आरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सोनभद्र में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल धनवीर यादव अब एआरटीओ प्रशासन गाजीपुर की जिम्मेदारी संभालेंगे।

रायबरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह को गाजियाबाद का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। आगरा में तैनात एआरटीओ प्रशासन नानक चंद्र शर्मा को औरैया का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। शाहजहांपुर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल शांति भूषण पांडेय को लखीमपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल कानपुर नगर में तैनात अंबुज को एआरटीओ प्रवर्तन रायबरेली बनाया गया है। सीतापुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेई को बस्ती का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हरदोई में तैनात एआरटीओ प्रशासन संजीव कुमार सिंह को उन्नाव का एआरटीओ (प्रवर्तन) प्रथम दल बनाया गया है।

संभल में तैनात एआरटीओ प्रशासन प्रवेश कुमार सरोज को बरेली का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। सहारनपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन महेंद्र बाबू को अमेठी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। बरेली में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल संदीप कुमार जायसवाल को सहारनपुर का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। मथुरा में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल मनोज प्रसाद वर्मा को वाराणसी का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बरेली में तैनात एआरटीओ प्रशासन मनोज सिंह को महाराजगंज का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। हमीरपुर में तैनात एआरटीओ प्रशासन राम प्रकाश सिंह को चित्रकूट का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। उन्नाव में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम दल अरविंद कुमार सिंह को हरदोई का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है।

बहराइच में तैनात एआरटीओ प्रशासन राजीव कुमार को प्रयागराज का एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल बनाया गया है। गौतम बुद्ध नगर में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन तृतीय दल विपिन चौधरी को ललितपुर का एआरटीओ प्रशासन बनाया गया है। चित्रकूट में तैनात एआरटीओ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला को मुख्यालय में सहायता अधिकारी बनाया गया है।

# केजीएमयू कुलपति व चार डॉक्टरों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हरदोई के रतनपुर आंझी निवासी पीड़ित ने की थी फर्जीवाड़े की शिकायत, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** केजीएमयू की कुलपति और क्वीन मैरी की चार महिला डॉक्टरों पर खिलाफ जालसाजी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। चौक पुलिस ने यह कार्रवाई कोर्ट के आदेश पर किया। आरोप है कि क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी महिला की प्रसव के दौरान ही नसबंदी कर दी गई। इसके लिए परिवार की सहमति नहीं ली गई। मामला खराब हुआ तो फर्जी सहमति पत्र तैयार कर दिखा दिया। पीड़ित दंपति को धमकी भी दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरदोई के शाहाबाद स्थित रतनपुर आंझी निवासी हेमवती नंदन के मुताबिक, उन्होंने अपनी पत्नी उमा मिश्रा को 4 अक्टूबर 2022 को प्रसव के लिए किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मैरी अस्पताल में भर्ती कराया था। उनका इलाज डॉ. अमिता पांडेय, डॉ. मोनिका अग्रवाल, डॉ. निदा खान और डॉ. शिवानी ने शुरू किया। 5 अक्टूबर को आपरेशन कर प्रसव कराया गया। पत्नी ने एक बच्चे को जन्म दिया। प्रसव के साथ ही बच्चे की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। उसे वेंटीलेटर मशीन पर रखा गया। कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

**डिलीवरी आपरेशन में कर दी नसबंदी :** हेमवती नंदन के मुताबिक, अभी वह और उसकी पत्नी को बेटे की मौत के आंसू भी नहीं सूखे थे कि इसी बीच एक और झटका लगा। पता चला कि डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान ही डॉक्टरों ने बिना परिवार की सहमति से नसबंदी कर दी। हेमवती के मुताबिक उसकी पत्नी से आपरेशन के समय सहमति मांगी गई। जिसे उसकी पत्नी उमा ने साफ मना कर दिया। इसका जिक्र डॉक्टरों के पर्चे पर दर्ज है। पत्नी बेसुध पड़ी थी। वहीं बेटा भी वेंटीलेटर पर था। इसी बीच बताया गया कि पत्नी की नसबंदी कर दी गई है। इसका विरोध किया तो डॉक्टरों ने पत्नी के टांके नहीं लगाने की धमकी दी। जब डॉक्टरों ने उसे पर्चा उपलब्ध कराया तो उसमें फर्जी हस्ताक्षर बनाए गये थे।

### अवसाद में चली गई पत्नी

हेमवती ने बताया कि डॉक्टरों की इस फर्जीवाड़े और मनमाने कृत्य से पत्नी सदमे में चली गई। इस संबंध में डॉक्टरों से कहा कि पहला बेटा हुआ था उसकी भी मौत हो गई। बिना सहमति के नसबंदी कर दिया। इस डॉक्टरों ने चुप्पी साध ली। आनन-फानन 10 अक्टूबर 2022 को पत्नी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हेमवती ने इस संबंध में चौक थाने की मेडिकल कॉलेज चौकी में शिकायत की। इसके बाद चौक थाने, पुलिस कमिश्नर और मुख्यमंत्री आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो वर्ष तक एफआईआर कराने के लिए इधर-उधर भागता रहा। इसके बाद कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश के बाद चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा के पहले जत्थे को दिखाई हरी झंडी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गाजियाबाद

**अमृत विचार :** पांच वर्षों के बाद उप्र. से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा की शुरुआत हुई है। पहली बार उप्र. के कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों को तीर्थ यात्रा में मुख्यमंत्री योगी द्वारा एक लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करने की सुविधा शुरू की गयी है।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से रविवार को पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर 39 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया गया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग अधिकारी भी शामिल हैं। पहले दल में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, किंतु कुछ स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके।

मंत्री जयवीर सिंह ने इसे गौरव का क्षण बताया। इस मौके पर सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एमडी सान्या छाबड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।



गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर यात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद व अन्य।

### तीर्थ यात्रियों को मिलेगा बाबा विश्वनाथ के दर्शन का लाभ

अमृत विचार : कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों के लिए उप्र. सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा एक विशेष घोषणा की गई है। मंदिर न्यास के सीईओ एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रियों को वापस आने के बाद एक साल तक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन हेतु तीर्थयात्रियों व उनके चार परिजनों को प्राथमिकता मिलेगी। इसके लिए उन्हें यात्रा से लौटने पर एक विशेष रुद्राक्ष माला और क्यूआर कोड युक्त कार्ड भेंट किया जाएगा। यह कार्ड एक वर्ष तक वैध रहेगा और क्यूआर कोड से उन्हें सुविधा मिलेगी। हालांकि, विशेष पर्वों से महाशिवरात्रि, सावन सोमवार, रंगभरी एकादशी आदि पर यह सुविधा मान्य नहीं होगी।

### विशेष शैव आराधना का हुआ वाचन

कैलाश यात्रा की रवानगी के मौके पर विशेष शैव आराधना का वाचन हुआ, डमरू, मृदंग, तुरही, ढोलक आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों ने अपनी गूंज से वातावरण को शिवमय बना दिया। यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने "हर हर महादेव" के जयघोष के साथ यात्रियों में ऊर्जा का संचार कर दिया।

# चिकित्सा शिक्षा विभाग ने किए ऑन डिमांड तबादले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्थानांतरण नीति 2025 के तहत चिकित्सा शिक्षा विभाग में कर्मियों की मांग पर तबादले किए गए हैं। उक्त क्रम में ही विभिन्न राजकीय मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत सात सीनियर नर्सिंग अधिकारी, इतने ही नर्सिंग अधिकारी और दो टेक्नीशियनों को प्राथमिकता अनुरूप मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया गया है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर निदेशक आलोक कुमार द्वारा शनिवार देर रात स्थानांतरण के तीन संवर्ग की तीन सूची जारी कर दी गयी हैं। पहली सूची में सीनियर नर्सिंग अधिकारियों में सुनीता पटले को बांदा मेडिकल कॉलेज से प्रयागराज स्थानांतरित किया है, इसी प्रकार राजपुतानी को जालौन से कानुपर, राधा को मेरठ से आगरा, प्रिया शुक्ला को बांदा से कानपुर, आराधना सिंह गौतम को जालौन से कानपुर, मधुबाला वर्मा को आजमगढ़ से प्रयागराज और जसविंदर कौर को कन्नौज मेडिकल कॉलेज से कानपुर मेडिकल कॉलेज स्थानांतरित किया गया है। दूसरी सूची में नर्सिंग अधिकारियों में श्रुत्रि और सोनिया को सहारनपुर मेडिकल कॉलेज से हृदय रोग संस्थान कानपुर, गोरखपुर से नवीन चंद्र पाण्डेय को आजमगढ़, सोनिया सिंह को झांसी से आगरा, प्रीति भारती को मेरठ से गोरखपुर, मोहिनी प्रियदर्शिनी को सहारनपुर से मेरठ और कृष्ण कुमार एस को मेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज कानपुर से मेडिकल कॉलेज मेरठ में तबादला किया गया है। इसके अलावा तीसरी सूची में झांसी मेडिकल कॉलेज के लैब टेक्नीशियन मनीष वर्मा को आजमगढ़ और कृष्णार्जुन मिश्र को मेडिकल कॉलेज जालौन से गोरखपुर भेज दिया गया है।

# फ्रूट वाइन भी बनेगी मलिहाबाद की पहचान

**अमृत विचार, लखनऊ :** विविध किस्म के आम उत्पादन के लिए दुनियाभर में मशहूर मलिहाबाद क्षेत्र फ्रूट वाइन (फलों की शराब) के लिए भी खास पहचान बनाने जा रहा है। रविवार को आबकारी मंत्री और मुख्य सचिव ने मलिहाबाद क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की पहली वायनरी एम्ब्रोसिया नेचर लिविंग एलएलपी की शुरुआत की। इस वायनरी में फलों से जो शराब निर्मित होगी, उसे आबकारी विभाग पांच वर्ष तक देगा एक्साइज ड्यूटी में पूरी छूट देगा।

इस मौके पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने वायनरी के संस्थापक कुंवर माधवेंद्र देव सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यह पहल प्रदेश में फल उत्पादन और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। उन्होंने इस परियोजना को प्रदेश के विकास की दिशा में एक अभिनव प्रयास बताते हुए कहा कि यह पहल किसानों की आय को दोगुना करने और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी। मुख्य सचिव ने वायनरी के प्रशासनिक विंग का भी उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने यूनिट का निरीक्षण किया।


## वर्ग पहेली- 3

**बाएं से दाएं**

3. माल या राजस्व महकमे का वह क्षेत्रीय अधिकारी जो पटवारियों या लेखपालों के कागज़ात एवं काम-काज की जांच करता है।
4. 1. फ़ैशन मॉडल की तरह किया जाने वाला काम, मॉडल की तरह काम करने का व्यवसाय 2. किसी वस्तु के स्वरूप की प्रतिकृति बनाने का कार्य।
8. 1. भूमि, खेत 2. पृथ्वी, धरती 3. धरातल का कोई भाग, ठोस तल 4. भूमि का टुकड़ा, भूखंड 5. वह तेल जिसमें किसी इत्र को तैयार किया जाता है 6. आधार 7. नदी और तालाब का तल 8. वह कागज़
9. वह जो प्राय: कोई न कोई ख़ुराफ़ात करता रहता हो।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. गुंजार, गूंजने का शब्द 2. गुनगुनाना 3. भौरों के गूंजने की क्रिया।
2. 1. किसी घटना आदि का पूर्ण लिखित विवरण 2. खेलों के उच्चतम कीर्तिमान दस्तावेज़, लेख-प्रमाण 3. स्थायी रूप में रखना 4. सुरक्षित विवरण 5. अभिलेख।
5. हाथी दांत का बना हुआ।
6. बंद नाली का मुंह जिससे सफ़ाई करने के लिए बड़ी नाली में घुसा जा सकता हो, बंद नाली में प्रवेश करने का मार्ग।
7. 1. लोभ करने वाला, लालची 2. कंजूस।



### वर्ग पहेली -2 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 सि | रो | ही | ■ | 2 खु | द | ना |
| र | ■ | ■ | 3 एं | ■ | ■ | ■ |
| मो | ■ | ■ | पा | ■ | 4 कु | ■ |
| र | ■ | 5 पा | य | जा | मा | ■ |
| ■ | 6 झा | ल | र | ■ | र | ■ |
| 7 सा | ■ | की | ■ | ■ | ■ | 8 सु |
| ज़ | ■ | ■ | 9 र | वा | दा | र |

## सुडोकू -10

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 7 | | | 8 | | 5 | |
| | 8 | | 4 | 6 | | | 7 | |
| 6 | | 4 | | | 2 | | 3 | |
| | 6 | | | 1 | 5 | | | 3 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | | 7 | 3 | | 8 | | |
| | 7 | | 6 | | | 9 | | 2 |
| | 3 | | | 8 | 9 | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | | 3 | | 1 |

### सुडोकू - 9 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 8 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 1 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 5 | 1 | 2 | 3 |
| 1 | 5 | 9 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 2 | 3 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी-15 .31 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 17 जून 13 .13 तक तत्पश्चात शतभिषा।

**मेष** — आज आपका मन शांत रहेगा। करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। राजनीति और कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। नौकरी में आपकी आय बढ़ सकती है। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। अपनी जीवनशैली पर धन खर्च करेंगे।

**वृष** — आज जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। व्यापारिक सहयोगियों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। लोग आपसे सलाह लेने के लिए आ सकते हैं। व्यापारिक यात्रा पर जा सकते हैं। लव लाइफ काफी रोमान्टिक रहेगी। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं।

**मिथुन** — आज परिवार का वातावरण उत्तम रहेगा। नए व्यापारिक समझौते हो सकते हैं। आपकी समझदारी से बड़ा आर्थिक नुकसान टल सकता है। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। अपरिचित लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**कर्क** — आज आपके रचनात्मक कार्यों और विचारों को मित्रों का समर्थन मिल सकता है। विवाह योग्य जातकों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। गर्भवती स्त्रियों को यात्रा से बचना चाहिए।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में सारा माहौल आपके ही पक्ष में रहेगा। विदेश से नौकरी के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। अपने प्रयासों में कमी न रखें। धार्मिक आयोजनों में विशेष रुचि लेंगे। गठिया का दर्द उभर सकता है। इसीलिए खानपान और दिनचर्या में लापरवाही न करें।

**कन्या** — आज अधिकारियों से आपको प्रोत्साहन मिलेगा। जीवनसाथी आपकी सहायता करेगा। आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर रहेंगे। बौद्धिक चर्चाओं में भाग ले सकते हैं। विद्यार्थियों को स्वाध्याय करना चाहिए। वाहन चलाते समय आपको सावधानी रखनी चाहिए।

**तुला** — आज विद्यार्थियों के लिए समय बहुत ही अच्छा रहने वाला है। भूमि संबंधी खरीदारी की योजना बनेगी। सभी कार्य सोच-समझकर ही करें। रिश्तेदारों से लाभ प्राप्त होगा। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे। प्रेम संबंध उजागर होने की आशंका रहेगी।

**वृश्चिक** — आज भाइयों के साथ संबंध मधुर रखें। प्रतियोगी परीक्षा में अपेक्षित परिणाम प्राप्त हो सकता है। लव लाइफ में भाग्य का लाभ मिलेगा। यदि कारोबार में विस्तार करना चाहते हैं तो आपको नया लोन प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**धनु** — आज परिवार और धन को लेकर समस्या दूर होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। छोटे बच्चों को लेकर प्रसन्न रहेंगे। कोई शुभ समाचार मिल सकता है। उच्च पदासीन लोगों से आपके संबंध सुधरेंगे।

**मकर** — आज आपका मनोबल अच्छा रहेगा। व्यवहारिक होकर निर्णय लेना आपके हित में होगा। परिजनों के लिए आप उपहार खरीद सकते हैं। जोड़ों के दर्द में राहत मिलेगी। कार्यक्षेत्र में आपके ज्ञान और प्रतिभा की प्रशंसा होगी। दांपत्य संबंध मधुर बने रहेंगे।

**कुंभ** — आज व्यापार में नए सौदे मिल सकते हैं। महत्वपूर्ण बैठकों में सम्मिलित होंगे। बेरोजगार जातकों को नौकरी मिल सकती है। आप विविध व्यञ्जनों का आनन्द उठायेंगे। घर में कुछ नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मीन** — आज आपके बढ़ रहे खर्चों में अचानक कमी आयेगी। परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। युगल जोड़े फैमिली प्लानिंग कर सकते हैं। प्रणय संबंधों के दिन समय बहुत ही अच्छा है। मेहनत के दम पर स्वयं को सिद्ध करने का अवसर मिलेगा।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# हादसों से सबक

उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पास रविवार को एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार सभी सात लोगों की मौत हो गई। उत्तराखंड में यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। राज्य में एक के बाद हो रही हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक नहीं लिया जाता। राज्य में करीब 40 दिनों में यह पांचवां हेलीकॉप्टर हादसा है। एहतियात के तौर पर हेली सेवाओं के दौरे को कम कर दिया गया था। इससे पहले, 8 मई को गंगोत्री धाम जा रहा एक हेलीकॉप्टर उत्तरकाशी जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। 7 जून को केदारनाथ जा रहे एक हेलीकॉप्टर को उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी के कारण सड़क पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी थी, जिसमें पायलट घायल हो गया था, लेकिन विमान में सवार पांच श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचा लिया गया था। चार धाम यात्रा के दौरान लगातार हेलीकॉप्टर हादसों की खबर के बाद पिछले दिनों डायरेक्टोरेट ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की ओर से जांच कराई गई। डीजीसीए ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट में कहा कि हेलीकॉप्टर के ठहराव स्थल पर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसी स्थिति है। इस कारण डीजीसीए ने उड़ानों में 35 फीसदी की कटौती का आदेश दिया। 2004 में हेली सेवा शुरू की गई थी। जानकारों के मुताबिक चारधाम यात्रा में एक इंजन के हेलीकॉप्टर उड़ रहे हैं। हेली संचालकों के लिए कड़े प्रावधान नहीं होने की वजह से इनकी मनमानी बढ़ती गई। उच्च हिमालयी क्षेत्र में एक इंजन के हेलीकॉप्टर की उड़ान कम जोखिम भरी नहीं है। यह हादसा उत्तराखंड की कठिन भौगोलिक परिस्थितियों में हवाई सेवाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करता है। लगातार हो रहे हादसों ने प्रशासन और सरकार की चिंता बढ़ा दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सेवाओं का महत्व तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अत्यधिक है, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा में हेलीकॉप्टर सेवाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। तकनीकी जांच के लिए विशेषज्ञ समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह समिति हेलीकॉप्टर संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की समीक्षा करेगी। इसके बाद ही एक मजबूत और व्यावहारिक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की जाएगी, जिससे भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उम्मीद की जा सकती है एसओपी और सख्त नियमों से ही भविष्य में चारधाम यात्रियों को सुरक्षित हवाई सेवा मिल पाएगी।

# परमाणु हथियार नियंत्रण के लिए युद्ध



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

> इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं।

इजराइल और ईरान के बीच युद्ध आरंभ हो गया है। इजराइल ने ईरान के विरुद्ध बड़ा सैन्य अभियान चलाया है। इसे 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' नाम दिया गया है। यानी इजराइल एक ऐसा युद्ध करता हुआ देश है, जो ईरान की ओर शेर की मस्तानी चाल से बढ़ रहा है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने जब आजाद हिंद फौज की कमान संभाली थी, तब उन्होंने अपने झंडे पर छलांग लगाते शेर को प्रतीक बनाया था। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक वीडियो संदेश जारी कर इस आक्रमण की पुष्टि करते हुए कहा है, 'जब तक इजराइल के अस्तित्व पर खतरे बने रहेंगे, ईरान पर हमले जारी रहेंगे। साथ ही यह कोई सीमित कार्यवाही नहीं है, बल्कि एक व्यापक और लंबा चलने वाला रणनीतिक अभियान है।' इजराइल ने शुक्रवार 13 जून को 200 लड़ाकू विमानों से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को निशाना बनाया। ये हमले 20 प्रमुख सैन्य अधिकारियों और परमाणु वैज्ञानिकों के घरों पर भी किए गए। ईरान की राजधानी तेहरान में 78 लोग मारे गए। सामरिक ठिकानों पर ये हमले संभावित खतरों को टालने के नजरिए से किए गए। इजराइल की सर्तकता यह रही कि उसने अपने खुफिया संगठन 'मोसाद' के जरिये ईरान के गुप्त ठिकानों पर पहुंचकर कम ऊंचाई वाले ड्रोन छोड़े और ईरान की सुरक्षा प्रणाली एवं मिसाइल प्रक्षेपण प्रणाली को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद इजराइली विमानों को ईरान का खुला आसमान मिल गया। ईरान ने 100 ड्रोन से जवाबी हमला किया भी लेकिन ये सभी ड्रोन इजराइली डिफेंस सिस्टम ने इजराइल की सीमा लांघने से पहले ही नेस्तनाबूद कर दिए।

इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जो कूटनीतिक प्रतिक्रिया आई है, उससे साफ है कि वे दोहरी नीति अपना रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि ईरान को परमाणु समझौता करने के लिए 60 दिन का समय दिया था, 61 वें दिन इजराइल ने ईरान पर हमला बोल दिया। अब ईरान को समझौता करने के लिए दूसरा मौका दे रहा हूं, वह इस अवसर का लाभ उठाए। क्योंकि इजराइल का दूसरा हमला कहीं ज्यादा आक्रामक और भयावह होगा। साफ है, ट्रंप की सहमति के बाद ही ईरान ने यह हमला किया है। दरअसल ईरान को परमाणु बम बनाने से रोकने के लिए ये हमला किया गया। इसीलिए इस हमले को नेतन्याहू ने न्यायसंगत ठहराते हुए कहा है कि ईरान उसके अस्तित्व के लिए संकट बन रहा है। क्योंकि यह एक हकीकत है कि ईरान ने बड़े पैमाने पर यूरेनियम संवर्धन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह ऐसी प्रक्रिया हैं, जो परमाणु हथियार बनाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाती है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत यूरेनियम-235 के निर्माण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जाता है। अतएव इजराइल के लिए ईरान का परमाणु हथियार संपन्न देष हो जाना चिंता की स्थिति उत्पन्न करने वाली बात है। दरअसल, परमाणु हथियार संपन्न देश होना एक ऐसी सैन्य रणनीति हैं, जिसके चलते दूसरे देश परमाणु संपन्न देश पर हमला करने से बचते हैं। इसका बुनियादी कारण है कि यदि कोई देश शत्रु देश पर परमाणु हमला करता है तो जवाबी कार्यवाही में उसे भी परमाणु हमले का सामना करना पड़ सकता है। ऐसा होता है तो दोनों देशों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। रूस ने यूक्रेन पर आसानी से इसलिए हमला बोल दिया था, क्योंकि उसके पास परमाणु हथियार नहीं है। रूस और अमेरिका के बहकावे में आकर उसने अपने परमाणु हथियार, परमाणु निरस्त्रीकरण संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद समुद्र में नष्ट कर दिए थे। इसका खामियाजा उसे आज उठाना पड़ रहा है। ईरान परमाणु संपन्न देश न बन जाए, इसलिए उस पर अमेरिका ने लंबे समय से परमाणु संबंधी प्रतिबंध लगाए हुए थे। परंतु बराक ओबामा के कार्यकाल में अमेरिका और ईरान के बीच एक परमाणु समझौता हुआ और ईरान से परमाणु प्रतिबंध समाप्त कर दिए गए थे। तब भी इजराइल ने इस समझौते का खुला विरोध किया था। नेतन्याहू ने यहां तक कहा था कि यह संधि एक ऐतिहासिक भूल है। किंतु उस समय इस संधि को ओबामा की बड़ी उपलब्धि बताया गया था।

> ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छद्म युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था।

ईरान और इजराइल के बीच तनाव लंबे समय से चला आ रहा है। लेकिन इन देशों ने लंबे समय तक छद्म युद्ध लड़ा है। परंतु जब एक अप्रैल 2024 को इजराइल ने सीरिया पर हमला किया था तब ईरान ने इजराइल पर सीधा हमला बोला था। क्योंकि इस लड़ाई में ईरान समर्थित इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड के ब्रिग्रेडियर जर्नल मोहम्मद रजा जाहेदी समेत 8 अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के जवाब में अप्रत्याशित रुख अपनाते हुए लगभग 320 द्रोण और क्रूज मिसाइलों से हमला किया था।। ईरान इजराइल से करीब 1800 किमी की दूरी पर स्थित होने के बावजूद हमला करने में सफल रहा। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद इजराइल से लंबी दुश्मनी के चलते पहली बार यह सैन्य हमला इसलिए किया था। इस लड़ाई में इजराइल को अमेरिका ने खुली सामरिक मदद की थी। उस संदर्भ में ईरान ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा था कि उसने यदि अब इजराइल की मदद की तो नतीजा भुगतने को तैयार रहे। ईरान ने यह पलटवार इसलिए भी किया था, जिससे मध्य-पूर्व की राजनीति में उसके वर्चस्व की महिमा को स्वीकार लिया जाए। यदि वह जवाबी हमला नहीं बोलता तो इजराइल और अमेरिका के खिलाफ उसकी जो धारणा है, वह ध्वस्त हो जाएगी। दरअसल ईरान इजराइल के अस्तित्व को ही स्वीकार नहीं करता है। उसका मानना है कि इजराइल ने मुस्लिमों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। हालांकि हमले के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र को पत्र लिखकर मामले को यहीं समाप्त करने की गुहार भी लगाई थी। बावजूद ईरान ने चेतावनी दी थी कि यदि इजराइल ने जवाबी कार्यवाही की तो उसे गंभीर नतीजे भुगतने होंगे। हालांकि इस परिप्रेक्ष्य में यह विरोधाभास भी देखने में आया था कि ईरान ने अमेरिका को इजराइल पर सीमित और नियंत्रित हमला करने की जानकारी पहले ही दे दी थी। ईरान के विदेश मंत्री ने ही इस आशय का बयान दिया था। वाकई यह बयान सच था तो यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि अमेरिका दुतरफा कुटिल चालें हमेशा ही चलता रहा है। चूंकि अमेरिका ब्रिटेन और फ्रांस को ईरान द्वारा इजराइल पर किए जाने वाले हमले की जानकारी थी, इसलिए इन मित्र देशों ने द्रोण और मिसाइलों को आसमान में ही नष्ट करने में इजराइल का सहयोग भी किया था ? इस मानसिकता को क्या माना जाए यह सोचने की बात है ? इस परिप्रेक्ष्य में युद्ध विश्लेषकों ने यह अनुमान लगाया था कि इजराइल और हमास युद्ध तो अभी खत्म होने वाला नहीं है, लेकिन ईरान-इजराइल का संघर्ष और बढ़ेगा ? इस हमले के करीब 2 साल बाद यही स्थिति प्रत्यक्ष देखने में आ गई है। रूस भले ही इस समय यूक्रेन से ही युद्ध में उलझा हुआ है, बावजूद रूस ने ईरान के रणनीतिक भागीदार के रूप में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ईरान पर इजराइल का यह हमला उकसावे को बढ़ावा देने वाला है। हालांकि रूस ने यह भी कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु समझौते के लिए जो वर्ता चल रही है, वह उसमें सहयोगा करेगा।

इस युद्ध को लेकर भारत दुविधा में है। क्योंकि पाकिस्तान के विरुद्ध भारत ने जब ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब इजराइल उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा था। इजराइल भारत का रक्षा साझेदार भी है। दूसरी तरफ ईरान से भारत के ऐतिहासिक संबंध है। ईरान ने कई अवसरों पर इस्लामिक देषों के संगठन के मंच पर भारत की मदद की है। इसलिए भारत किसी को भी छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए भारत ने दोनों देशों के बीच कूटनीति व शांति बरतने की अपील की है। बहरहाल इस युद्ध के साथ बड़ी आशंका यह जुड़ गई है कि यह युद्ध तीसरे विश्व युद्ध की ओर न बढ़ जाए।

## प्रसंगवश

# पवन उर्जा को बढ़ावा देने की जरुरत



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गत वर्ष अमेरिकी शोधकर्ताओं ने दावा किया था कि अगर उत्तर अटलांटिक महासागर में भारत जितने क्षेत्रफल का विंड फार्म स्थापित कर दिए जाएं तो उससे संपूर्ण विश्व की उर्जा जरुरत पूरी की जा सकती है। शोधकर्ताओं की मानें तो विश्व की उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए उत्तरी अटलांटिक महासागर में 30 लाख वर्ग किमी क्षेत्रफल में विंड फॉर्म स्थापित किया जा सकता है। विंड फॉर्म लगाने के लिए उत्तर अटलांटिक महासागर सबसे उपयुक्त स्थान है। इस विंड से सालाना 18 टेरावाट बिजली का उत्पादन होगा और एक अनुमान के मुताबिक विश्व में करीब इतनी ही बिजली का उपभोग भी होता है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि जमीन पर विंड फॉर्म से 105 वाट प्रति वर्ग मीटर बिजली उत्पादन संभव होता है। लेकिन उत्तर अटलांटिक महासागर में विंड फॉर्म स्थापित करने से 6 वाट प्रति वर्ग मीटर की दर से बिजली उत्पादन संभव होगा। यहां समझना जरुरी है कि जमीन के मुकाबले समुद्र में हवाओं की गति और बल 70 प्रतिशत अधिक होता है और वहां तूफान भी अधिक आते हैं। इसलिए टरबाइन को अधिक हवा मिलती है।

भारत की बात करें तो यहां पवन उर्जा का विकास 1990 के दशक में प्रारंभ हुआ और पिछले कुछ वर्षों में कमाल की सफलता हासिल हुई है। वर्तमान समय में भारत में पवन उर्जा का उत्पादन तकरीबन 32.56 गीगावाट है। भारत में राज्यस्तरी पवन उर्जा की दृष्टि से तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, केरल और पश्चिम बंगाल शीर्ष पर हैं। भारत में पवन टरबाइनों की स्थापित करने की लघु अवधि और पवन उर्जा मशीनों पर बढ़ती निर्भरता और उनके प्रदर्शन ने पवन उर्जा को भारत की क्षमता वृद्धि के लिए एक पसंदीदा बना दिया है। भारतीय स्वामित्व वाली कंपनी के रुप में सुजलॉन पिछले दशक में वैश्विक परिदृश्य पर उभरी है और भारतीय बाजार के लिए पवन टरबाइन की अग्रणी कंपनी बन गई है। सुजलॉन की सफलता ने भारत को उन्नत पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में विकासशील देश का नेता बना दिया है। कह सकते हैं कि पवन उर्जा का आशय वायु से गतिज उर्जा को लेकर उसे उपयोगी यांत्रिक अथवा विद्युत उर्जा में परिवर्तित करना है। महत्वपूर्ण बात यह है कि वायु का उर्जा उत्पादन करने हेतु उपयोग में न तो किसी प्रकार की प्रदूषण की समस्या या खानों के अपवाह या विषाक्त प्रदूषक पदार्थों जैसी समस्या आती है। न ही इसके कारण विस्तृत क्षेत्र में फैली भूमि को किसी तरह नुकसान पहुंचता है। ध्यान देने वाली बात यह कि जहां जीवाश्मीय ईंधन सीमित है वहीं पवन कभी समाप्त नहीं होने वाली है। जीवाश्मीय ईंधनों की तुलना में पवन उर्जा संयंत्रों का परिचालन भी अति सुरक्षित है।

ध्यान दें तो यह बात तापीय या नाभिकीय उर्जा संयंत्रों पर लागू नहीं होती। आधुनिक पवन संयंत्रों में प्रयुक्त प्रभावी सुरक्षा यांत्रिकी से यहां तक संभव हो गया है कि इन्हें सार्वजनिक स्थलों पर भी थोड़ी सी क्षति के बिना भी स्थापित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए इसे पहाड़ी के शिखर पर, समतल सपाट भू-प्रदेश, वनों तथा मरुस्थलों तक में लगाया जा सकता है। संयंत्र को अपतटीय क्षेत्रों तथा छिछले पानी में भी लगाया जा सकता है। हालांकि पवन उर्जा की बढ़ती जरुरत और उपयोगिता के बावजूद कुछ पर्यावरणविदों का तर्क है कि पवन उर्जा से कई तरह की समस्याएं उत्पन हो रही हैं। मसलन उत्पादक संयंत्र विद्युत चुंबकीय संकेत वातावरण में प्रसारित होने से कठिनाई उत्पन हो रही है।

पर्यावरणविदों का यह भी कहना है कि क्षैतिज अक्ष वाले पवन चालित टरबाइनों के घूमते हुए ब्लेड दूरदर्शन संकेतों के दृश्य अंश विरुपित करके निकटवर्तीय क्षेत्रों में व्यवधान उत्पन कर रहे हैं। अनेक प्रकृति प्रेमियों को आशंका है कि पवन चालित संयंत्रों की उपस्थिति प्रवासी पक्षियों तथा सामान्य पक्षियों को भयभीत करती है। लेकिन आंकड़े बताते हैं कि पक्षी टकराने की घटनाएं निचली उड़ान के स्तर पर ही होती है और ऐसे पक्षियों की संख्या बहुत ही कम होती है। गौर करें तो इन विरोध के इन दलीलों में कोई खास दम नहीं है। सच तो यह है कि उर्जा जरुरतों को पूरा करने के लिए पवन उर्जा अति सुरक्षित व महत्वपूर्ण विकल्प है।

# मुद्दे की बुनियाद



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए–यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब उसूलों में इनसाफ़ की जगह सिफ़ारिश ले लेती है, तो ज़ुल्म एक दस्तूर बन जाता है। स्वीडन के नामवर अर्थशास्त्री गुनार मिर्डल ने अपनी किताब एशियन ड्रामा (1968) में हिन्दुस्तान की नौकरशाही और करप्शन की जो तस्वीर पेश की थी, वह आज भी हू-ब-हू सही बैठती है। उन्होंने यह भी लिखा कि इस मसले पर रिसर्च करना तब गुनाह-ए-अज़ीम समझा जाता था। मगर वक्त के साथ हालात बदले, और आज "इकोनॉमिक्स ऑफ करप्शन" एक मानी हुई अकादमिक शाखा बन चुकी है।

अगेंस्ड द स्ट्रीम नामक दूसरी किताब में मिर्डल एक दिलचस्प वाक़िया बयान करते हैं। दिल्ली एयरपोर्ट पर, नेहरू से विदा लेने के बाद, उन्होंने देखा कि दूर कुछ टैक्सी ड्राइवर शोरगुल कर रहे हैं। उन्होंने पास खड़े दिल्ली पुलिस के आला अफ़सर से पूछा कि ये लोग क्यों हंगामा कर रहे हैं, और पुलिस उन्हें काबू क्यों नहीं कर रही। अफ़सर ने जवाब दिया:"हम डरते हैं, सर। अगर हम हस्तक्षेप करेंगे तो वे चिल्लाएंगे कि पुलिस वाले पैसे मांगते हैं।"

मिर्डल ने पूछा: "लेकिन उन पर कौन विश्वास करेगा??" जवाब मिला: "कौन विश्वास नहीं करेगा, सर?" यानी, रिश्वतखोरी को लोग इतना आम और स्वाभाविक मान चुके थे कि उसका इल्ज़ाम खुद पुलिस को भी डराने लगा था। अगेंस्ड द स्ट्रीम में मिर्डल ने एक और वाकिए का बयान किया है: एक लंबी मीटिंग के बाद जब वो पंडित नेहरू के साथ बाहर निकल रहे थे, तभी उनका सेक्रेटरी तेज़ी से भागता हुआ आया और कुछ झिझकते हुए अर्ज़ किया: 'असर, सामाजिक इंसाफ़ पर बहस तो अजेंडा में थी, मगर उस पर कोई बातचीत नहीं हुई।' नेहरू का चेहरा तमतमा उठा। उन्होंने बिना लफ़्ज़ों को नर्म किए झिड़क दिया-'ऐसी बातें अजेंडा में डालने और मीटिंग की रिपोर्ट के आमुख में दर्ज करने के लिए होती हैं, न कि वाक़ई में गुफ़्तगू करने के लिए!'

इस एक जुमले से ये साफ़ झलकता है कि किस हद तक कुछ मसाइल महज़ सियासी शोशा थे, और पंडित नेहरू के लिए हक़ीक़त में कोई अहमियत नहीं रखते थे। सामाजिक इंसाफ़ उनके लिए एक नारा था-एक सियासी ज़रूरत-मगर नीयत की तह में वह मुद्दा कभी गया ही नहीं।

आज़ादी के बाद भारत के पास गांधी, त्याग, और सत्याग्रह की एक नैतिक पूंजी थी। लेकिन जब आर्थिक नीति की बात आई तो यह नैतिक पूंजी एक राज्य-नियंत्रित समाजवादी ढांचे की तरफ़ झुक गई।नेहरू की ख्वाहिश थी कि समाजवाद की प्रेरणा से एक योजनाबद्ध और तेज़ औद्योगिक विकास हो, जिससे बराबरी आए। मगर यही सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल, लाइसेंस-परमिट राज, और ब्यूरोक्रेटिक राज वह ढांचा बन गया, जिसने क्रोनी कैपिटलिज़्म और रिश्वत की तहज़ीब को जन्म दिया। जो कारोबारी हुकूमत के करीब थे या जिनका हाथ सियासी रहनुमाओं के कंधे पर था, उन्हें तरक्की के लिए दरवाज़े खुले मिले। उन्हें सरकारी योजनाओं में तरज़ीह मिली, क़ायदे-कानून उनके मुफ़ीद बनाए गए। इसके बरअक्स जिनकी सोच ज़रा अलग थी या जो कांग्रेस की "लाइन" में फिट नहीं बैठते थे-उन्हें तफ्तीश, कानूनी केसों और सरकारी दबावों का सामना करना पड़ा। कई बार तो यह दबाव सिर्फ इसलिए आता था कि उन्होंने किसी "प्रिय उद्योगपति" की मार्केट में हिस्सेदारी कम कर दी थी। इस तरह, सियासी रिश्ते ही कारोबारी कामयाबी की ज़मानत बन गए-यही क्रोनी कैपिटलिज्म की असल पहचान है।

जब हर इजाज़तनामा, हर मंजूरी, हर लाइसेंस सरकारी बाबू के दस्तख़त पर मुंह ताकता हो तो फिर सिफ़ारिश, रिश्वत और ताल्लुकात की अहमियत बढ़ जाती है। शुरू-शुरू में ये तौर-तरीक़े सिर्फ़ बड़े कारोबारियों तक सीमित थे, लेकिन जल्द ही ये अफ़सरशाही की रगों में ऐसा दौड़े कि अर्थव्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन गए। कच्चा माल, विदेशी मशीनों की इम्पोर्ट, बैंक ऋण, सब्सिडी-हर जगह अफ़सर की मेहरबानी चाहिए थी। कभी राजनीतिक सरपरस्ती, तो कभी नक़द नज़राना-बिना इसके न कारोबार चलता था, न फ़ैक्टरी। जो रिश्वत पहले सिर्फ़ लाइसेंस और ठेकों में थी, वह धीरे-धीरे समाज की हर परत में घुस आई। सिस्टम ऐसा हो गया कि ईमानदार व्यक्ति को या तो हार माननी पड़ती थी, या समझौता करना पड़ता था। रिश्वत अब एक जुर्म नहीं रही-वह एक 'प्राकृतिक शुल्क' बन गई थी।

## सोशल फोरम

# तनाव के बीच



हरिशंकर शाही
स्वतंत्र पत्रकार, लखनऊ

> और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है।

ईरान और इजरायल के तनाव के बीच में सबसे महत्वपूर्ण है पर्शियन गल्फ यानी ईरान की खाड़ी और वहां से लगभग 2 हजार किलोमीटर दूर अदन की खाड़ी और लाल सागर का इलाका। क्योंकि यहाँ से विश्व व्यापार प्रभावित होता है। और चूंकि ईरान की खाड़ी इसलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां विश्व व्यापार के सबसे बड़े हब यूएई, कतर और सऊदी आते हैं। यूएई जितना बड़ा टैक्स हैवन बनकर उभरा है। और विश्व के सारे माल का डंपिंग ग्राउंड बना है वह विशेष है।

और साथ ही यमन के पास मौजूद अदन की खाड़ी और लाल सागर तक पहुंच भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। यानी विश्व व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इससे प्रभावित है। इसीलिए कॉर्पोरेशन तो यही चाहेंगी की ईरान यहां कमजोर हो। क्योंकि जिस तरह से यूएई बदल चुका है और सऊदी बदल रहे हैं और व्यापारिक हब बन रहे हैं। उससे मुख्य तौर पर यहां जो जड़ है वह है ईरान में बदलाव के लिए जोर मारती विश्व शक्तियां। क्योंकि ईरान का पोर्ट खुलना आवश्यक है। अब यहां यदि ईरान न्यूक्लियर बम बना ले या इजरायल पर हमला करने लगेगा तो यहां का शांति संतुलन बिगड़ेगा। अमेरिका का मुख्य उद्देश्य भी यहां पर रूसी प्रभाव मिटाना ही था जब ईरान की इस्लामिक क्रांति कराई गई थी।

और आज यहां से चीन और रूस को मिलने वाले सुरक्षा पैसेज भी रोकना बहुत आवश्यक है। इसीलिए जैसे हिंद महासागर के देशों में बवाल चल रहा है वही हाल यहां है। बस ईरान की खमैनई सरकार को अपना हिस्सा चाहिए। जो देने को कोई तैयार नहीं है क्योंकि ईरान का ऊंट किस करवट बैठे यह पता नहीं। और दूसरा ईरान अरब तो है नहीं इसीलिए अरब देश से कब बवाल हो जाए या इजरायल से कब बवाल हो जाए इससे ग्लोबल मनी चैनल को बचाना है।

-फेसबुक वॉल से

# भारत में बढ़ रहे हैं नगरों के 'हीट वेव डेज'



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है।

द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट के वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट में एक ख़ास बात ने ध्यान खींचा, जिसमें भारत की शीर्ष बायो-मेडिकल वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि सन 2024 में भारत में 536 हीटवेव-डेज़ के रहे थे। यह बात उन्होंनें सम्मेलन की कार्रवाई से अलग एक साक्षात्कार में कही जिसे भारत के मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। साल में 365 दिन होते हैं लेकिन हीट वेव डेज़ 536 होने से क्या आशय है। गर्मी की ऋतु के तीन महीने अप्रैल, मई और जून होते हैं लेकिन गर्मी का प्रभाव सितंबर महीने तक भी खिंच जाता है। इस दौरान देश में मानसूनी वर्षा भी होती है और वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा हो जाता है। बरसात कम और छितरे तरीके से होती है तो देश के अनेक मौसम-खंडों अर्थात क्लाइमेटिक जोन्स, में नमी अधिक होने से असहनीय गर्मी बनी रहती है। अर्थात गर्मी का प्रकोप 15 मई से लेकर 30 जून तक, 45 दिन के लिए अधिकतम होता है। ऐसे में व्यक्तिगत आर्थिक सुविधा और बिजली की उपलब्धता के अनुसार एयर-कंडीशनिंग का उपयोग दिनों-दिन बढ़ा है। कुछ दिन पहले एक नीतिगत फैसले के तहत केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय ने कहा है कि बिजली की खपत कम रखने के लिए भविष्य में घरेलू और व्यवसायिक एयर कंडीशनरों को 20 से 28 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर ही चलाया जाएगा। इसे बारे एयर कंडीशनर निर्माताओं को निर्देश दे दिए गए हैं। दिल्ली के सामानांतर अक्षांशों वाले क्षेत्रों में लोग अप्रैल आते ही दिन में एयर कंडीशनर का इस्तेमाल करने लगे हैं। क्लाइमेट चेंज से बढ़ते तापमान और जीवन पर इसके प्रतिकूल प्रभाव पर विपुल जानकारी उपलब्ध है। हीट वेव डेज़ के बारे में तकनीकी जानकारी के निहितार्थ क्या हैं? भारत के उत्तरी अक्षांशों के मैदानी इलाके भीषण गर्मी और लू की चपेट के क्षेत्र है जिनमें तापक्रम 40 से 46.5 डिग्री सेल्सियस के बीच तक झूलता है। थार मरुभूमि में स्थित चुरू, बीकानेर और बाड़मेर के धोरों में मई और जून महीनों में तापक्रम 48 से 50 को छू लेता है। डॉ. सौम्या ने 536 हीटवेव डेज़ को टेक्निकल भाषा में सही ही बताया था। भारत में पिछले 125 वर्षों में हीट वेव डेज़ की संख्या बहुत से नगरों में बढ़ गई है। उनमें भी जहां पहले ऐसा कभी नहीं होता था। कुछेक रोज पहले ज्योग्राफिकल इनफार्मेशन सिस्टम्स में काम करने वाली दो बड़ी गैर सरकारी संस्थाओं ने वर्ष 2025 के लिए मानसूनी वर्षा की मात्रा और विस्तार के बारे में आकलन किया और कहा कि भारत में वर्षा का डिस्ट्रीब्यूशन और इंटेंसिटी दोनों ही अबके साल एकसार नहीं होने वाले। ये दोनों कम्पनियां अपना डाटा जेनरेट नहीं करती। मालूम नहीं, खरीदती हैं या सरकारी संस्थानों से फ्री में लेती हैं, लेकिन एक्सपर्ट एनालिसिस इनकी होती है। दोनों कंपनियों के मौसम संबंधी आकलन कमर्शियल प्रवृत्ति हेतु किए जाते हैं इसलिए हमें अपनी सरकारों के डाटा-एनालिसिस पर अधिक भरोसा करना चाहिए। भारतीय मौसम विभाग हीट वेव को परिभाषित करने के लिए केवल अधिकतम तापमान पर विचार करता है, जैसे कि किसी स्थल का अधिकतम तापमान मैदानी इलाकों के लिए कम से कम 40सेल्सियस या उससे अधिक, तटीय स्थल के लिए 37 सेल्सियस या उससे अधिक और पहाड़ी क्षेत्र के लिए कम से कम 30 सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है तो यह हीट वेव है। भारत उपमहाद्वीप में होने वाली ताप तरंग घटनाओं को चुनने के लिए इन मानदंडों को सावधानी से चुना गया था। पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी घटनाओं को सीमित करने के लिए 35 सेल्सियस मानदंड का उपयोग किया जाता है। दुनिया के कई हिस्सों में उच्च तापमान और मृत्यु दर और रुग्णता के बीच महत्वपूर्ण संबंधों का अध्ययन किया गया है क्योंकि अब हीट वेव ठंडे मुल्कों और इलाकों में भी महसूस की गई है। मानव स्वास्थ्य पर गर्मी के प्रभावों के वर्तमान और भविष्य के बोझ को रोकने के लिए हीट वेव और विभिन्न स्वास्थ्य परिणामों के बीच संबंधों को समझना आवश्यक है। कई देशों में, हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम ने थर्मल कम्फर्ट इंडेक्स को अपनाया है, जो हीट वेव के दौरान वास्तविक मानव थर्मल स्थिति का प्रतिनिधित्व करने के लिए कथित तापमान पर मौसम संबंधी कारकों यथा, वायु तापमान, आर्द्रता और हवा, की एक श्रृंखला के संयुक्त प्रभाव को मापता है।

भारत में नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी प्रतिवर्ष हीट-वेव और हीट वेव-डेज़ के प्रति आगाह करता है। परिवेश के तापमान सहित एक थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने वाले हीट-हेल्थ वार्निंग सिस्टम की प्रभावशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि हीट वेव की परिभाषा और इसकी अवधि और संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं को कितनी अच्छी तरह से आपस में जोड़ कर किस थर्मल इंडेक्स का उपयोग करने का तकाजा करती है। वैज्ञानिक नीति के अंतर्गत हीट वेव या हीट वेव डेज़ की सार्वजनिक घोषणा के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी मुद्दा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# पहली ही बारिश ने खोली पालिका के दावों की पोल

## लोगों के घरों व दुकानों में घुसा पानी

## परेशान जनता बोली-नालों की सफाई केवल दिखावे के लिए कराई गई

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचारः** शनिवार रात नगर में हुई लगभग दो घंटे की मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका प्रशासन की सफाई व्यवस्था की कलई खोल दी। पहली ही बारिश में आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में जबरदस्त जलभराव हो गया, जिससे कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया और लाखों रुपये का नुकसान हो गया।

रात करीब 12 बजे शुरू हुई तेज बारिश से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर तालाब में तब्दील हो गया। रविवार सुबह मरीजों और उनके तीमारदारों को घुटनों तक भरे पानी से होकर अस्पताल में प्रवेश करना पड़ा, जिससे गम्भीर समस्याएं उत्पन्न हुईं। उन्नाव-हरदोई मार्ग पर स्थित सराएं गली और गोंडा टोला में नाले उफान पर आ गए। इन इलाकों में पानी उमाकांत तिवारी, नूरा तिवारी समेत कई घरों में घुस गया, जिससे घरेलू सामान खराब हो गया। वहीं, चूड़ी वाली गली में तीन फुट तक जलभराव हो गया। यहां अब्दुल कलाम समेत करीब एक दर्जन दुकानों में पानी घुसने से चूड़ियां और कॉस्मेटिक उत्पाद भीगकर नष्ट हो गए। इसी तरह नानामऊ मार्ग के दुबियाना मोहल्ले में भी हालात गंभीर रहे। यहां नालियों के जाम होने से गंदा पानी छात्र नेता शिशुपाल यादव, गंगाप्रसाद, बालकृष्ण व सूरजबली के मकानों में घुस गया। बच्चों को घर के अंदर ही कैद रहना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि मई में नगर पालिका ने जेसीबी से नालों की सफाई केवल दिखावे के लिए कराई थी। पहली ही बारिश में सड़कों पर भरे पानी और नालियों के उफान ने इन दावों को झूठा साबित कर दिया।


बारिश के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर बन गया तालाब। अमृत विचार


विधायक की गली में जमा कचरा।

### आंधी से बदला मौसम, लोगों को मिली राहत

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** जून माह की चिलचिलाती गर्मी से परेशान लोगों को शनिवार की रात मौसम के बदले मिजाज से थोड़ी राहत मिली। रात करीब मध्य रात्रि तेज हवाओं के साथ आंधी चली, जिससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने कुछ समय के लिए राहत की सांस ली। आंधी के कारण नगर में कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और चौराहों व सड़कों पर लगे होर्डिंग व बैनर तेज हवा में फट गए या गिर गए। रविवार की सुबह आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवा बहने से मौसम सुहावना हो गया। सुबह करीब साढ़े नौ बजे तक बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे गर्मी कुछ कम महसूस हुई। हालांकि राहत ज्यादा देर टिक नहीं सकी। दोपहर होते-होते एक बार फिर तेज धूप निकल आई और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण लोग स्वास्थ्य को लेकर भी सतर्क दिखे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री श्रमिक की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचारः** दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री में रहकर काम करने वाले अधेड़ श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों के पहुंचने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

बता दे कि कन्नौज जिले के थाना विशुनगढ़ थानाक्षेत्र के महमूदपुर खास गांव निवासी राजेश कुमार (55) दही थाना अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक चर्म फैक्ट्री में बीते 10 सालों से वेल्डिंग का कार्य करता था। परिजनो के मुताबिक वह अकेले फैक्ट्री में ही बने क्वार्टर रहता था। शनिवार को को आने पर दही चौकी स्थित निजी अस्पताल से दवा ले ली। बीते शनिवार को दोपहर बुखार आने पर वह दही तिराहा स्थित एक निजी डॉक्टर से दवा लाया था। जिसके बाद देर रात उसकी हालत बिगड़ गई। इसपर फतेपुर थानाक्षेत्र के रूपपुर चंदेला गांव निवासी फैक्ट्री का सुरक्षा गार्ड उदयभान सिंह उसे जिला अस्पताल लाया। डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी सूचना पर पहुंची पत्नी मालती ने शव देख कर बेहाल हो गई। उसने बताया कि पति तीन दिन पहले ही छुट्टी से काम पर लौटे थे। पिता की मौत से 5 बेटियां व अन्य परिजन रो-रोकर बेहाल रहे।

## 24 घंटे बाद मिला गंगा में डूबे किशोर का शव

- बहन ने लॉकेट से की भाई के शव की पहचान
- बीते शनिवार को दोस्त के साथ कानपुर गंगा नहाने गया था अभय

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी, उन्नाव

**अमृत विचारः** ग्राम लवानी निवासी राजेश तिवारी के 17 वर्षीय पुत्र अभय तिवारी का शव गंगा में डूबने के 24 घंटे बाद रविवार सुबह उतराता हुआ मिला। बहन शिवानी ने गले में पहने लाल धागे वाले लॉकेट से शव की पहचान की। शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के बाद सरैया घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।


अभय की फाइल फोटो।

शनिवार को अभय अपने दोस्तों अमन (20) और आलोक (18) के साथ बाइक से कानपुर के खेरेश्वर पक्के घाट गंगा नहाने गया था। नहाते समय तीनों गहरे पानी में चले गए। घाट पर मौजूद नाविकों ने अमन और आलोक को तो बचा लिया, लेकिन अभय गहरे पानी में डूब गया। सूचना पर शिवराजपुर पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से खोजबीन कराई, लेकिन सफलता नहीं मिली। रविवार भोर से फिर से तलाश शुरू की गई, जिसके बाद लगभग 10 बजे किशोर का शव दुर्गापुर तरी गांव के सामने गंगा में उतराता मिला, जो घटना स्थल से करीब साढ़े छह किलोमीटर दूर था। नाविकों ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद शव को खेरेश्वर घाट तक पहुंचाया। शव क्षत-विक्षत होने के कारण भ्रम की स्थिति बनी रही, लेकिन पिता राजेश और बहन शिवानी ने अभय के कपड़े व गले में पड़े उसके लॉकेट से शव की पुष्टि की। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और देर शाम अभय का अंतिम संस्कार सरैया घाट पर किया गया। इस दुखद घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।


अभय के रोते बिलखते परिजन।

# डीएम ने किया बेलाताली तालाब का निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान लोगों से बात करते डीएम अनुनय झा।

**हरदोई, अमृत विचारः** डीएम अनुनय झा ने बेलाताली तालाब का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब के पुनरुद्धार के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाए। बेला ताली आने वाले लोगों के लिए वाकिंग ट्रैक बनवाया जाए। उन्होंने कहा कि तालाब के आसपास नियमित साफ सफाई की जाए। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। बेलाताली के बाहर चहारदीवारी बनवायी जाये। परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएं। परिसर के प्रवेश द्वार के पास एक शुल्क काउंटर बनवाया जाये। परिसर में एक कैफे एरिया विकसित किया जाये। ओपन जिम की व्यवस्था की जाये। तालाब के किनारे पत्थर लगवाए जाएं ताकि तालाब में कटाव न हो इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 7.4 मिमी हुई बारिश से लोगों को राहत

## सूख रहीं फसलों के लिए बेहद फायदेमंद से अच्छी पैदावार की उम्मीद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** रविवार की भोर हुई बारिश ने दिनभर गर्मी से कुछ राहत तो मिल गई, लेकिन उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह होते ही आसमान में बादल उमड़े घुमड़े रहे। मौसम प्रभारी वेधशाला के अनुसार रविवार का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्शियस रहा तथा 7.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। आज भी हवा में कोई अंतर देखने को नहीं मिला। मौसम में आर्द्रता सुबह 92 प्रतिशत व शाम 62 प्रतिशत रही। बताते चले कि पिछले कई दिनों से गर्मी व धूप अपने चरम पर थी, लेकिन गर्मी का आलम यह रहा कि दोपहर में मुख्य बाजारों में सन्नाटा छा जाता था। तेज गर्म हवाओं के चलने से लोगों को और परेशान कर दिया था। ग्रामीण क्षेत्रों में यह बारिश किसानों के लिए फायदेमंद रहेगा, जिससे फसलें अच्छी पैदावार होंगी।


बारिश में निकलते राहगीर व ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार

**गर्मी व लू से करें बचाव :** हीटवेव एडवाइजरी के अनुसार तेज धूप और लू के चलते सावधानी बरतने की जरूरत है। इस प्रचंड गर्मी और लू से सावधानी बरतकर ही बचा जा सकता है । थोड़ी सी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। बचाव के लिए .जब भी घर से निकलें तो नाश्ता करके निकलें। बाहर निकलते समय सिर को गीले कपड़े से ढंके, छाता और धूप का चश्मा लगायें, क्योंकि आंखें सूरज की रोशनी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होती हैं। पानी की बोतल अवश्य साथ में रखें, सूती हलके रंग के और पूरी बांह के कपड़े पहने,शरीर को हाइड्रेट करने के लिए खूब पानी पीयें, ठंडे पानी से नहायें, ताजा खाना खाएं, थोड़ी-थोड़ी देर में नीबू पानी, तरबूज, खरबूजा, खीर, ककड़ी, ओआरएस छांछ, मट्ठा, आम पना, लस्सी आदि का सेवन करें ।

जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें। लू से बच्चों, बीमार, बुजुर्गों, गर्भवती, मजदूरों और फील्ड पर काम करने वालों ज्यादा खतरा है, इसलिए इनका विशेष ध्यान रखें। लू से बचने के लिए दोपहर 12 से चार के मध्य घर से बाहर न निकलें । बंद व अधिक गर्म स्थान वाले स्थान पर खाना न बनाएं। हाईड्रेशन के लिए शराब, एनर्जी और शुगरी ड्रिंक,चाय कॉफ़ी,कार्बोनेटेड ड्रिंक के सेवन से बचें।

## जीवन में उत्साह बनाये रखे, चिंताए छोड़िए : भूपेन्द्र

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में वृद्धाश्रम अल्लीपुर में विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस अपर जिला जज भूपेन्द्र प्रताप की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। माता-पिता का भरण-पोषण एवं वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार अधिनियम 2007 तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 विषय पर विधिक जागरूकता के बारे में बताया तथा वृद्धाश्रम अल्लीपुर में रह रहे वरिष्ठ नागरिको से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि अपने जीवन में उत्साह बनाये रखिये और खुश रहिये और सारी चिंताए छोड़ दीजिए साथ रह रहे लोगो से मेलजोल बढ़ाइए। अपर जिला जज द्वारा प्रतिदिन प्रातः योग कराने हेतु प्रबन्धक वृद्धाश्रम अल्लीपुर को निर्देशित किया गया। साथ ही मेंटेंनेंस एंड वेलफेयर आफ पैरेंटस एंड सिनियर सिटीजन 2007 व नालसा हेल्पलाइन 15100 के संबंध में विधिक रूप से जागरूक किया तथा समाज कल्याण अधिकारी रमाकांत पटेल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों हेतु चलाई जा रही सरकार की योजनाओं के विषय मे वृद्धजनों को विस्तृत रूप से जानकारी दी।


जागरूकता दिवस को संबोधित करते अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप सिंह।

## रोशन हुई मस्जिदें, सजदे में झुकें सिर

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचारः** शिया समुदाय ने पिहानी में जश्न-ए-गदीर का जश्न मनाया जा रहा है। शिया जामा मस्जिद में नमाज के बाद घर-घर जश्न का माहौल रहा। पैगंबरे इस्लाम हजरत मोहम्मद सल. की तरफ से हज़रत अली की विलायत का एलान किए जाने की खुशी में ईद-ए-गदीर मनाई जाती है। रविवार को उसे पूरी अकीदत से मनाया गया। गदीर की नमाज़ अदा कर अल्लाह की बारगाह में सजदा किया और दस्तरख्वान सजा कर नज्र-ए-अली में शामिल हों रहे है। ईद-ए-गदीर की पूर्व संध्या पर शनिवार को शहर के तमाम रौजों और इमामबाड़ों में जलसे व महफिलों का आयोजन कर गदीर का जश्न मनाया गया।


ईद-ए-गदीर पर निकाला गया जुलूस। अमृत विचार

## 14 स्थानों पर पुलिस की नाकेबंदी, वाहनों की जांच

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार :** कोतवाली पिहानी में अलग-अलग जगहों पर पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन के आदेश पर शनिवार की रात गस्त के तहत पुलिस टीम ने 14 स्थानों पर नाकेबंदी कर 556 वाहनों की जांच की। यह अभियान रात्रि 10 बजे से सुबह पांच बजे तक चला।

इस दौरान कोतवाल विद्यासागर पाल सहित और कर्मचारियों ने अपने-अपने इलाकों में गश्त की। साथ ही 34 पुलिस कर्मचारियों ने 14 विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की और चार स्थानों पर पैदल गश्त की गई। नाइट डोमिनेशन के दौरान महिला पुलिस ने भी गश्त व नाकाबंदी की। इसके साथ ही जहानी खेड़ा चौकी के अंतर्गत होटल, ढाबों व अन्य ठहरने वाले स्थानों तथा बैंक एटीएम की भी जांच की। इस रात्रि नाइट डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 556 वाहनों की जांच की। इनमें से 187 दोपहिया, 161 चारपहिया, 52 हल्के वाहन, 56 भारी वाहनों 100 कारों की जांच की। कोतवाल विद्यासागर पाल ने बताया कि पुलिस द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि कोई भी आम नागरिक बिना किसी डर व झिझक के किसी भी समय पुलिस सहायता के लिए संबंधित थानों व चौकी व जिला पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 पर सूचना दे सकता है।


वाहनों की जांच करतीं पुलिस। अमृत विचार

अगले दिन लगभग 2:00 बजे पिहानी शारदा नहर के निकट जिंदपीर बाबा की मजार के पास कागज में बढ़ते एक्सीडेंट को देखते हुए यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के तहत तेज रफ्तार मोटरसाइकिल बालों को रोका कानून का पाठ पढ़ाया वही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने बियर पीकर ड्राइविंग करते हुए आ रहा था इंस्पेक्टर हरीनाथ यादव ने रोकने का किया प्रयास में बाल बाल बचे इंस्पेक्टर ने बियर पीकर गाड़ी ना चलने की हिदायत और यातायात नियमों के तहत गाड़ी सीज की।

## कांग्रेस जनहित के मुद्दों को उठाने का काम करेगी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचारः** रविवार को कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संदीप पाल ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत समीक्षा बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कांग्रेस पार्टी के फ्रंटल , विभाग व प्रकोष्ठ को मजबूत कर उनको ताकत देना हमारा उद्देश्य है। कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतर जनहित के मुद्दे उठाने का कार्य करेगी। जिलाध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि संगठन को मजबूती देने के लिए सहयोगियों को ताकत देनी पड़ेगी। सेवादल के कैंप लगाने पड़ेंगे, जिस पर चर्चा चल रही है और बहुत जल्द हम लोग कैंप लगाने का कार्य करेंगे।

साथ नए सत्र में छात्रों को जोड़ने के लिए, कॉलेजेज जाकर एनएसयूआई छात्रों को जोड़ने का कार्य करेगी। इसके अलावा जिला महामंत्री / प्रवक्ता अमलेंद्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष / पीसीसी सदस्य आफताब हैदर ने भी बैठक को संबोधित किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सत्यबोध प्रकाश ,हरिओम त्रिपाठी, जमील अहमद गाजी, देवेंद्र विक्रम सिंह, मोहन सिंह सहित कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### चोरी के माल के साथ दो शातिर गिरफ्तार

**फतेहपुर चौरासी (उन्नाव), अमृत विचार :** वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद किए हैं। शनिवार को कुड़ीना गांव निवासी संतोष कुमार ने अपने घर से सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, करधनी और 1500 रुपये नकद चोरी होने की तहरीर दी थी। रविवार को उपनिरीक्षक अरुण उपाध्याय व टीम वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी ऊगू कस्बे के रामनगर मोहल्ले में दो संदिग्धों की सूचना पर दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार युवकों में गौतम (26) निवासी रामनगर, ऊगू और कपिल रैदास (28) निवासी समसपुर, कछौना, हरदोई शामिल हैं। तलाशी में चोरी गया मंगलसूत्र का लॉकेट, पायल व करधनी बरामद हुई। कपिल पर हरदोई जनपद के कई थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

### घर में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**संवाददाता, हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार :** बीमारी से जूझ रहे युवक का शव घर में फंदे से लटका देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के कुरौली गांव के आदित्य (22) लंबे समय से पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। जिसका परिजन लखनऊ के एक निजी अस्पताल से इलाज करा रहे थे लेकिन आराम नहीं मिलने से आदित्य परेशान रहता था। रविवार को घर से 500 मीटर दूर अपने आम के बाग में थे। तभी आदित्य ने घर की कोठरी में दुपट्टे का फंदा बनाकर कर धन्नी से लटक गया। बाग से लौटने पर जब परिजन उसे तलाश करते कोठरी में पहुंचे तबतक उसकी मौत हो गई थी। वह चार भाई बहनों में छोटा था। उनके दो भाई और दो बहनें हैं। बड़े भाई मनीष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। इंस्पेक्टर संदीप शुक्ला ने बताया कि युवक के फांसी लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजनों का कोई आरोप नहीं है।


आदित्य की फाइल फोटो।

### पीएचसी स्वास्थ्य मेले में 106 मरीजों का हुआ परीक्षण

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास रहने वाले मरीज पहुंचे। इस दौरान मेले में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवाइयां दी। राजधानी मार्ग स्थित न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शुक्लागंज में मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले में एलोपैथिक के डॉक्टरों ने मरीजों का परीक्षण किया गया। मरीजों को दवा बांटी गई। इसके अलावा डॉ. अल्तमश खान, डॉ. राजेश चंद्रा, होम्योपैथिक डॉ. गौरव, विमल किशोर सिंह ने भी मरीजों को परामर्श देने के साथ ही दवाइयां बांटी। वहीं अन्य डॉक्टरों ने आये मरीजों का परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि पीएचसी में 106 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां बांटी गई। जिसमें चर्म रोग, लीवर पेट से संबंधित, सांस, मधुमेह, उच्च रक्त चाप, खून की कमी, गर्भवती महिला, सर्दी, जुकाम, बुखार के अलावा अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीज पहुंचे। इस मौके पर अवनीश मिश्रा, सिद्धार्थ अवस्थी, अमित कुशवाहा, सतीश कुमार, विपिन पांडेय, विकास निषाद समेत स्वास्थ्य कर्मी आदि लोग मौजूद रहे।


मरीज का परीक्षण करते डॉक्टर।

### बाबा नीम करौली स्थापना दिवस पर भक्तों ने राहगीरों को बांटा शर्बत

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार :** पिहानी में रौज़ा सदर जहां,कटरा बाजार और पूरे कस्बे में बाबा नीम करौली के स्थापना दिवस पर भक्तो की धूम रही। इस बीच विधायक प्रतिनिधि विपिन मिश्रा भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, शिब्बू मिश्रा ,पूर्व सभासद राजीव गुप्ता ,राजीव पटवा ,लालू हलवाई ,पियूष शुक्ला आदि लोगों ने राहगीरों को शर्बत पिलाया। बताते चले कि 15 जून को प्रतिवर्ष प्रतिष्ठा दिवस के रूप में मनाया जाता है।नीम करौली बाबा ने स्वयं भी कैंची धाम का प्रतिष्ठा दिवस 15 जून को तय किया था। नीम करौली बाबा ने 10 सितंबर 1973 को महासमाधि ली थी और भौतिक शरीर को छोड़ा था। उनके अस्थि कलश को कैंची धाम में स्थापित किया गया था और इस तरह बाबा के भक्तों ने बाबा के मंदिर का निर्माण कार्य 1974 में शुरू किया।15 जून 1976 को महाराज की मूर्ति की स्थापना और अभिषेक किया गया और उस समय सभी ने नीम करोली बाबा की भौतिक मौजूदगी महसूस की। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू रहे। कार्यक्रम में वैदिक चंद्रशेखर त्रिपाठी ,पूर्व प्रधान रामेंद्र अग्निहोत्री ,गोविंद अग्निहोत्री, और कमलापुर से बबला चौहान, सर्वेंद्र सिंह और मुरादाबाद से सुमन कार्यक्रम में शामिल हुई।

### ट्रेन में चढ़ते महिला के बैग से लाखों का सामान लेकर फरार

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार :** हरदोई रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक से शहर कोतवाली क्षेत्र के धर्मशाला रोड अरुणेश वाजपेई वाली गली की रहने वाली पूजा देवी हरदोई रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 14307 प्रयागराज संगम बरेली मुगलसराय एक्सप्रेस से हरदोई से तिलहर के लिए शयनयान श्रेणी के S-1 कोच की सीट नंबर 44 पर यात्रा करने के लिए जैसे ही ट्रेन में चढ़ रही थी कि तभी अराजकतत्वों द्वारा पूजा देवी के बैग में रखें पर्स को पार कर दिया। पूजा देवी ने बताया कि उनके पर्स में लगभग 65000 नगद और कान के इयरिंग मंगलसूत्र एक छोटा एक बड़ा रिंग रखा था जिसको की अराजकतत्व अपने साथ लेकर फरार हो गए हैं। पूजा देवी के मुताबिक अराजकतत्व लगभग लाखों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए हैं। इस मामले में पूजा देवी की ओर से राजकीय रेलवे पुलिस हरदोई को तहरीर दे दी गई है। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है जल्दी मामले में खुलासा किया जाएगा।

### थमरवा ने हरदोई को सात विकेट से हराया

**पिहानी, हरदोई, अमृत विचार :** विकासखंड पिहानी के ग्राम अंदा इब्राहिमपुर में रविवार को कोटरा प्रीमियर लीग टूर्नामेंट सीजन-7 का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख कुशी बाजपेई ने फीता काटकर किया। जिला पंचायत सदस्य सोनू भारती, ग्राम प्रधान रमाकांत सक्सेना, क्षेत्र पंचायत सदस्य सावित्री देवी, बहादुरनगर के प्रधान संजय एवं देवमलपुर के प्रधान साजिद विशेष रूप से मौजूद रहे। टूर्नामेंट के नौवें मुकाबले में हरदोई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में 159 रन का लक्ष्य रखा। टीम की ओर से कप्तान राजवीर ने 30 गेंदों पर 30 रन (5 चौके, 1 छक्का), चमन ने 20 गेंदों पर 30 रन और राघव ने आक्रामक पारी खेलते हुए 19 गेंदों पर 40 रन (3 चौके, 4 छक्के) बनाए।थमरवा की ओर से गेंदबाजी में जीशान और मोनू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए।जवाब में थमरवा की टीम ने मात्र तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। आकिब ने 32 गेंदों पर 54 रन (6 चौके, 3 छक्के) और ध्रुव ने 31 गेंदों पर 45 रन (3 चौके, 3 छक्के) की शानदार पारियां खेलीं।थमरवा की इस शानदार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले मोनू गाजी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### शहीद उद्यानयोग को जीवनचर्या में करें शामिलः मधुर


शिविर में योग का अभ्यास करते पालिका अध्यक्ष मधुर मिश्रा। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार :** 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह का रविवार को शहीद उद्यान में उद्घाटन हुआ। योग सप्ताह का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजित योग शिविर में योग प्रशिक्षक हरवंश सिंह व उनकी टीम ने बड़ी संख्या में लोगों को योग कराया। उपस्थित लोगों को विभिन्न आसन कराए गए। मुख्य अतिथि ने कहा योग हमारे स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। सभी को इसे अपनी जीवनचर्या में शामिल करना चाहिए। जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम प्रकाश व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार मौजूद रहे।

### खेत में मिला शव, लोगों को हत्या या हादसा की आशंका

**हरदोई, अमृत विचार :** 82 साल की केतुका शनिवार की शाम को अपने घर से बाहर निकली,उसके बाद वापस नहीं लौटी,घर वाले उसे ढूंढ रहे थे,उसी बीच अगले दिन रविवार की शाम को उसका शव बेहंदर कस्बे में एक मेडिकल स्टोर के पीछे खेत में पड़ा हुआ देखा गया। इसका पता होने पर वहां लगी भीड़ हत्या या फिर हादसा होने के बारे में बहस करती दिखाई दी। बताया गया है कि कासिमपुर थाने के बेहंदर खुर्द की 82 वर्षीय केतुका शनिवार की शाम को घर से कहीं निकल गई थी,काफी देर बाद जब वापस नहीं लौटी,घर वाले उसे ढूंढने लगे। उसी बीच रविवार की शाम को बेहंदर कस्बे में एक मेडिकल स्टोर के पीछे खेत में शव पड़ा होने का शोर सुन कर वहां पहुंची भीड़ के बीच केतुका के रूप में शव की शिनाख्त की गई। उसी दौरान भीड़ के बीच इस बात पर बहस हो रही थी कि केतुका की हत्या कर शव फेंका गया या किसी हादसे का शिकार हुई। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा,उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# करंट की चपेट में आकर दंपति की मौत

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली के दिरगज खेड़ा गांव में रविवार को करंट की चपेट में आकर झुलसे पति को बचाने में पत्नी की भी मौत हो गई। खेत लौटे बेटे ने माता-पिता को जमीन पर पड़ा देख अचेत समझ कर अस्पताल लाया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

अजगैन कोतवाली अंतर्गत दिरगजखेड़ा गांव निवासी रामनरेश (45) पुत्र राम जीवन खेती कर अपने अपने परिवार का पालन पोषण करता था। इसमें उसकी पत्नी और बेटे भी हाथ बटाते थे। रविवार को वह पत्नी कीर्ति (40) व बेटे आदित्य के साथ

▸▸ **बेटे के खेत से लौटने पर हुई जानकारी**



कीर्ति व रामनरेश की फाइल फोटो।

खेत पर गया था। जहां से दंपति दोपहर में घर लौट आए। कुछ देर बाद बेटा आदित्य लौटा तो अपने माता-पिता को कमरे में अचेत अवस्था में देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे जिनकी मदद से परिजन दंपति को एंबुलेंस से नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। यह सुनते परिजनों में कोहराम मच गया। दंपति के तीन बेटे ललित, आदित्य व प्रियांशु का रो रोकर बुरा हाल है। बेटे आदित्य ने बताया की सभी लोग खेत गए थे। दोपहर में पिता और मां पहले घर वापस आ गए। बताया कि घर में करीब 4 दिन पहले लाइट का बोर्ड फुंक गया था। वहीं पंखा रखा था और तार पड़ा था। इससे पंखे का तार लगाने व करंट से उतरने से पिता राम नरेश के चपेट में आने और उन्हें बचाने में कीर्ति की मौत होने के की संभावना जताई गई। वहीं शवों के पोस्टमार्टम में इलेक्ट्रिक शॉक से मौत होने की बता सामने आई है।

# फाल्टों ने उड़ाई लोगों की नींद, बिजली गुल रहने से तड़पे हजारों

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के बीच नगर की बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शनिवार रात अलग-अलग स्थानों पर केबल फाल्ट के कारण मिश्रा कॉलोनी फीडर सहित कई क्षेत्रों में घंटों तक विद्युत सप्लाई बाधित रही। इस दौरान हजारों उपभोक्ता गर्मी में तड़पते रहे और विद्युत विभाग को कोसते रहे।

शनिवार रात करीब 12 बजे अंबिका स्कूल के पास भूमिगत एचटी केबल ओवरहीट होकर दग गई। इससे मिश्रा कॉलोनी फीडर से जुड़े मिश्रा कॉलोनी,

**समस्या**

▸▸ **केबल दगने से रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक बंद रहा मिश्रा कालोनी फीडर**

चंपापुरवा, गोताखोर, राजीव नगर खंती, तेजीपुरवा, मनसुख खेड़ा, कर्बला, गगनी खेड़ा, सरैयां सहित दर्जनों मोहल्लों की बिजली सप्लाई पूरी रात ठप रही। रविवार सुबह 6 बजे तक लाइन स्टाफ ने केबल की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल की, तब जाकर लोगों को राहत मिल सकी। उधर, विष्णुपुरी में भी शनिवार रात करीब साढ़े 11 बजे एबीसी केबल गर्मी के चलते जल गई, जिससे सैकड़ों घरों की



राजधानी मार्ग पर विद्युत लाइन की मरम्मत करते कर्मी। अमृत विचार

बिजली गुल हो गई। रविवार सुबह 8 बजे तक आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। इसके अलावा नगर में कई स्थानों पर छोटी-छोटी फाल्टों के कारण बार-बार बिजली बाधित होती रही, जिससे लोग रातभर परेशान होते रहे। बिजली न आने से लोग न तो सो सके, न ही पंखा-कूलर चला सके। बढ़ते तापमान के बीच पूरी रात लोगों को बिना बिजली के गुजारनी पड़ी, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

**क्षमता बढ़ाने के बावजूद भी ओवरलोड बनी समस्या**

नगर के कई मोहल्लों में बिजली ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ाए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। गोपीनाथपुरम स्थित किड्जी स्कूल के पास और रहमत नगर में अनीश कबाड़ी के पास लगे 250 केवीए के ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड के कारण पूरी रात ट्रिप करते रहे। इसके चलते इन क्षेत्रों की सप्लाई बार-बार बाधित होती रही और उपभोक्ता परेशान होते रहे।

# परियर श्मशान घाट की बदहाली से लोग परेशान

## बुनियादी सुविधाओं के अभाव में अंतिम संस्कार में आए लोग चटक धूप में घंटों रहते हैं बेहाल

**अमृत विचार मुद्दा**

संवाददाता, परियर, उन्नाव

**अमृत विचार:** सदर तहसील के अंतर्गत गंगा तट पर स्थित परियर श्मशान घाट पर रोजाना दर्जनों शवों का अंतिम संस्कार होता है, लेकिन यहां की बदहाल व्यवस्था लोगों की पीड़ा को और गहरा कर रही है। धूप, धूल और अव्यवस्था के बीच अंतिम संस्कार करने आने वाले लोग बुनियादी सुविधाओं के अभाव में घंटों तक बेहाल रहते हैं।

स्थानीय ग्रामीण श्याम किशोर, प्रेम निषाद, मुन्ना सिंह, सुरेन्द्र, मनमोहन और शिवकुमार ने बताया कि उनके पूर्वजों के अंतिम संस्कार इसी घाट पर होते आए हैं और वे परंपरा को निभाते हुए यहीं शवों का दाह संस्कार करते हैं। लेकिन, यहां न तो छांव की कोई व्यवस्था है, न पीने के पानी का इंतजाम, और न ही बैठने के लिए कोई चबूतरा या बेंच। श्मशान घाट पर नियुक्त सफाईकर्मी छोटेलाल का कहना है कि रोज़ लगभग 25-30 शव



धूप से बचने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे बैठे लोग। अमृत विचार

**क्षतिग्रस्त हो गया एक दशक पहले बना शवदाह स्थल**

लापरवाही का आलम यह है कि घाट पर एक दशक पहले बना टीनशेड और चबूतरा अब खंडहर में तब्दील, उपयोग न के बराबर है। जिस कारण दूर दराज से आने वाले लोगों को क्रियाकर्म के दौरान परेशानी उठानी पड़ रही है। लेकिन जिम्मेदार लोगों का इस ओर ध्यान नहीं जा रहा है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं।



एक दशक पहले बना शव दाह संस्कार का चबूतरा व टीन शेड।

आते हैं। हजारों की संख्या में लोग श्मशान घाट पर पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें धूप से बचाने के लिए एक पेड़ तक नहीं है। लोग ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे बैठकर धूप से बचने की कोशिश करते हैं और सरकार को कोसते हैं। स्थानीय शिक्षक लखन तिवारी ने कहा, यहां राजा हो या रंक, सभी को आना है। लेकिन घाट की जो दशा है, वह मृत व्यक्ति के साथ आने वाले लोगों को भी पीड़ा में डाल देती है। घाट के पुरोहित रोहित तिवारी ने बताया कि करीब एक दशक पहले शासन द्वारा कुछ दूरी पर एक शवदाह स्थल बनवाया गया था, जहां टीनशेड, हैंडपंप और शौचालय की व्यवस्था की गई थी। लेकिन वह योजना ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई और आज वह ढांचा खंडहर बन चुका है। अब वहां कोई नहीं जाता। उन्होंने मांग की कि यहां एक बड़ा छायादार शवदाह स्थल बने जिसमें एक साथ 6-8 शवों का दाह संस्कार किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका या ग्राम पंचायत की ओर से कभी भी घाट की स्थायी सफाई या ढांचागत विकास की कोई कोशिश नहीं की गई। जिससे यहां शव यात्रा में शामिल होने वालों को मानसिक पीड़ा के साथ शारीरिक तकलीफ भी झेलनी पड़ती है।

**घाट में प्रचंड धूप में अंतिम संस्कार**



परियर श्मशान घाट पर प्रचंड धूप में दाह संस्कार करते लोग। अमृत विचार

प्रतिदिन कई शव अंतिम संस्कार के लिये आते हैं छांव के अभाव में सिर पर अंगोछा डालकर परिजन दाह संस्कार करते हैं। वहीं शव यात्रा में शामिल होने आये लोग छावं की तलाश करते हुए बेर पेड़ के नीचे बैठ जाते हैं।

## एक नजर

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गंगाघाट कार्यकारिणी में हुआ बदलाव

**शुक्लागंज, उन्नाव :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गंगाघाट नगर कार्यकारिणी में रविवार को बड़ा फेरबदल किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर, आवास विकास उन्नाव में आयोजित बैठक में जिला कार्यवाह आशीष ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की। गोपीनाथपुरम निवासी विजय बहादुर को जिला सह व्यवस्था प्रमुख का दायित्व सौंपा गया। वे पूर्व में जिला संपर्क प्रमुख थे। उनके स्थान पर ऋषि नगर निवासी भूपेन्द्र को नया जिला संपर्क प्रमुख नियुक्त किया गया है। वहीं राम नगर निवासी नीरज को नगर कार्यवाह की जिम्मेदारी दी गई, जो पहले सह नगर कार्यवाह थे। गांधी नगर निवासी अधिवक्ता सुनील जी को पहली बार दायित्व देते हुए सह नगर कार्यवाह बनाया गया है। इस फेरबदल को संगठन के आगामी लक्ष्यों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जहरीले कीड़े के काटने से दो की बिगड़ी हालत

**बांगरमऊ, उन्नाव :** तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में जहरीला कीड़ा काटने से एक महिला सहित दो लोगों की हालत बिगड़ गई। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दोनों को नाज़ुक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुप्पापुर निवासी शिवरतन सिंह का बेटा सूरज सिंह (30) रविवार को अपने खेत में काम कर रहा था। तभी दोपहर के समय अचानक किसी जहरीले कीड़े ने उसके बाएं हाथ में डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देखकर परिजन आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाज़ुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के ग्राम पखरापुर निवासी रामविलास की पत्नी प्रियंका (23) बीते शनिवार को देर शाम अपने घर में घरेलू काम कर रही थी। तभी अचानक अंधेरे में छिपे बैठे किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे महिला की हालत बिगड़ गई। स्थानीय सीएचसी उसे भी नाज़ुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### तमंचे के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार

**फतेहपुर चौरासी, उन्नाव :** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने शनिवार को शाम एक गैंगस्टर एक्ट के शातिर अपराधी को एक तमंचा व एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। दरोगा अरुण उपाध्याय हमराही हिमांशु चौधरी के साथ शनिवार को अपरान्ह चार बजे के करीब गाँव पट्टी हमीद के एक स्कूल के पास से अमित पुत्र सुरेश निवासी कंजड़ पुरवा दौलतयार थाना माधौगंज हरदोई को एक तमंचा 315 बोर एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर अपराधी है। इसके खिलाफ हरदोई में गैंगस्टर एक्ट सहित चार अपराधिक मामले दर्ज हैं।

**गर्भवती महिला से मारपीट गर्भस्थ शिशु की मौत**

**औरास (उन्नाव), अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के दिपवल गांव निवासी शब्बो पत्नी मोहम्मद असलम ने आरोप लगाया है कि पांच मई की सुबह गांव के खलील, फिरोज, परवेज व उस्मान ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से बुरी तरह मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान पेट में लात मारे जाने से शब्बो का गर्भपात हो गया, जिसकी पुष्टि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के दौरान हुई। पीड़िता का कहना है कि हमलावरों ने घर का मुख्य गेट भी तोड़ दिया। मामले में पीड़िता ने औरास थाने में लिखित तहरीर दी है। थाना प्रभारी ने जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

# योग सप्ताह का भाजपा जिला अध्यक्ष और डीएम गौरांग राठी ने किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**आयोजन**

**अमृत विचार:** निराला उद्यान परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी और जिलाधिकारी गौरांग राठी ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन अवसर पर विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताते हुए लोगों से नियमित योग को जीवनशैली में शामिल करने का आह्वान किया। वहीं अनुराग अवस्थी ने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य



चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम व उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी।

धरोहर बताया। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 जून 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता प्रदान की थी। आगामी 21 जून को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। योग सप्ताह के दौरान प्रतिदिन योगाभ्यास सत्र आयोजित किए जाएंगे।

**आयुष विभाग की भूमि पर पौधारोपण किया गया, उन्नाव:** योग दिवस के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरित योग के अन्तर्गत एक नई पहल जो योग के सिद्धांतों को पर्यावरण के संरक्षण की अवधारणा से जोडती है। प्रकति संरक्षण हेतु एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाध्यक्ष भाजपा अनुराग अवस्थी द्वारा टीकमगढी में आयुष विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में आयुष विभाग की भूमि पर पौधारोपण किया गया। साथ ही सभी ने पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया।

# गायत्री साधना से जीवन में आती है सुख, शांति व समृद्धि

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** डीएसएन कॉलेज रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ में यज्ञ पूजन का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल द्वारा गायत्री माता की उपासना, पूजन-अर्चन से की गई। यज्ञ संचालन महिला मंडल प्रमुख दीनू शुक्ल और मालती मिश्रा ने किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि गायत्री उपासना मानव जीवन की आवश्यकता है और यह विश्व धर्म के रूप में प्रतिष्ठित है। गायत्री साधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव (एडवोकेट) ने कहा कि गायत्री यज्ञ से मानसिक शुद्धता और आध्यात्मिक बल प्राप्त होता है, जिससे जीवन की समस्याएं सहज रूप से हल होती हैं। यज्ञ के माध्यम से विश्व कल्याण की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम में विश्वास त्रिपाठी, ईश्वरानंद बाजपेई, जगदेव शर्मा, मीरा तिवारी, सुनीता त्रिपाठी, अशोक दीक्षित, रामजी, तिलक श्रीवास्तव समेत अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

**पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दी आहुतियां, शुक्लागंज (उन्नाव):** परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में रविवार को ऋषि नगर, शुक्लागंज में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन हुआ। प्रातः 8 बजे से शुरू हुए यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और विश्व शांति एवं कल्याण के लिए आहुतियां समर्पित कीं। कार्यक्रम की शुरुआत प्रज्ञा गीत गुरूवर दया के सागर... से हुई। यज्ञ के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सायं 6 बजे से 551 दीपों से सुसज्जित गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें दीप प्रज्ज्वलन के साथ मंत्रोच्चार कर आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन टोली नायक राजेश बाजपेई, राम नरेश व अनुज ने किया। इस अवसर पर सीमा पर तैनात सैनिकों की शक्ति, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए विशेष आहुतियां अर्पित की गईं। कार्यक्रम में आर.सी. गुप्ता, संग्राम सिंह, सदाशिव त्रिपाठी, विनय शर्मा, रीना गुप्ता, प्रद्युम्न मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ परिजन आदि लोग उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### शिक्षकों का ग्रीष्मावकाश 30 तक बढ़ाए जाने की मांग

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित विद्यालयों में भी शिक्षकों का ग्रीष्म अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा है कि सचिव बेसिक शिक्षा परिषद ने परिषदीय छात्रों के लिये ग्रीष्मावकाश 30 जून तक बढ़ाते हुए 1 जुलाई से शिक्षक कार्य करने हेतु निर्देश जारी किया गया है, किन्तु शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को 16 जून से ही विद्यालय पर उपस्थित रहकर विद्यालीय कार्य सम्पादित करने का निर्देश दिया गया है। गर्मी के बढ़ते तापमान में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है। हीट स्ट्रोक से प्रदेश में लगातार लोगों की मौत की खबरे समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहीं है। मौसम विभाग की सूचना के अनुसार गर्मी और भी बढ़नी हैं शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को जिले के दूर-दराज स्थित स्कूलों में आना-जाना होता है। बच्चों के स्कूलों में ना रहने से शिक्षकों की भाग-दौड़ को कोई औचित्य नहीं है। शेष विद्यालय दायित्वों का सम्पादन स्मार्ट फोन के जरिये घर से ही सम्भव हो सकता है। इसलिए आपसे मेरा विनम्र अनुरोध है कि शिक्षकों के लिये भी ग्रीष्मवकाश 30 जून तक बढ़ाए जाने का निर्देश प्रदान करने की अनुकम्पा की जाए।

### मारपीट के मामलों में 6 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**सफीपुर (उन्नाव), अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में मारपीट के मामले सामने आए हैं। परियर चौकी के बंदनपुरवा निवासी बसंती ने ससुर, देवर व ननद सहित चार पर मारपीट का आरोप लगाया है। तहरीर में कहा गया कि पारिवारिक विवाद को लेकर 13 और 14 जून को उसके व पति व बच्चों के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई, जिससे सभी घायल हो गए। वहीं दूसरी घटना कस्बे के सराय फजल अजीम मोहल्ले की है, जहां शांति देवी ने खेत की सिंचाई को लेकर विनोद व उसके पुत्र रंजीत द्वारा गाली-गलौज और मारपीट की तहरीर दी। इस पर कोतवाली पुलिस ने दोनों मामलों में कुल छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

### सीएचसी में निजी अस्पतालों की बढ़ती दखलअंदाजी




सीएचसी से प्रसूता महिला को ले जाती निजी एम्बुलेंस। अमृत विचार

**संवाददाता हसनगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** सीएचसी हसनगंज में प्राइवेट अस्पतालों की एम्बुलेंस की लगातार आवाजाही और स्टाफ की मिलीभगत से गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि प्रसूता महिलाओं को बरगला कर प्राइवेट अस्पतालों में भेजा जाता है, जहां सामान्य प्रसव को भी सर्जरी में बदल दिया जाता है। सूत्रों के मुताबिक, सीएचसी स्टाफ और कुछ आशा बहुओं की मिलीभगत से यह खेल लंबे समय से चल रहा है। नियमों के अनुसार अस्पताल परिसर में केवल सरकारी 102 और 108 एम्बुलेंस की अनुमति है, फिर भी निजी एम्बुलेंस व अस्पताल संचालक परिसर के भीतर सक्रिय रूप से मरीजों को बहला-फुसलाकर ले जाते हैं। हसनगंज सीएचसी दर्जनों गांवों व नगर पंचायतों को स्वास्थ्य सुविधा देता है, और हर माह सौ से अधिक प्रसव होते हैं। लेकिन परिसर में सक्रिय निजी अस्पतालों की सेटिंग के कारण कई बार जानलेवा परिणाम भी सामने आए हैं। जब सीएचसी प्रभारी से इस संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि स्टाफ को अल्टीमेटम दिया जाएगा और नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरण का लाइव प्रसारण

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** रविवार को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा 60,244 नवचयनित पुलिस कर्मियों को नियुक्ति पत्र बांटे गए। इस ऐतिहासिक क्षण का लाइव प्रसारण गंगाघाट कोतवाली परिसर में किया गया, जिसे देखने के लिए नगर के गणमान्य नागरिकों और पालिका के सभासदों ने उपस्थिति दर्ज कराई। गंगाघाट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार मिश्रा ने कोतवाली परिसर में विशेष रूप से लाइव प्रसारण की व्यवस्था कराई। इस दौरान स्थानीय पुलिसकर्मी, कोतवाली स्टाफ तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एकत्र होकर केंद्रीय गृहमंत्री का संबोधन एवं नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम देखते नजर आए। लाइव प्रसारण के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने नवचयनित जवानों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये नियुक्तियां कानून व्यवस्था को सशक्त बनाएंगी। कार्यक्रम को लेकर पुलिस कर्मियों में खासा उत्साह रहा। यहां आदित्य त्रिपाठी, प्रत्यय गुप्ता, नीलकमल दीक्षित व सभासद मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**संवाददाता, बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** ब्लॉक गंजमुरादाबाद के सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 गौरवशाली वर्षों के पूर्ण होने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने कार्यकर्ताओं को 2047 तक विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई। विधायक कटियार ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और सक्रिय भागीदारी ही संगठन की असली ताकत है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रधानमंत्री मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धियों को घर-घर तक पहुँचाया जाए और प्रत्येक कार्यकर्ता विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दे। बैठक में जिला सहकारी संघ अध्यक्ष पुत्तीलाल गौतम, मण्डल अध्यक्ष सोनू सिंह, शीतेश सिंह, पूर्व चेयरमैन रामनरेश कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रावेन्द्र सिंह, राघवेंद्र प्रताप उर्फ गुड्डू सिंह, अरुणेंद्र पटेल, अजय तिवारी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य केंद्र की खस्ताहाल व्यवस्था पर आप ने जताई चिंता

**संवाददाता नवाबगंज, उन्नाव, अमृत विचार :** नवाबगंज ब्लॉक स्थित चमरौली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आम आदमी पार्टी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर प्रत्येक माह चलने वाले रचनात्मक कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित किया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने परिसर की साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने जनपद के स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में मरीजों, डॉक्टरों और कर्मचारियों की सुरक्षा और सेहत के लिए स्वच्छता बेहद जरूरी है। इस अवसर पर जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, मीडिया प्रभारी शरीफ खान, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष दीपू कुमार, महासचिव भानुप्रकाश, कार्यकारिणी सदस्य रईस अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महिला हेल्पडेस्क की पहल पर सुलझे 27 वैवाहिक विवाद

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में उन्नाव जिले के सभी थानों में संचालित महिला हेल्पडेस्क ने एक सराहनीय पहल करते हुए पति-पत्नी के बीच चल रहे 27 वैवाहिक विवादों का सफल समाधान किया। महिला हेल्पडेस्क और परिवार परामर्शदाताओं की टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग कराकर आपसी मतभेदों को दूर किया गया और परिवारों को टूटने से बचाया गया। काउंसलिंग के उपरांत महिला थाना से 6, थाना सफीपुर व कोतवाली सदर से 3-3, थाना गंगाघाट, सोहरामऊ, अजगैन, बांगरमऊ, औरास व फतेहपुर चौरासी से 2-2 और थाना माखी, हसनगंज तथा बारासगवर से 1-1 जोड़े को आपसी सहमति के साथ सकुशल विदा किया गया। इस कार्य में प्रभारी, परिवार परामर्श केन्द्र समिति की शिल्पी श्रीवास्तव, डॉ. अवसार अली, डॉ. सगीर अहमद एवं महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह, निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, अवनीश कुमार सिंह महिला पुलिस अधिकारियों की टीम का विशेष योगदान रहा।


**कार्यक्रम** नवम् अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, साहित्य और सम्मान का देखने को मिला भव्य संगम

# साहित्य की मुरझाई बेलों को फिर से हरा-भरा करने का प्रयास...

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** साहित्य समाज का दर्पण है और सद्मार्ग दिखाने का सशक्त माध्यम भी इसी भावना के साथ अभ्युदय सेवा संस्थान द्वारा नार्मल मैदान में नवम् अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह समर्पण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष, हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता ओ.पी. तिवारी ने कहा कि साहित्य की मुरझाई बेलों को फिर से हरा-भरा करने का प्रयास जनपद के नवांकुरों को नई दिशा दे रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत वीर नारियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुई। संस्था की ओर से



कविता पाठ करते हरिओम पवार।

वीर नारियों निम्मी अरोड़ा, गुड़िया चौहान, जयति यादव, डॉली त्रिपाठी, गीता मिश्रा आदि का सम्मान किया गया। तत्पश्चात लगभग सौ पूर्व सैनिकों को शौर्य व साहस के प्रतीक स्वरूप पुष्प वर्षा कर सम्मानित किया गया। साहित्यिक कार्यक्रम का



कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में उमड़ी लोगों की भीड़। अमृत विचार

आरंभ आगरा की डॉ. रुचि चतुर्वेदी की वाणी वंदना से हुआ। वीर रस के कवि अभिमन्यु शुक्ल तरंग ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता से जोश भर दिया। उन्नाव की मीनाक्षी दिनेश की संवेदनशील रचना और हास्य कवि मधुप श्रीवास्तव की चुटीली पंक्तियों ने खूब सराहना बटोरी। देवेन्द्र प्रताप आग और अखिलेश द्विवेदी ने ओज और हास्य से माहौल गर्माया। डॉ. हरिओम पवार की राष्ट्रवादी कविताओं ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर साहित्य, कला, शिक्षा, चिकित्सा, वाणिज्य, विधि एवं समाज सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को भी सम्मानित किया गया। इनमें सीमा वाजपेई, विनीत मिश्र, उमा शंकर यादव निशंक, वत्सला बाजपेई, डॉ. अमित गौरैया, डॉ. नमन निगम, कांति मोहन गुप्ता, रजनीकांत श्रीवास्तव, योगेश त्रिपाठी, हरिशरण गुप्ता आदि प्रमुख रहे। कवियों में डॉ. सर्वेश अस्थाना, स्वयं श्रीवास्तव, प्रवीण पांडेय प्रज्ञार्थ, कमलेश शुक्ल कमल, अनिरुद्ध सौरभ समेत अनेक साहित्यकारों को सम्मान मिला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष सिंह सेंगर और अनुरुद्ध सौरभ ने किया। अंत में आभार डॉ. मनोज श्रीवास्तव ने जताया। इस गरिमामयी आयोजन में जनपद की कई प्रतिष्ठित हस्तियाँ एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**समारोह में डॉ. हरिओम पवार को 'अभ्युदय सम्मान 2025' से किया गया सम्मानित**

वीर नारियों में विमला अवस्थी, सीमा सिंह, किरण यादव और तरन्नुम खान को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जबकि पूर्व सैनिकों में राकेश द्विवेदी, अनूप शुक्ल, ए.के. दीक्षित, संजय फौजी, उमेश चंद्र बाजपेई आदि को सम्मान प्राप्त हुआ। डॉ. हरिओम पवार को 'अभ्युदय सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### 1.7 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना पुलिस ने शनिवार रात एक सक्रिय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से करीब 864 ग्राम हेरोइन बरामद की। इसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ 70 लाख रुपये बताई जा रही। यह कार्रवाई पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशनल यूनिट लखनऊ के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार तस्कर की पहचान साद निवासी ग्राम टिकरा उस्मा थाना जैदपुर के रूप में हुई है। उसे दारापुर मोड़, लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर 14 जून की रात करीब 10:50 बजे गिरफ्तार किया गया।

### सरकारी अस्पतालों में आप ने चलाया सफाई अभियान

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी जिलों के सरकारी अस्पताल- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में साफ़ - सफ़ाई का अभियान चलाया गया। जिसमें जिलाध्यक्षों ने बढ़ चढ़ कर अपने अपने जिलों में सामुदायिक केंद्रों पर सफाई की। आप के प्रदेश प्रवक्ता महेन्द्र सिंह ने कहा कि आप की पहचान संघर्ष, जनता की सेवा और रचनात्मक कार्यक्रमों से होती है, इसलिए जनता से जुड़े हुए मुद्दों के लिए संघर्ष करना और उसकी सेवा करना ही आप के एक-एक कार्यकर्ता का प्राथमिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अपने आसपास फैली गंदगी को साफ़ करना हम सबका दायित्व है, इसे करने में कोई शर्म नहीं होनी चाहिए।

# मक्का चोरी का विरोध करने पर पीटकर हत्या

## बारिश के दौरान सड़क पर पड़ी मक्का समेटने गया था युवक

संवाददाता, तिर्वा



घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संदिग्ध अवस्था में युवक का खून से लथपथ शव मिला। जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने छह लोगों पर पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के खखरियापुर गांव निवासी प्रदीप कुमार (35) ने शनिवार को गांव के पास से ईशन नदी पुल कपूरापुर-तिर्वा मार्ग पर मक्का को सुखाने के लिए डाल रखी थी। रात में तेज आंधी व बारिश होने पर वह सड़क किनारे पड़ी मक्का को समेटने व ढंकने की बात कहकर घर से निकल आया। इसके बाद घर नहीं लौटा। रविवार सुबह मक्का के पास वह लहूलुहान अवस्था में पड़ा था। ग्रामीणों ने देखा तो परिजनों को सूचना दी। परिजन पहुंचे लेकिन तब तक प्रदीप की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। मृतक की पत्नी मनोरमा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को मक्का बंद करने (ढांकने) के लिए उसके पति प्रदीप बाइक से जेठ बलवीर सिंह के साथ गए थे। बाइक की रोशनी में देखा तो सुजानसराय गांव निवासी अंकित, अमित पुत्रगण कमलकिशोर, रोशन लाल पुत्र नियामत सिंह, श्याम सिंह पुत्र रूपलाल व दो व्यक्ति अज्ञात मक्का की चोरी कर रहे थे। जब उसके पति ने विरोध किया तो उसकी पीट कर हत्या कर दी। जेठ के ललकारने पर सभी लोग मौके से फरार हो गए। मृतक का सोने का लाकेट व मोबाइल रोशनलाल के पास मिला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कोतवाल वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है।

- मृतक की पत्नी की तहरीर पर छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

# मार्निंग वॉक पर निकले एमकॉम छात्र की हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार।** मार्निंग वॉक पर निकले एमकॉम के छात्र की रविवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देकर हत्यारोपी फरार हो गया। परिजनों ने आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर जिला अस्पताल में हंगामा किया। काफी देर तक परिजनों को समझाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन किया है।



कर्तव्य पटेल।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव बदरपुर निवासी कर्तव्य पटेल (22) एमकॉम कर रहे थे। वह शहर के मोहल्ला शिवपुरम में रहते थे। उनके भाई हिमांशु पटेल ने बताया कि कर्तव्य पटेल रविवार सुबह करीब साढ़े 4 बजे अपने साथी उत्कर्ष मिश्रा, काका यादव और अजय पटेल उर्फ बाबा के साथ मार्निंग वॉक के लिए निकले थे। इस दौरान बाइक सवार शौर्य ठाकुर आया और डीएम रोड स्थित पवन बैंकट लॉन के पास तीन राउंड फायर किए। कर्तव्य पटेल की पीठ में गोली लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर गए, जबकि बाकी दोनों साथी बच गए। हमलावर के भागने के बाद दोनों साथियों ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन कर्तव्य को बरेली ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन शव दोबारा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे और हंगामा करने लगे। कहा कि वह आरोपी के गिरफ्तार होने से पहले पोस्टमार्टम नहीं कराएंगे। काफी देर तक सदर कोतवाल के समझाने पर परिजन माने और शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज तलाश शुरू कर दी है। मामले में सिटी सीओ रजनीश कुमार उपाध्याय बदरपुर निवासी हिमांशु की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा एक राजनीतिक गिरोह है : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा एक राजनीतिक गिरोह है। भाजपा में अपराधियों की भरमार है। वह भू माफियाओं को प्रश्रय देती है। भाजपा के लोग सरकारी और गरीबों की जमीनों पर जबरन कब्जा कर रहे है। भाजपा सरकार में यूपी अराजकता की गिरफ्त में है। भ्रष्टाचार, लूट और बेईमानी भाजपा सरकार की पहचान बन गयी है। सपा प्रमुख रविवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस के लोग स्वदेशी को लेकर बड़ी-बड़ी बाते करते है। आरएसएस प्रमुख केन्द्र सरकार को स्वदेशी अपनाने की बात क्यों नहीं कहते हैं। आज देश का पूरा बाजार चीनी सामानों से पटा हुआ है। केन्द्र सरकार का चीनी सामानों को रोककर स्वदेशी उत्पादों को अवसर क्यों नहीं दे रही है। केन्द्र सरकार की आर्थिक नीतियों की प्राथमिकता में स्वदेशी क्यों नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की आर्थिक नीतियां पूरी तरह असफल है। भाजपा की कथनी करनी विरोधाभासी है। केन्द्र की 11 वर्ष और प्रदेश की नौ वर्ष की भाजपा सरकार में कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हुआ है। उप्र. में केन्द्र और प्रदेश सरकार मिल कर अभी भी समाजवादी सरकार में किये गये विकास कार्यों का फीता काट रही है। भाजपा का आचरण अलोकतांत्रिक है। आगामी विधानसभा चुनाव में जनता की ताकत के सामने भाजपा की कोई साजिश सफल नहीं होगी। भाजपा का पन्ना प्रमुख कार्यक्रम भी काम नहीं आएगा।

### प्रत्येक न्याय पंचायत में कौशल विकास केन्द्र स्थापित हों

**लखनऊ।** महिला सशक्तिकरण पर राष्ट्रीय लोकदल(रालोद) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने कहा कि महिला शिक्षा के साथ कौशल विकास को जोड़ते हुये प्रत्येक न्याय पंचायत में कौशल विकास केन्द्र स्थापित होना चाहिये। इसके लिए रालोद हर संभव प्रयास करेगा। रालोद महासचिव, रालोद मुख्यालय में रविवार को "महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक न्याय" विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्य प्रवक्ता बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज की इस बैठक के माध्यम से रालोद, सरकार से यह आग्रह करेगा कि मनरेगा श्रमिकों के लिए 200 दिन कार्यदिवस एवं दैनिक पारिश्रमिक 500 रुपये प्रतिदिन निर्धारित किया जाय। शिविर में राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक शिव करन सिंह ने कहा कि प्रवासी एवं घरेलू कामगारों के लिए विशेष श्रम कानून का निर्माण किया जाय तथा श्रमिकों की सहायता एवं समस्याओं के निदान के लिए श्रमिक थाने के निर्माण के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के माध्यम से सरकार से वार्ता की जायेगी। शिविर की अध्यक्षता कर रहे श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने कहा रालोद प्रयास करेगा कि असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का न्यूनतम पेंशन 5000 रुपए प्रति माह किया जाए तथा महिला मेट के लिए 20 श्रमिकों की बाध्यता को समाप्त करने के लिए रालोद हर संभव कार्य करेगा। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि राज्य रोजगार गारण्टी परिषद एवं जिला मनरेगा निगरानी समिति के गठन के लिए रालोद सरकार से मांग करेगा। प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि सरकार से यह मांग की कि सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सहायता राशि एक लाख रुपये की जाय।

### 'रोजगार के महाकुंभ' में दिखा अनुशासन

**लखनऊ।** सूरज चढ़ने के साथ रविवार को 60,244 से अधिक युवाओं के सपनों को पंख लग गए। 'रोजगार के महाकुंभ' अनुशासन व सुव्यवस्था का संगम जिसने देखा मुरीद बन गया। छह ब्लॉक में 18 मंडल से आए अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था थी। उन्हें भंयकर गर्मी में पेयजल और जरूरत पड़ने पर दवाएं-इलाज की पूरी व्यवस्था थी। नियुक्ति पत्र लेने इतनी बड़ी संख्या में एक साथ पहुंचे अभ्यर्थियों के बावजूद यहां अनुशासन और सुव्यवस्था का जो संगम दिखा, सभी ने मुक्तकंठ से इसकी प्रशंसा की। प्रतिकूल मौसम में अनुकूल व्यवस्था पाकर अभ्यर्थी भी खुश नजर आए। बसों से आये नवचयनित अभ्यर्थी आयोजन स्थल पर एक साथ पंक्ति में जाकर बैठे। खाकी पैंट, सफेद शर्ट, सफेद टोपी पहने पुरूष अभ्यर्थी व सलवार सूट व साड़ी में 12000 से अधिक महिला अभ्यर्थियों का अनुशासन देखते ही बन रहा था। **मौसम भी न डिगा पाया हौसला :** विपरीत मौसम भी ऐतिहासिक नियुक्ति पत्र वितरण में आए अभ्यर्थियों का हौसला न डिगा पाया। यहां अभ्यर्थी अपने जिले से आए अधिकारियों के साथ अपने मंडल को निर्धारित ब्लॉक में जाकर बैठ गए। वहीं उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया।

### तेज रफ्तार वाहन ने क्रशर चौकीदार की जिंदगी छीनी

**महोबा।** कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कबरई क्रशर से रात में ड्यूटी कर सुबह साइकिल से घर जा रहे चौकीदारी को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह साइकिल के साथ हाईवे पर गिर गया। अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक तेज रफ्तार के साथ भाग निकला। कबरई के विशाल नगर मोहल्ले के रहने वाले मोहन तिवारी (65) कस्बे के ही एक क्रशर में चौकीदारी करता था। शनिवार की शाम वह घर से क्रशर ड्यूटी के लिए पहुंचा था। रात भर क्रशर में ड्यूटी करने के बाद रविवार की सुबह करीब सात बजे वापस साइकिल से घर जा रहा था, तभी क्रशर से कुछ आगे पहुंचने के बाद तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे चौकीदार की मौके पर ही सड़क पर गिरने के बाद मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग दौड़ पड़े और घायल को अस्पताल ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था कर रहे थे, इसी बीच चौकीदार ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना के बाद भागे अज्ञात वाहन की तलाश में पुलिस जुट गई है। चेक पोस्ट पर वाहनों की इंट्री देखी जा रही है, लेकिन आभी तक पुलिस वाहन चालक का सुराग नहीं लगा सकी है।

### अलग प्रदर्शित होंगी 6 राजकीय मेडिकल कॉलेजों की सीटें

**लखनऊ।** सरकारी मेडिकल कॉलेजों में जूनियर रेजीडेंट व डिमांस्ट्रेटर के पद के लिए सोमवार 16 जून 2025 से आयोजित होने वाली काउंसिलिंग में छह राजकीय कॉलेजों की सीट मैट्रिक्स पृथक-पृथक प्रदर्शित की होंगी। अभ्यर्थियों को इन कॉलेजों के लिए अलग से सीट की उपलब्धता देखना होगा। यह निर्देश चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक ने रविवार को आदेश जारी कर दिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह ने रविवार को बताया कि सरकारी मेडिकल कॉलेजों में फाइनल ईयर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 2019 बैच के एमबीबीएस चिकित्सकों को अनिवार्य सेवा बांड के तहत दो साल के मेडिकल कॉलेजों में तैनात किया जाएगा। जूनियर रेजीडेंट व डिमांस्ट्रेटर के पद आयोजित होने वाली काउंसिलिंग में कानपुर, आगरा, प्रयागराज, मेरठ, झांसी और गोरखपुर मेडिकल कॉलेजों की सीटों की मेट्रिक्स पृथक प्रदर्शित होंगी। हालांकि वेतनमान पद अनुरूप समान है।

### भाजपा मंडल स्तर पर आयोजित करेगी योग के कार्यक्रम

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने रविवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पार्टी के विभाग एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व सहसंयोजको के साथ विश्व योग दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा की। धर्मपाल ने कहा कि विश्व योग दिवस पर भाजपा मंडल स्तर पर योग के कार्यक्रम आयोजित करेगी। साथ ही प्रकोष्ठों और विभागों के माध्यम से भी जनमानस को योग से जोड़ने का काम करेगी। बैठक का संचालन विभाग एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश श्रीवास्तव ने किया।

# वन्य जीव गणना की फाइनल रिपोर्ट जून के अंत तक जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** वन एवं वन्य जीव विभाग द्वारा प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव विहारों और इनके बफर क्षेत्र में वार्षिक वन्य जीव गणना पूरी हो गई है। वार्षिक वन्य जीव गणना का परिणाम इस माह के ही अंत तक जारी किया जाएगा। ये वन्य जीव गणना 26 मई से शुरू होकर 14 जून को सम्पन्न हुई है।

इस वर्ष वन्य जीव गणना में विशेष रूप से बारहसिंघा, काला हिरन, चिंकारा, गैण्डा, घड़ियाल के साथ भालू और तेंदुए की भी गणना की जा रही है। इसके साथ ही अन्य शाकाहारी जीवों हिरन, सांभर, चीतल, नीलगाय, पाढ़ा, बंदर और लंगूर की भी गणना कराई गई है। प्रदेश में वन्य जीव गणना का कार्य मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक के निर्देशन में सभी मण्डल के मुख्य संरक्षकों के सुपरविजन में कराया गया है। मुख्य उद्देश्य प्रदेश में वन्य जीवों की संख्या और स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी प्राप्त करना है। जिसके आधार पर आगामी वर्षों में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए व्यापक योजनाओं का निर्माण किया जाता है। वन्य जीव गणना के संबंध में बताते हुए प्रदेश की प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनुराधा वेमुरी ने बताया कि इस वर्ष प्रदेश में वन्य जीवों की गणना का कार्य 26 मई 2025 से शुरू हुआ था जो कि 14 जून 2025 को संपन्न हुआ है। इस गणना का परिणाम इस माह के ही अंत तक जारी किया जाएगा।

# सिपाही बनीं बेटियों में दिखा उत्साह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** इतिहास में पहली बार रविवार को पुलिस विभाग में इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को एक साथ नियुक्ति पत्र सौंपे गए। सिपाही बनीं 12 हजार से अधिक बेटियों में उत्साह देखने लायक था। 48 हजार युवा भी खुशी से झूमते नजर आए। अभ्यर्थियों ने एक सुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना की।

**योग्यता बनी नियुक्ति का आधार :** बरेली की लवी चौहान ने कहा कि हमें मेहनत का फल मिला है। सीएम योगी की वजह से ईमानदारी से भर्ती संभव हो सकी है। एक भी रुपए कहीं देने की जरूरत नहीं पड़ी। वहीं, बरेली की इजमा बी ने कहा कि पहली बार योग्यता के आधार पर इतनी बड़ी संख्या में नौकरी मिली है। वहीं प्रीति अपने खानदान की पहली सरकारी नौकरी पाने वाली युवती बन गई हैं। उन्होंने कहा, यह सब सीएम योगी की नीतियों की वजह से संभव हो पाया है।

**घर-घर रोशनी, बेटियों को मिला सम्मान :** फिरोजाबाद की नीति यादव और बरेली की राधा पाल ने भी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब बेटियों को बराबरी का अवसर मिल रहा है। योगी सरकार की ईमानदार व्यवस्था से हजारों युवाओं के घरों में रोजगार का उजाला पहुंचा है। यह ऐतिहासिक भर्ती अभियान योगी सरकार की सुशासन और पारदर्शिता की मिसाल बनकर उभरा है। जहां एक ओर युवाओं को रोजगार मिला, वहीं दूसरी ओर लड़कियों को भी सम्मान और आत्मनिर्भरता की राह मिली।

### अब मेहनत करने वालों को मिल रहीं नौकरियां

प्रयागराज के अनुराग शर्मा ने बताया कि पहले की सरकार के दौरान पैसे वालों को ही नौकरी मिलती थी, लेकिन अब मेहनत करने वालों को मौका मिल रहा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम की निष्पक्ष परीक्षा व्यवस्था का परिणाम है।

### सीएम योगी की सख्त नीतियों के कारण ही मिला मौका

अमेठी के निवासी अखिलेश यादव ने बताया कि वे अपने परिवार के पहले व्यक्ति हैं, जिन्हें सरकारी नौकरी मिली है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नीतियों के कारण ही संभव हो पाया है।

# धार्मिक यात्राओं में बरती जाएंगी सावधानियां

**लखनऊ।** धार्मिक यात्राओं में लगीं हेलीकॉप्टर सेवाओं पर उठ रहे सवालों के बीच उत्तराखण्ड के साथ उत्तर प्रदेश में भी नये सिरे से एसओपी तैयार की जाएगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा के दौरान भी अगर हेलीकॉप्टर का प्रयोग हुआ तो पहले पूरी सावधानियां बरती जाएगी।

दरअसल, इसी साल जनवरी में भारत, नेपाल और चीन के बीच कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए हवाई सेवा को बहाल करने की खबर आयी थी। वहीं, चारधाम यात्रा के लिए भी उत्तर प्रदेश से यात्रियों का एक बड़ा जत्था जाता है। ऐसे में सिलसिलेवार हो रहीं हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को देखते हुए सख्त एसओपी बनाये जाने की तैयारी है।

# मानसून की दस्तक से लू लापता, गिरेगा तापमान

**लखनऊ।** प्रदेश में मानसून की दस्तक पाकर ही लू लापता हो गई है। लखनऊ समेत पूर्वांचल, मध्यांचल और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हवा के साथ बारिश होने की संभावना है। हवा की रफ्तार 40 से 50 किमी. प्रति घंटा की रहेगी। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, आने वाले चार दिनों में न केवल तापमान में 3 से 7 डिग्री की गिरावट होगी, बल्कि हीट वेव जैसी स्थिति पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी।

राज्य में मौसम तेजी से करवट ले रहा है। रविवार को ही तापमान में काफी गिरावट महसूस की गई। उत्तरी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में छिटपुट बारिश से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, अब लू का दौर खत्म होगा।

# पावर कॉरपोरेशन ने निजीकरण के लिए नियामक आयोग में दाखिल किया प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट पर अभिमत मांगा
- प्रस्ताव को वेबसाइट पर सार्वजनिक किया जाएगा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव के साथ ही निजीकरण का प्रस्ताव भी राज्य विद्युत नियामक आयोग में पेश किया है, जिसमें इसमें सलाहकार कंपनी ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट पर अभिमत मांगा गया है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि वर्तमान में देश के बड़े उद्योगपति अडानी, टाटा, एनपीसीएल व टोरेंट पावर समेत अन्य उद्योगपति निजीकरण के तहत नई बिजली कंपनियों को खरीदना चाहते हैं। उनकी पहली शर्त है कि बिजली कनेक्शन की दरों में बढ़ोतरी की जाय। साथ ही, बिजली की दरों में व्यापक बढ़ोतरी की जाय और सस्ती दरों पर बिजली कंपनियों का टेंडर निकाला जाय, ताकि कंपनियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो सके। उन्होंने आरोप लगाया कि पावर कॉरपोरेशन उन्हीं को खुश करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई में लगा है। सबसे बड़े दुर्भाग्य की बात यह है कि विद्युत नियामक आयोग भी उनका साथ दे रहा है।

### कॉरपोरेशन के प्रस्ताव पर होगी सुनवाई : आयोग

राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि बिजली दरों के संबंध में पावर कार्पोरेशन ने प्रस्ताव दिया है, जिस पर सुनवाई होगी। सुनवाई शुरू होने से पहले प्रस्ताव को वेबसाइट पर सार्वजनिक कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया प्रस्ताव लेकर नियमों की कोई अवहेलना नहीं हुई है। मालूम हो कि आयोग ने दरों पर सुनवाई के लिए पहले ही तारीख तय कर दी है। इसके तहत मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के लिए लखनऊ में 7 जुलाई को जनसुनवाई होगी, जबकि केस्को के लिए 9 जुलाई, पूर्वांचल निगम 11 जुलाई, दक्षिणांचल निगम 15 जुलाई, एनपीसीएल 16 जुलाई व पश्चिमांचल निगम के लिए 17 जुलाई को जनसुनवाई होगी।

# सांस्कृतिक, आध्यात्मिक स्थलों में भी होगा योग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश सरकार की तैयारियां चल रही हैं। गोरखपुर के गोरखधाम मंदिर, प्रयागराज के त्रिवेणी संगम, सीतापुर के नैमिषारण्य चक्र तीर्थ और वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों पर भी सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया जाएगा।

यही नहीं, लखनऊ के राजभवन और मथुरा के प्रेम मंदिर में भी योग से जुड़ी गतिविधियों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही, ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जिले के ऐतिहासिक स्थलों पर भी योग सत्र आयोजित होंगे। 15 जून से योग सप्ताह की शुरुआत के साथ पूरे प्रदेश में जनपद एवं राज्य स्तर पर अनेक कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। 16 जून को स्कूलों और महाविद्यालयों में योगासन के साथ-साथ पोस्टर, भाषण आदि प्रतियोगिताएं कराई होंगी। 17 जून को 'आयुष ग्राम योग दिवस' के तहत ग्राम पंचायतों में योग सत्र और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर होंगे। 18 को विशेष वर्ग जैसे दिव्यांग, कैदी, अनाथालयों और झुग्गीवासियों के लिए भी योग कार्यक्रम तय हैं। 19 जून को सरकारी और कॉर्पोरेट दफ्तरों में सामूहिक योगाभ्यास होगा। 20 जून को छात्राओं, गर्भवती, प्रौढ़ महिलाओं के लिए योग सत्र होंगे। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राजभवन लॉन, सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम होंगे।

## नदिया के पार

दूसरे दिन भी यमुना पुल में कोठियों की बेयरिंग की मरम्मत का कार्य जारी रहा, नाविकों को कमाई का मिला मौका, आज सुबह खुल जाएगा हाईवे

# यमुना पुल बंद होने से पैदल निकली बारात, दूल्हा 35 किमी घूमा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



यमुना पुल से पैदल निकलते बाराती। अमृत विचार




बैरीकेडिंग लगाकर हाईवे को बंद किया गया है। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के यमुना नदी पुल की मरम्मत का कार्य दूसरे दिन रविवार को भी जारी रहा। वाहनों का आवागमन बंद रहा, जिसकी वजह से एक बारात के बारातियों को पैदल ही पुल पार करना पड़ा। दूल्हे की गाड़ी को दूसरे रास्ते से 35 किलोमीटर का चक्कर लगाकर ससुराल की दूरी तय करना पड़ा। बारात सजेती थाना क्षेत्र के बरीपाल से सुमेरपुर थाना क्षेत्र के नदेहरा गांव जा रही थी।

जिला मुख्यालय में यमुना नदी के पुल की बेयरिंग बदलने के लिए सप्ताह में शनिवार व रविवार को पुल पर आवागमन पूरी तरह ठप रहेगा। शनिवार को पुल मरम्मत का कार्य होने के बाद रविवार को दूसरे दिन भी कार्य जारी रहा, जिसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। आवागमन बंद होने से एक बारात में शामिल बारातियों को भी पैदल जाना पड़ा। गाड़ियां कई किलोमीटर का चक्कर काटकर पहुंची।

कानपुर नगर जिले के बरीपाल गांव से एक बारात सुमेरपुर के नदेहरा गांव जानी थी। बरीपाल से नदेहरा की दूरी 28 किमी है। 150 बाराती बरीपाल गांव से 8 किलोमीटर ई-रिक्शा से यमुना पुल तक पहुंचे। फिर बारातियों को पांच किलोमीटर पैदल दूरी तय करना पड़ा। फिर दूसरी गाड़ी बुक कर 15 किलोमीटर दूर नदेहरा पहुंचे, जहां शादी में शामिल हो सके।

दूल्हे रफीक के चचेरे भाई मोहम्मद समीर ने बताया कि बुआ के लड़के की शादी हो रही है। बरीपाल से बारात आ रही है और नदेहरा जाना है। पुल बंद होने की वजह से हम लोगों को यहां तक ई रिक्शा से आना पड़ा। उसके बाद पैदल ही पुल पार किए हैं। अब यहां से गाड़ी की व्यवस्था करके हम नदेहरा बारात लेकर जाएंगे। गर्मी में बहुत परेशानी हो रही है।

### 48 वर्ष पुराने यमुना पुल की क्षमता 40 टन

यमुना पुल 48 वर्ष पुराना है। यह पुल उत्तर प्रदेश को मध्य प्रदेश से जोड़ता है। नेशनल हाईवे-34 पर स्थित इस पुल पर आई दरारों और कंपन की वजह से एनएचएआई ने मरम्मत का निर्णय लिया है। 14 जून से मरम्मत कार्य शुरू हुआ जो 21 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान हर शनिवार सुबह 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक पुल पूर्णत: बंद रहेगा। पुल की स्थिति अक्टूबर 2024 में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान की टीम ने जांची थी। जांच में पुल में दरारें और कंपन की समस्या सामने आई थी। पुल की क्षमता 40 टन की है, लेकिन इस पर 80 टन तक के भार वाले 18 से 24 चक्का वाहन गुजरते हैं। पुल बंद होने से अलियापुर टोल टैक्स पर दो दिन में लगभग 30 लाख का नुकसान होगा।



यमुना पुल के मरम्मत कार्य में जुटे कर्मी। अमृत विचार

### हमीरपुर से कानपुर पहुंचने में डेढ़ गुना लग रहा किराया

यमुना पुल बंद होने से परिवहन निगम की बसों को 42 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। हमीरपुर से कानपुर जाने के लिए रोडवेज बस का किराया 93 रुपये है, लेकिन 42 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करने की वजह से लगभग डेढ़ गुना ज्यादा 149 रुपये किराया देना पड़ रहा है। बीते दिन परिवहन निगम की 23 बसों से करीब 1500 यात्रियों ने सफर किया, जिन्हें लगभग 82 हजार 500 रुपये अतिरिक्त चुकाना पड़ा। एनएचएआई ने पुल के दोनों तरफ 100-100 मीटर की दूरी पर बैरीकेड लगा दिए हैं। मरम्मत के दौरान रामादेवी और नौबस्ता चौराहे से महोबा-हमीरपुर जाने वाले वाहनों को फतेहपुर-बांदा मार्ग से डायवर्ट किया गया है। एनएचएआई ने हाईवे पर आसपास के जिलों में सूचना बोर्ड पहले से लगा दिए हैं।

- **नाव के सहारे हो रही दूध की सप्लाई :** जिला मुख्यालय में कानपुर नगर के सजेती क्षेत्र के छह गांवों से दूध की आपूर्ति होती है। दूध विक्रेता अब नावों से मोटर साइकिल और दूध के कैन लादकर नदी पार कर रहे हैं। इस स्थिति में नाविकों को भी सप्ताह में दो दिन खासी आय का अवसर मिल रहा है। दूधियों को समय से लोगों के घरों और होटलों तक दूध पहुंचाने में दिक्कत हो रही है और उन्हें नाव से पार करने में पैसा भी खर्च करना पड़ रहा है।

## एक नजर

### दिल्ली में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तेज हवा और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक के निवासियों के अनुसार, यह घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई।

### आरए चंद्रशेखर कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आरए चंद्रशेखर को कैबिनेट सचिवालय में सचिव सुरक्षा नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के आदेश में यह जानकारी दी गई। केरल कैडर के 1991 बैच के आईपीएस शेखर वर्तमान में आसूचना ब्यूरो में विशेष निदेशक हैं। नियुक्ति समिति ने 1 अगस्त 2025 को या उसके बाद पदभार ग्रहण करने की तिथि से कैबिनेट सचिवालय में शेखर की नियुक्ति को मंजूरी दी है।

### कुनो राष्ट्रीय उद्यान के पांच चीते मुरैना पहुंचे, दहशत

**मुरैना।** मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में रविवार को सड़क पार करते हुए पांच चीतों को देखा गया। इन चीतों को अफ्रीकी चीतों के घर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से लगभग 50 किलोमीटर दूर जौरा क्षेत्र में पगारा बांध को पार करते देखा गया। इन चीतों को सुबह खुले में देखकर स्थानीय लोग घबरा गए।

### महिला और उसकी नाबालिग बेटी नदी में डूबी

**बुलढाणा।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में रविवार को विश्वगंगा नदी में 20 वर्षीय महिला और उसकी तीन वर्षीय बेटी डूब गईं। यह घटना तब घटी जब पूनम बेटी के साथ नंदुरा तालुका में नदी के तट पर स्थित निम्बादेवी मंदिर में दर्शन करने गई थीं।

# तदर्थ न्यायाधीश नहीं चाहते हाईकोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी के बावजूद पांच महीनों में एक भी नाम की सिफारिश नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- 18 लाख लंबित आपराधिक मामले निपटाने के लिए दी गई थी अनुमति

उच्चतम न्यायालय द्वारा लगभग पांच महीने पहले मंजूरी दिए जाने के बावजूद विभिन्न उच्च न्यायालय लंबित आपराधिक मामलों से निपटने के लिए तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर इच्छुक नहीं दिख रहे हैं। केंद्र सरकार के पास उपलब्ध ब्योरे से यह जाहिर हो रहा है।

उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया से वाकिफ लोगों के मुताबिक, अभी तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के नाम की सिफारिश नहीं की है। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं, लेकिन 11 जून तक किसी भी उच्च न्यायालय के कॉलेजियम ने केंद्रीय कानून मंत्रालय को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।

उच्चतम न्यायालय ने 18 लाख से ज्यादा आपराधिक मामलों के लंबित रहने को देखते हुए 30 जनवरी को उच्च न्यायालयों को तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की इजाजत दे दी थी, बशर्ते इनकी संख्या अदालत के लिए स्वीकृत कुल न्यायाधीशों के पदों के 10 फीसदी से ज्यादा न हो।

संविधान का अनुच्छेद 224ए लंबित मामलों से निपटने में मदद के लिए उच्च न्यायालय में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने की इजाजत देता है। तय प्रक्रिया के मुताबिक, संबंधित उच्च न्यायालय का कॉलेजियम उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त किए जाने वाले उम्मीदवारों के नाम या सिफारिशें कानून मंत्रालय के न्याय विभाग को भेजता है। इसके बाद न्याय विभाग उम्मीदवारों की जानकारी और विवरण जोड़ता है और फिर उन्हें उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को भेजता है। इसके बाद उच्चतम न्यायालय का कॉलेजियम अंतिम फैसला लेता है और सरकार को चयनित व्यक्तियों को न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश करता है।

### शर्तों में भी ढील दे चुका है उच्चतम न्यायालय

तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति पर 20 अप्रैल 2021 को दिए गए फैसले में शीर्ष कोर्ट ने कुछ शर्तें लगाई थीं। हालांकि बाद में विशेष पीठ ने कुछ शर्तों में ढील दी और कुछ को स्थगित रखा। पूर्व सीजेआई एसए बोबडे लिखित फैसले में लंबित मामलों को निपटाने के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को दो से तीन साल की अवधि के लिए तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त करने का निर्देश दिया गया था। हालांकि इसके बाद भी देश भर में किसी भी उच्च न्यायालय ने तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति में दिलचस्पी नहीं दिखाई।

## बीएसएफ के जवान ने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक शिविर में बहस के बाद बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी।

घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे हुई। कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद अपने वरिष्ठ हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों जवान बीएसएफ की एक इकाई में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था। अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है।

# वैज्ञानिक उपकरणों के खरीद नियमों में दी छूट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- रक्षा अनुसंधान संगठन काफी समय से केंद्र सरकार से कर रहे थे मांग

अनुसंधानकर्ताओं की ओर उठ रही मांगों के बीच सरकार ने रक्षा अनुसंधान संगठनों समेत विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए वित्तीय सीमा बढ़ा दी है तथा जीईएम पोर्टल के अतिरिक्त अन्य स्रोतों से भी खरीददारी करने की अनुमति दे दी है।

मौजूदा वित्तीय नियमों के तहत 200 करोड़ रुपये से कम मूल्य के उपकरणों की खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल और स्थानीय उत्पादकों से ही करना अनिवार्य किया गया है ताकि घरेलू विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहित मिले। लेकिन इन नियमों के कारण कई वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उच्च कोटि के कई अनुसंधान उपकरण जीईएम पोर्टल पर उपलब्ध नहीं होते हैं।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद उन संस्थानों में शामिल हैं, जिन्हें सामान्य वित्तीय नियमों (जीएफआर) में बदलावों से लाभ मिलेगा क्योंकि इन बदलावों से पारंपरिक खरीद में आने वाली बाधाएं दूर कर दी गयी हैं। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य उपलब्ध ढांचे के भीतर नवाचार को यथासंभव स्वतंत्रता देना है।

# म्यांमार के आठ नागरिकों को दो साल की सजा

**ठाणे, एजेंसी**

- ठाणे में अवैध रूप से रहते हुए किया गया था गिरफ्तार, सजा के बाद निर्वासित करने का आदेश

महाराष्ट्र के ठाणे की एक अदालत ने भारत में अवैध रूप से रह रहे म्यांमा के आठ नागरिकों को दो साल के कारावास की सजा सुनाई और यह अवधि पूरी होने के बाद उन्हें देश से निष्कासित करने का भी आदेश दिया।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जी टी पवार ने 10 जून को सुनाए गए फैसले में कहा कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) द्वारा जारी किए गए शरणार्थी कार्ड भारत में रहने के लिए वैध नहीं माने जा सकते क्योंकि भारत ने 1951 की शरणार्थी संधि पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। अदालत ने आठों लोगों को विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत दोषी करार दिया और प्रत्येक पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। एक अन्य आरोपी रियाज अहमद अकबर अली शेख, जो भारतीय नागरिक है को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया। उसपर इन लोगों की मदद करने का आरोप था।

मामले के अनुसार ठाणे जिले के उत्तन सागरी पुलिस ने 26 फरवरी 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर चौकगांव जेट्टी पर छापा मारा, जहां से म्यांमा के आठ नागरिकों को पकड़ा गया था। न्यायाधीश ने फैसले में कहा, हालांकि, आरोपी संख्या एक से आठ के पास यूएनएचसीआर कार्ड हैं, लेकिन भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी समझौता, 1951 और उसके 1967 प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है। ऐसे में निष्कर्ष है कि ये सभी आरोपी विदेशी हैं और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश कर यहां रह रहे हैं।

## काली उत्सव



केरल के कोल्लम जिले के ओचिरा पदानिलम में काली उत्सव में भाग लेते लोग। मलयालम महीने मिथुनम के पहले दो दिनों में यह उत्सव कायमकुलम की लड़ाई की स्मृति में मनाया जाता है। एजेंसी

### कंतारा-1 की शूटिंग के दौरान नाव पलटी, ऋषभ शेट्टी समेत 30 लोग बाल-बाल बचे

**शिवमोगा (कर्नाटक)।** कन्नड़ फिल्म कंतारा : चैप्टर 1 की शूटिंग के दौरान एक नाव जलाशय में पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 अन्य लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। यह दुर्घटना जलाशय के उथले क्षेत्र में हुई, जिससे संभावित त्रासदी टल गई। माना जा रहा है कि कैमरे और अन्य शूटिंग उपकरण पानी में डूब गए हैं। नुकसान का आकलन किया जाना अभी बाकी है।

# महाराष्ट्र में भारी बारिश से आठ की मौत

**मुंबई, एजेंसी**

- राज्य के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट, कई और जिलों में जारी किया गया ऑरेंज अलर्ट

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। एसडीआरएफ की रिपोर्ट के अनुसार 24 घंटे में सुबह 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कई हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस घायल हुए हैं। मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, इनमें अधिकतर मौत बिजली गिरने के कारण हुईं।

### दक्षिण कन्नड़ में रेड अलर्ट, परिवार हटाए गए

**मंगलुरु।** तटीय कर्नाटक में लगातार भारी बारिश और रेड अलर्ट को ध्यान में रखते हुए दक्षिण कन्नड़ के उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने असुरक्षित घरों में रहने वाले परिवारों को हटने और सभी नियंत्रण कक्षों एवं मंगलुरु सिटी कॉरपोरेशन को 24 घंटे काम करने का निर्देश दिया है। तहसीलदारों को उच्च सतर्कता बनाए रखने और जीवन रक्षा के लिए बचाव उपकरणों की बहाली तय करने का निर्देश दिया है।

## कोविड 19: देश में 10 और लोगों की मौत मगर सक्रिय मामले घटे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में कोविड-19 के सक्रिय मामलों की संख्या रविवार को 7,400 से घटकर 7,383 हो गई। पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामलों में 17 की कमी आई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह आठ बजे जारी आंकड़ों के अनुसार संक्रमण से 10 लोगों ने जान गंवाई है। इसके बाद कोरोना से मौतों की संख्या बढ़कर 97 हो गई है।



पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से दिल्ली में तीन, केरल में पांच और महाराष्ट्र में दो लोगों की मौत हुई है। इन सभी को गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं थीं। दिल्ली और मध्य प्रदेश में नये संक्रमण 10-10 बढ़कर क्रमशः 682 और 130 हुए, जबकि केरल में 102 मामलों की कमी आई, हालांकि केरल में कुल मामले सर्वाधिक 2007 है।

# पहलगाम में पटरी पर लौट रहा पर्यटन

**पहलगाम, एजेंसी**

- छंटने लगा आतंकी हमले का साया पर्यटकों के प्रति और ज्यादा मित्रवत हुए स्थानीय कारोबारी

दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत के करीब दो महीने बाद पर्यटन कारोबार धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है। ईद की छुट्टियों के बाद स्थानीय लोगों और पंजाब से कुछ लोगों ने चरवाहों की घाटी में आना शुरू कर दिया है। ईद के तीसरे दिन घाटी के अन्य भागों से बड़ी संख्या में कश्मीरी पहलगाम पहुंचे, जिससे यहां पर्यटन व्यापार से जुड़े लोग काफी खुशी हैं।

यह पर्यटन स्थल श्रीनगर से 100 किलोमीटर दूर है। श्रीनगर के एक युवा नबील भट ने बताया, हम हर साल पहलगाम जाते रहे हैं, भले ही वहां पर्यटकों की भीड़ हो या नहीं। इस साल भी कुछ अलग नहीं था। हालांकि, इस बार हमारा ज्यादा सत्कार किया गया। यहां से छह किमी दूर बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन थम गया था।

श्रीनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र की निवासी अलीना जान ने कहा, इस बार सेवा प्रदाता स्थानीय लोगों के प्रति अधिक मित्रवत हैं, पिछले वर्षों में ऐसा नहीं था, जब बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते थे। अधिकांश स्थानीय पर्यटक इस बात से खुश हैं कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम में पार्क खोलने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे इस स्थान पर अधिक लोग आकर्षित होंगे।

एक 'टूरिस्ट हट' के मालिक मोहम्मद इशाक ने कहा, मौखिक प्रचार से बेहतर कुछ नहीं है, कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से लोग ईद के तुरंत बाद आना शुरू हो गए थे, लेकिन संख्या ज्यादा नहीं बढ़ी क्योंकि सभी पार्क बंद होने के कारण उनके पास बैठने के लिए कोई जगह नहीं थी।



# पर्यटन उद्योग में भारी वृद्धि का अनुमान

## विशेषज्ञों ने कहा- जीडीपी में वर्ष 2030 तक हो सकती है 7% हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- पर्यटन से 2023 में 2.32 लाख करोड़ थी विदेशी मुद्रा आय

भारत के तेजी से बढ़ते पर्यटन उद्योग का विदेशी मुद्रा आय में योगदान 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकता है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में इसका हिस्सा सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है।

पर्यटन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन जगत से विदेशी मुद्रा आय 2023 में 2,31,927 करोड़ रुपये थी जो 2024 में 2,77,842 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इंडियन एसोसिएशन ऑफ द टूर ऑपरेटर के अध्यक्ष राजीव गोसेन ने कहा कि भारत में पर्यटन के बढ़ने से विदेशी मुद्रा आय भी लगातार बढ़ रही है लेकिन अब भी यह क्षेत्र अपने उच्चतम स्तर पर नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा, भारत का पर्यटन क्षेत्र अगले पांच वर्षों में मजबूत वृद्धि के लिए तैयार है। 2024 में विदेशी मुद्रा आय 2,77,842 करोड़ रुपये रही और हम करीब 8-10 प्रतिशत की स्थिर वार्षिक वृद्धि दर की उम्मीद कर रहे हैं। यदि ये रुझान जारी रहे, तो 2030 तक पर्यटन क्षेत्र की विदेशी मुद्रा आय 4,50,000 करोड़ रुपये को पार कर सकती है।

जीडीपी में योगदान पर उन्होंने कहा, पर्यटन वर्तमान में जीडीपी में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पांच से छह प्रतिशत का योगदान देता है। पर्यटन मंत्रालय और विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद के आंकड़ों से पता चलता है कि 2030 तक इस क्षेत्र का योगदान सकल घरेलू उत्पाद में सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है, लेकिन इसके लिए जरूरी है कि अनुकूल नीतियों के साथ बुनियादी ढांचे, डिजिटलीकरण और कौशल विकास में निवेश को प्रोत्साहित करना जारी रखा जाए।

रोजगार सृजन पर गोसेन ने डब्ल्यूटीटीसी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि भारत में इस क्षेत्र में लगभग आठ करोड़ लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कुल रोजगार का लगभग 12 से 13 प्रतिशत है। प्रत्यक्ष रोजगार में होटल, विमानन कंपनियां, यात्रा संबंधी एजेंसियों व यात्रा परिचालक और अप्रत्यक्ष रोजगार में निर्माण, खाद्य उत्पादन आदि जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

### पिछले साल 96.57 लाख लोग आए भारत घूमने

दुनियाभर से 2024 में 96,57,003 लोग भारत आए। यह 2023 की तुलना में 19 .80 प्रतिशत और 2023 की तुलना में 28 .35 प्रतिशत की वृद्धि है। इनमें से सबसे अधिक 24 .38 प्रतिशत लोग अमेरिका से आए थे। पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉ. हिमांशु तलवार ने कहा, यह क्षेत्र हमेशा भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ रहा है। ताजा आंकड़ों से यह और स्पष्ट हो जाता है। भारत के सड़क, रेल एवं विमानन अवसंरचना के तेजी से विकसित होने से इसे और बल मिला है।

# बीमा दावे से न्याय तक नियम और राहत

बीमा एक ऐसी सुरक्षा व्यवस्था है जो व्यक्ति को आर्थिक जोखिमों से बचाने में सहायक होती है। चाहे वह जीवन बीमा हो, वाहन बीमा, स्वास्थ्य बीमा या संपत्ति बीमा—किसी भी आपदा या दुर्घटना की स्थिति में बीमित व्यक्ति या परिजनों को वित्तीय सहायता मिलती है। बीमा कराने के लिए कई कानूनी नियम और शर्तें होती हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होता है। बीमा पर दावा करने की एक स्पष्ट प्रक्रिया होती है, जिसमें आवश्यक दस्तावेज़, समयसीमा और प्रमाण प्रस्तुत करने होते हैं। यदि बीमा कंपनी दावा अस्वीकार कर देती है या निपटान में देरी करती है, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम, लोक अदालत या बीमा नियामक प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के समक्ष न्याय की मांग कर सकता है।



### बीमा दावा की प्रक्रिया

- **घटना की सूचना :** बीमा घटना (दुर्घटना, बीमारी आदि) के बाद कंपनी को सूचित करना होता है।
- **दस्तावेज़ों की पूर्ति :** दावा फ़ॉर्म, पॉलिसी नंबर, पहचान पत्र, एफआईआर (यदि लागू हो), अस्पताल या मृत्यु प्रमाण पत्र, बिल आदि जमा करने होते हैं।
- **सर्वेक्षण :** कंपनी सर्वेयर नियुक्त करती है जो नुकसान का मूल्यांकन करता है।

### कानूनी और समाधान के विकल्प

- यदि बीमा कंपनी दावा खारिज करती है या राशि कम देती है तो बीमा लोकपाल, उपभोक्ता फोरम या न्यायालय में शिकायत की जा सकती है।
- भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण बीमा कंपनियों की निगरानी करता है। कोई भी शिकायत उसके पोर्टल पर की जा सकती है।
- बीमा लोकपाल योजना 2017 के तहत 30 लाख रुपये तक के दावों का निपटारा मुफ्त में किया जा सकता है।

### बीमा कराने के नियम


- बीमा लेते समय सही जानकारी दें। वर्ना दावा अस्वीकार हो सकता है। समय पर प्रीमियम भुगतान आवश्यक। देरी से पॉलिसी अमान्य हो सकती है।
- बीमित वस्तु या व्यक्ति के संबंध में सही जानकारी दी जानी चाहिए। इसके साथ पॉलिसी की शर्तों को पढ़ना भी जरूरी है। हेल्थ और लाइफ बीमा में मेडिकल जांच कराना भी जरूरी हो सकता है।

### उपभोक्ता फोरम व लोक अदालतों में विवादों का निपटारा

- हाल के वर्षों में हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावों का निपटारा उपभोक्ता फोरम और लोक अदालतों द्वारा किया गया है।
- हाल में आईआरडीएआई ने बीमा कंपनियों को 30 दिन के भीतर दावों के निपटान के निर्देश दिए हैं। डिजिटल दावे और व्हाट्सएप पर दावा दर्ज कराने जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं।

# यूपी से दशहरी आम का दुबई को पहला सीधा निर्यात

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- दशहरी की खुशबू पहुंची गल्फ तक, एफपीओ ने रचा नया इतिहास
- 1200 किलो आम का एफपीओ को पहली बार मिला सीधा ऑर्डर

**अमृत विचार।** प्रदेश के दशहरी आम की खुशबू गल्फ तक पहुंच गई है। एफपीओ को 1200 किलो दशहरी आम का पहली बार सीधा ऑर्डर मिला और इसे दुबई को सीधा निर्यात करके इतिहास रचा गया है।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के अभियान को नई उड़ान मिली है। मैंगो पैक हाउस, रहमानखेड़ा, लखनऊ से दशहरी आम के 1200 किलो (400 पैक, प्रत्येक 3 किग्रा) का कन्साइनमेंट दुबई के लिए रवाना किया गया। यह आम का कन्साइनमेंट वायु मार्ग से लखनऊ से दुबई भेजा गया। आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है। इसका कुल मूल्य 2992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने कन्साइनमेंट को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित 3 एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया। इनमें से इरादा फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं मलिहाबाद फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को दुबई से दशहरी आम का सीधा ऑर्डर मिला है। यह दोनों एफपीओ इस वर्ष पहली बार स्वयं अपने स्तर पर दुबई को आम निर्यात कर रहे हैं। यह उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पर अदाणी ग्रीन एनर्जी

**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक इकाई एनएसई सस्टेनेबिलिटी रेटिंग्स एंड एनालिटिक्स लिमिटेड ने उपयोगिताओं/बिजली क्षेत्र में ईएसजी रेटिंग में पहला स्थान दिया है।

इसके अलावा, एजीईएल, एनएसई में राजस्व के आधार पर शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों की ईएसजी रेटिंग में शीर्ष पांच में से एक है। एनएसई ने सूचीबद्ध कंपनियों के लिए हाल ही में ईएसजी रेटिंग शुरू की है। एनएसई की रेटिंग रेशनलाइज के अनुसार, एजीईएल पर्यावरण, सामाजिक और प्रशासन संबंधी मानकों पर अच्छा प्रदर्शन करती है। पर्यावरण संबंधी पहल अच्छी तरह से एकीकृत हैं।

# नौकरी-सुधारों के मोर्चे पर स्थिति ठीक नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा- देश बन रहा आर्थिक शक्ति

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।


प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राजग की सरकार सत्ता में आई थी, तब आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था। सुब्बाराव ने कहा, आज 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गई है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं। हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं। सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी बढ़ रही है, आज हम चार ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था हैं। जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

## डीएलएफ गुरुग्राम में करेगी 5,500 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली।** प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना विकसित करने के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी जल्द ही गुरुग्राम के सेक्टर 76/77 में 18 एकड़ की परियोजना 'डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ' शुरू करेगी। इसमें 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को विकसित करने की अनुमानित लागत करीब 5,500 करोड़ रुपये है।

एक नजर



जर्मनी की टाटजाना मारिया रविवार को लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप की ट्राफी के साथ जश्न मनाती हुईं। ● एजेंसी

### टाटजाना मारिया ने जीती क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप

**लंदन :** जर्मनी की टाटजाना मारिया ने रविवार को लंदन में क्वींस क्लब ग्रास कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा को हराया। यह मारिया का पहला डब्ल्यूटीए 500 खिताब है। टाटजाना मारिया ने फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-4 से हराया। यह जीत मारिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि वह टूर्नामेंट में एक क्वालीफायर के रूप में आई थीं। 37 वर्षीय मारिया ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज़ को भी हराया था।

### अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर और जूनियर अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट 16 से

**मुंबई :** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपये इनामी ऑरियनप्रो अंतर्राष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है।

### भारत 'एमजीडी1' विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज के नॉकआउट दौर में

**लंदन :** फिडे विश्व रैपिड टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनने के एक दिन बाद टीम एमजीडी1 ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'ब्लिट्ज' टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में जगह पक्की की। टीम एमजीडी1 ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत और एक ड्रॉ (टीम हंगरी के खिलाफ) से 23 मैच प्वाइंट बनाये। राउंड-रॉबिन पूल चरण में कुल 53 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष चार (कुल 16) टीमें नॉकआउट में पहुंचीं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, वी. प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोन्का, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की भारतीय टीम ने राउंड-रॉबिन पूल चरण में सबसे ज्यादा मैच जीते।

### निशांत देव ने पेशेवर मुक्केबाजी मुकाबले में जोस्यू सिल्वा को हराया

**नई दिल्ली :** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा को हराकर पेशेवर सर्किट पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी। 24 वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था, जिसमें उन्होंने जीत दर्ज की।

# मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई सुरक्षित और खुश रहे

## भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने टीम के प्रति जताई उदारता

**लंदन, एजेंसी**

- भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा
- नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी भी भूमिका की तैयारी कर रहे गिल

भारत के नये टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने कभी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम का नेतृत्व करने का सपना नहीं देखा था। उन्होंने स्वयं के लिए ऐसी टीम संस्कृति बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है जहां हर खिलाड़ी 'सुरक्षित और खुश' रहे। बदलाव के दौर से गुजर रहा भारत 2007 के बाद से इंग्लैंड में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीमों के बीच पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला का पहला मैच 20 जून से लीड्स में खेला जाना है।

गिल ने 'स्काईस्पोर्ट्स' से कहा मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान बनना चाहता हूं इसलिए सभी ट्रॉफियों के बावजूद मैं ऐसी टीम संस्कृति बनाना चाहता हूं जहां हर कोई बहुत सुरक्षित और खुश रहे। लेकिन गिल जानते हैं कि यह काम कहना जितना आसान है, करना उतना आसान नहीं है। उन्होंने कहा मुझे पता है कि यह बहुत मुश्किल हो सकता है, विशेषकर सभी प्रतिस्पर्धा और जितने मैच हम खेलते हैं उसे देखते हुए, अलग-अलग टीम होती हैं। लेकिन अगर मैं ऐसा कर पाया तो मुझे लगता है कि यह मेरा लक्ष्य होगा।

गिल ने कहा इसलिए एक सुरक्षित माहौल बनाए रखना और खिलाड़ी को उसकी क्षमताओं और योग्यताओं में सुरक्षित महसूस कराना मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो एक नेतृत्वकर्ता को करना चाहिए। गिल ने माना कि सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रोहित शर्मा ने उनके लिए एक स्पष्ट रास्ता तय किया है। उन्होंने कहा ऐसा लग सकता है कि वह आक्रामक नहीं है लेकिन रोहित अपनी रणनीति के मामले में बहुत आक्रामक हैं। वह ऐसे व्यक्ति हैं जो मैचों से पहले, श्रृंखला के दौरान और श्रृंखला के बाद भी अपने संवाद में बहुत स्पष्ट रहते हैं कि वह खिलाड़ियों से क्या चाहते हैं।

गिल ने कहा कि वह अपने पूर्ववर्ती रोहित के रास्ते पर चलना चाहते हैं जिन्होंने हमेशा टीम को व्यक्तिगत खिलाड़ियों से आगे रखा। उन्होंने कहा रोहित भाई ने जिस तरह का माहौल बनाए रखा, भले ही रोहित भाई आपको अपशब्द कह रहे हों, आप इसे अपने दिल पर नहीं लगाएंगे। यह उनका व्यक्तित्व है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छी विशेषता है। गिल ने कहा वह दृढ़ है लेकिन भले ही वह आप पर कठोर हो, आप जानते हैं कि यह उनके दिल से नहीं आ रहा है। यह टीम के नजरिए से आ रहा है। 25 वर्षीय गिल ने कहा कि उन्होंने रोहित के साथ टीम के भविष्य के बारे में बातचीत की। उन्होंने कहा यह एक ऐसी बातचीत है जो मैंने रोहित भाई के साथ कई बार की है कि आदर्श रूप से अगले पांच, सात या 10 या 15 वर्षों में हम भारतीय क्रिकेट टीम की संस्कृति को कहां देखना चाहेंगे? गिल ने यह भी कहा कि उन्होंने विराट कोहली के नेतृत्व से बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा जब मैं विराट के नेतृत्व में खेला तो मुझे लगता है कि टेस्ट मैचों में क्षेत्ररक्षण या विचारों या उनकी सोच के साथ उनकी सक्रियता कुछ ऐसी थी जो मुझे पसंद थी और मैंने उसे अपनाया। अगर उन्हें लगता है कि यह योजना काम नहीं कर रही है तो वह तुरंत एक और योजना बना लेते हैं, गेंदबाज को बताते हैं कि वह उनसे क्या चाहते हैं। गिल ने नेतृत्व की भूमिका संभालने से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के साथ अपनी बातचीत का सार भी दिया। भारतीय कप्तान ने कहा वे बस यही चाहते हैं कि मैं एक नेतृत्वकर्ता के रूप में खुद को अभिव्यक्त कर सकूं।





नई दिल्ली स्थित आईजी स्टेडियम में पहलवान नेहा शर्मा, मुस्कान नांदल और मुस्कान मलिक, कोच मंदीप सिंह के साथ आगामी यू-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए ट्रायल जीतने के बाद। ● एजेंसी

## विश्व चैंपियनशिप में मुस्कान दिखाएंगी दम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

पिछले महीने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज मंगोलिया ओपन में 59 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली मुस्कान ने यहां के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 57 किग्रा के ट्रायल को जीतकर चैंपियनशिप के लिए अपना टिकट पक्का किया। मुस्कान ने फाइनल में महाराष्ट्र की अश्लेषा कल्याण को पटखनी दी। मुस्कान नाम की एक अन्य पहलवान ने 65 किग्रा के ट्रायल के फाइनल में महाराष्ट्र की ही रोशनी को शिकस्त दी।

**क्वालीफाई करने वाले अन्य खिलाड़ी**

**पहलवानों में** श्रुति (50 किग्रा), सारिका (53 किग्रा), रीना (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), अंजलि (62 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) शामिल हैं। **पुरुषों की फ्रीस्टाइल** और ग्रीको रोमन शैली के ट्रायल 14 जून को लखनऊ में आयोजित किए गए। **फ्रीस्टाइल टीम :** अंकुश (57 किग्रा), अनुज (61 किग्रा), अश्वनी (65 किग्रा), सौरभ (70 किग्रा), विवेक (74 किग्रा), अमित (79 किग्रा), सचिन (86 किग्रा), सचिन (92 किग्रा), विशाल (97 किग्रा) और जशपूरन (125 किग्रा)। **ग्रीको रोमन :** नितिन (55 किग्रा), सूरज (60 किग्रा), वरुण (63 किग्रा), योगेश (67 किग्रा), आकाश पुनिया (72 किग्रा), सचिन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), रोहित (87 किग्रा), नमन (97 किग्रा), और जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

### बीजिंग पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी 16 सदस्यीय भारतीय टीम

**नयी दिल्ली :** भारत की 16 सदस्यीय टीम 17 से 25 जून तक बीजिंग में होने वाले 2025 पैरा पावरलिफ्टिंग विश्व कप में भाग लेगी। इस टीम में जैनब खातून, सीमा रानी, झंडू कुमार, जॉबी मैथ्यू, मनीष कुमार और कस्तूरी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी ने हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रभावित किया था। भारतीय टीम में शामिल 16 खिलाड़ियों में से सात महिलाएं हैं। खिलाड़ियों के लिए रविवार को भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की पूर्व अध्यक्ष दीपा मलिक, वर्तमान पीसीआई महासचिव जयवंत हमनवर और भारत पैरा पावरलिफ्टिंग के अध्यक्ष जेपी सिंह मौजूद थे। सिंह ने कहा भारत हर टूर्नामेंट के साथ वैश्विक पैरा पावरलिफ्टिंग बिरादरी में खुद को एक ताकत के रूप में स्थापित कर रहा है। हमारे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में हैं।


## आस्ट्रेलिया की हार पर भड़के पूर्व तेज गेंदबाज जॉनसन

**सिडनी, एजेंसी**

- बोले-हेजलवुड का राष्ट्रीय टीम की बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देना चौंकाने वाला था

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को प्राथमिकता देने के लिए हमवतन जोश हेजलवुड की आलोचना करते हुए कहा कि इससे लोग उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठायेंगे। हेजलवुड उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद दोबारा शुरू होने पर भारत लौटने का फैसला किया था।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार इस खिताब को जीता। हेजलवुड ने आईपीएल सत्र में 22 विकेट लिए। उन्होंने फाइनल में पंजाब के आक्रामक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य को चलता किया। हेजलवुड लॉर्ड्स में खेले गए डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के अहम खिलाड़ी थे। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मैच में सिर्फ दो विकेट चटका पाए। दक्षिण अफ्रीका शनिवार को पांच विकेट की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।



मिचेल जॉनसन



जोश हेजलवुड

जॉनसन ने 'वेस्ट ऑस्ट्रेलियन' में लिखा हमने हाल के वर्षों में हेजलवुड की फिटनेस को लेकर समस्या देखी है। राष्ट्रीय टीम की तैयारियों के बजाय विलंबित इंडियन प्रीमियर लीग में वापसी को प्राथमिकता देने के उनके फैसले ने लोगों को चौंका दिया है। जॉनसन ने खुद भी आईपीएल के छह सत्र का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने इस दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स, किंग्स इलेवन पंजाब (पंजाब किंग्स) और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया है।

## पिच से स्पिनरों के लिए भी मदद मिलने की उम्मीद: कुलदीप

**बेकेनहैम, एजेंसी**

अनुभवी रविचंद्रन अश्विन के संन्यास लेने के बाद भारतीय टीम के मुख्य स्पिनर कुलदीप यादव से इंग्लैंड दौरे पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है और यह वामहस्त स्पिनर 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच के दौरान पिच से मिली मदद से आत्मविश्वास से लबरेज है।

कुलदीप बायें हाथ के एक अन्य स्पिनर (हरफनमौला) रविंद्र जडेजा के साथ अधिक समय बिता रहे हैं। अश्विन के संन्यास के बाद जडेजा पर अधिक जिम्मेदारी होगी क्योंकि उन्हें इंग्लैंड में 12 टेस्ट मैच खेलने का अनुभव है जबकि कुलदीप ने इस देश में एक टेस्ट में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की है। भारतीय टीम ने इंग्लैंड में 2007 के बाद कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है और विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसा करने के लिए टीम को कुलदीप के योगदान की जरूरत होगी। वह लीड्स में खेले जाने वाले शुरुआती मैच में शायद एकादश का हिस्सा ना हो लेकिन बर्मिंघम, लॉर्ड्स और ओवल के मैदानों पर कारगर साबित हो सकते हैं। कुलदीप ने 'इंट्रा स्क्वाड' अभ्यास मैच से इतर कहा विकेट (पिच) स्पिनरों के लिए अच्छा हैं। यह बल्लेबाजी के लिए भी अच्छा है। पहले दिन नमी थी, तेज गेंदबाजों को मदद मिली लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, स्पिनरों ने मैच में अपना दबदबा बनाया। इस कलाई के स्पिनर ने कहा कि उन्हें पांच मैचों की सीरीज के दौरान पिच से कुछ सहायता मिलने की उम्मीद है।

## मेसी की इंटर मियामी ने गोल रहित ड्रॉ खेला

**मियामी गार्डन्स :** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा।

अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दायें छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई। इससे पहले 60वें मिनट में भी मेस्सी की फ्री किक गोल पोस्ट से टकरा गई थी। अल आहली को इससे पूर्व पहले हाफ में गोल करने का शानदार मौका मिला लेकिन गोलकीपर ऑस्कर उस्तानी ने मध्यांतर से ठीक पहले ट्रेजेगे की पेनल्टी को रोक दिया।



क्लब विश्व कप में लियोनेल मेसी फ्री किक लेते हुए। ● एजेंसी

# भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

एफआईएच प्रो लीग

**एंटवर्प (बेल्जियम), एजेंसी**

- ऑस्ट्रेलिया ने 2-3 से शिकस्त दी, नीदरलैंड और अर्जेंटीना से पहले ही मिल चुकी है मात

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा। रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए।

भारत ने सकारात्मक शुरुआत करते हुए दबदबा बनाया। मैच के तीसरे मिनट में ही संजय के गोल से बढ़त हासिल कर ली। संजय ने शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर के रिबाउंड पर गोल किया। टीम की यह खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई क्योंकि एक मिनट के बाद ही ऑस्ट्रेलिया ने बराबरी का गोल दाग दिया। भारतीय गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक टिम ब्रैंड के प्रयास को रोकने में नाकाम रहे। इसके एक मिनट (मैच के पांचवें मिनट) के बाद ही गोवर्स ने सर्कल के पास से गोल कर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रेलिया इसके बाद मैच पर पूरी तरह हावी हो गया।

टीम ने अगले कुछ मिनटों में चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किये। बर्न्स ने मैच के 18वें मिनट में गोल कर टीम को 3-1 से आगे कर दिया। पाठक ने इसके बाद कुछ शानदार बचाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और बड़ी होने से रोक दिया। उन्होंने इस दौरान 24वें मिनट में डेविस एटकिंसन के प्रयास पर कमाल का बचाव किया।



भारत के जुर्गराज सिंह (बाएं) व ऑस्ट्रेलिया के कूपर बर्न्स (दाएं) गोल का प्रयास करते हुए। ● एजेंसी

### मनप्रीत भारत के लिए सबसे अधिक मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बने

**एंटवर्प :** मिडफील्डर मनप्रीत सिंह रविवार को ऑस्ट्रेलिया खिलाफ खेलने मैदान में उतरने के साथ ही भारत के लिए अपना 400वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। पूर्व कप्तान और हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की के 412 मैचों के रिकार्ड से 12 मैच पीछे है। 400 मैच तक पहुंचने को लेकर मनप्रीत ने कहा कि उन्होंने इस बारे में सोचा भी नहीं था। उन्होंने कहा कि वह उन्हें प्रेरित करने वाले प्रत्येक कोच और टीम के हर उस खिलाड़ी के साथ इस उपलब्धि साझा करना चाहेंगे जो उनके साथ खड़ा रहा।

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया ने हराया

**लंदन :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी, लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है।

टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा, लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।

## वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 62 रनों से हराया

**ब्रेडी, एजेंसी**

- एविन लुइस की तूफानी पारी के बाद अकील हुसैन की दमदार गेंदबाजी

एविन लुइस (91), कप्तान साई होप (51) और केसी कार्टी (नाबाद 49) की तूफानी पारियों के बाद अकील हुसैन (तीन विकेट) और जेसन होल्डर (दो विकेट) की दमदार गेंदबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज ने रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को 62 रनों से हरा दिया।

257 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में कप्तान पॉल स्टर्लिंग (13) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी टेक्टर ने रॉस ऐडेर के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 101 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में रॉस्टन चेज ने हैरी टेक्टर 25गेंदो में (38) को आउटकर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। लोर्कान टकर (एक) रन बनाकर आउट हुए। रॉस ऐडेर 36 गेंदों में (48), टिम टेक्टर (सात), जार्ज डॉकरेल (15), और बैरी मैक्कार्थी (दो) रन बनाकर आउट हुये। आयरलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 194 रन ही बना सकी और मुकाबला 62 रनों से हार गई। मार्क ऐडेर (31) और लियम मैक्कार्थी (16) रन बनाकर नाबाद रहे।

इससे पहले आज यहां आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की एविन लुइस और साई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 122 रन जोड़े। 11वें ओवर में साई होप के रूप में वस्टेइंडीज का पहला विकेट गिरा। उन्हें मैकार्थी ने आउट किया। साई होप ने 27 गेदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए (51) रनों की आतिशी पारी खेली।


## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



वाराणसी के नमो घाट पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले एक सप्ताह तक चलने वाले विशेष योग शिविर की शुरुआत जोश और ऊर्जा से हुई। गंगा तट पर आयोजित शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और योगाभ्यास किया। सूर्योदय की स्वर्णिम किरणों के बीच युवाओं का अनुशासित योग प्रदर्शन न सिर्फ शारीरिक और मानसिक संतुलन का प्रतीक बना, बल्कि यह भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करता दिखा। एजेंसी

# पॉलीग्राफी टेस्ट झूठ पकड़ने की वैज्ञानिक तकनीक

पॉलीग्राफी टेस्ट, जिसे आमतौर पर लाई डिटेक्टर टेस्ट कहा जाता है, एक ऐसी वैज्ञानिक तकनीक है जिसका उपयोग किसी व्यक्ति के झूठ बोलने या सत्य कहने का पता लगाने के लिए किया जाता है। यह परीक्षण व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाओं जैसे कि हृदयगति, रक्तचाप, पसीना और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है जब उससे प्रश्न पूछे जाते हैं। यह तकनीक विशेष रूप से आपराधिक मामलों में संदिग्धों या गवाहों की सच्चाई की जांच करने के लिए इस्तेमाल की जाती है। हालांकि यह परीक्षण अदालत में साक्ष्य के रूप में मान्य नहीं होता, फिर भी जांच एजेंसियों के लिए यह एक सहायक उपकरण के रूप में कार्य करता है।



### पॉलीग्राफी टेस्ट क्या है

- पॉलीग्राफी टेस्ट मनोवैज्ञानिक विश्लेषण होता है, जिसमें मशीन के माध्यम से व्यक्ति की शारीरिक प्रतिक्रियाएं मापी जाती हैं। इसमें एक प्रशिक्षित परीक्षक व्यक्ति से प्रश्न पूछता है और उसकी प्रतिक्रिया के दौरान हृदयगति, रक्तचाप, त्वचा की विद्युत चालकता (पसीना) और श्वास दर को रिकॉर्ड करता है। माना जाता है कि जब कोई झूठ बोलता है तो उसका शरीर तनाव में आ जाता है, जिससे ये संकेत बदलते हैं।

### इसकी जरूरत क्यों होती है

- पॉलीग्राफी टेस्ट की आवश्यकता तब पड़ती है जब किसी अपराध की जांच में ठोस साक्ष्य नहीं मिलते या जब किसी व्यक्ति की बातों पर संदेह होता है। जांच एजेंसियां इस टेस्ट के जरिए यह समझने की कोशिश करती हैं कि कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा है या नहीं। हालांकि यह परीक्षण सत्य का अंतिम प्रमाण नहीं है, लेकिन यह जांच को दिशा देने में सहायक हो सकता है। यह परीक्षण अक्सर हाई प्रोफाइल मामलों, आतंकवाद, हत्या, बलात्कार या धोखाधड़ी जैसे अपराधों में उपयोग किया जाता है।

### कानूनी पहलू

- भारतीय कानून के अनुसार, पॉलीग्राफी टेस्ट केवल व्यक्ति की सहमति से ही किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सेल्वी बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटका (2010) के फैसले में स्पष्ट किया है कि बिना सहमति के पॉलीग्राफी, नार्को और ब्रेन मैपिंग जैसे टेस्ट करवाना व्यक्ति के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 20(3) - आत्म-साक्षी न बनने का अधिकार) का उल्लंघन है। यदि कोई व्यक्ति सहमति देता है, तो भी कोर्ट की अनुमति आवश्यक होती है।

### अपराध के खुलासे में भूमिका

- पॉलीग्राफी टेस्ट सीधे अपराध सिद्ध नहीं करता, यह जांच के दौरान उपयोगी सूचनाएं दे सकता है। इससे जांचकर्ता समझ सकते हैं कि कौन-से बयान संदेहास्पद हैं और किन बिंदुओं पर जांच की जरूरत है। यह टेस्ट संदिग्ध की मानसिक स्थिति का संकेत देता है, जिससे गहन पूछताछ की जा सकती है।

### जांच में सहायक

- पॉलीग्राफी टेस्ट अपराध जांच में एक सहायक उपकरण है, लेकिन इसे वैज्ञानिक प्रमाण या कानूनी साक्ष्य के रूप में नहीं माना जाता। इसकी उपयोगिता तभी है जब इसे कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए किया जाए और इसकी रिपोर्ट को विवेकपूर्ण ढंग से देखा जाए।

## एक नजर

### अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी

**मुंबई।** बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने रविवार को बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात आठ बजे अज्ञात फोन आया, जिसमें धमकी दी गई। पुलिस को सूचना मिलते ही बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंच गया। तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

### सरकोजी से लीजन ऑफ ऑनर पदक लिया वापस

**पेरिस।** फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी से उनका 'लीजन ऑफ ऑनर' पदक वापस ले लिया गया है। उन्हें राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार और प्रभाव का दुरुपयोग करने का पिछले साल दोषी पाया गया था। यह निर्णय जर्नल ऑफ़िसियल में जारी एक आदेश के ज़रिए लिया गया, जो सरकार की प्रमुख कानूनी जानकारी प्रकाशित करता है। यह 'लीजन ऑफ ऑनर' के नियमों के अनुरूप है। सरकोजी 2007 से 2012 तक राष्ट्रपति रहे। पद छोड़ने के बाद से वह कई कानूनी मामलों के केंद्र में रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंक रोधी छापेमारी जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को पुंछ जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आतंकवाद रोधी अभियान के तहत कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट तहसील के सौजियां और आसपास के क्षेत्रों में आठ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से जुड़े आतंकियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने और उनके स्थानीय समर्थकों द्वारा युवाओं को उकसाकर विध्वंसक गतिविधियों में शामिल किए जाने की साजिश को नाकाम करने के उद्देश्य से की जा रही है।

### सऊदी में 7 साल जेल के बाद पत्रकार को फांसी

**दुबई।** सऊदी अरब में 2018 में गिरफ्तार आतंकवाद और राजद्रोह के दोषी प्रमुख पत्रकार को फांसी दे दी गई है। सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी के अनुसार, देश की सर्वोच्च अदालत ने पत्रकार तुर्की अल-जासेर की मौत की सजा बरकरार रखी, जिसके बाद शनिवार को उन्हें फांसी दी गई। अधिकारियों ने 2018 में अल-जासेर के घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार करके कंप्यूटर और फोन जब्त कर लिए थे। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई कब हुई और कितने समय तक चली।

# इजराइल-ईरान में संघर्ष जारी, वार्ता रद्द

## इजराइल ने दी जोरदार हमले की धमकी, ईरानी मिसाइलों ने दिया वायु रक्षा प्रणाली को चकमा

**दुबई, एजेंसी**

इजराइल ने रविवार को तीसरे दिन भी ईरान में हवाई हमले किए और इससे भी अधिक जोरदार हमले की धमकी दी। वहीं, ईरान ने भी इजराइल पर मिसाइलें दागना जारी रखा, जिसमें से कुछ मिसाइलें इजराइली वायु रक्षा प्रणाली को चकमा देकर मध्य इलाके में इमारतों पर गिरीं। इस बीच, ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली परमाणु वार्ता रद्द कर दी गई।

शुक्रवार को इजराइल द्वारा ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर की बमबारी में कई शीर्ष जनरलों और परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में एक लंबे संघर्ष की आशंका पैदा हो गई है। ईरान ने कहा कि इजराइल ने उसकी दो तेल रिफाइनरी पर हमला किया है। ईरान की राजधानी तेहरान में अपराह्न साढ़े तीन बजे विस्फोट हुए। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड से जुड़ी अर्द्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि एक हमला वली-ए-असर इलाके में हुआ और दूसरा हमला अन्य शहर में हुआ। दूसरी तरफ, शाम चार बजे के आसपास फिर से पूरे इजराइल में सायरन बजने लगे, जिससे चेतावनी मिली कि लड़ाई शुरू होने के बाद से ईरान का यह पहला दिन का हमला होगा। इजराइल ने एक गैस प्रतिष्ठान को निशाना बनाया, जिससे ईरान के प्रतिबंधित ऊर्जा उद्योग पर व्यापक हमले की संभावना बढ़ गई है और इसका असर वैश्विक बाजारों पर पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल की कार्रवाई के प्रति पूर्ण समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने ईरान को चेतावनी दी है कि वह नए परमाणु समझौते पर सहमत होकर ही और तबाही से बच सकता है।



तेल अवीव पर ईरान की मिसाइलों को रोकती इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली।

### यदि इजराइली हमले बंद हो जाएं तो हमारी जबावी कार्रवाई भी रुक जाएगी : ईरानी विदेश मंत्री

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रविवार को कहा कि अगर उनके देश पर इजराइल के हमले बंद हो जाएं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी रुक जाएगी। अराघची ने तेहरान में राजनयिकों के समक्ष यह टिप्पणी की। शुक्रवार को इजराइली हमले शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक तौर पर नजर आए। उन्होंने कहा, अगर आक्रामण बंद हो जाते हैं तो हमारी जवाबी कार्रवाई भी बंद हो जाएगी। इजराइल की ओर से इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### इजराइल ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखाने को खाली करने को कहा, नए हमलों की आशंका

**दुबई।** इजराइल सेना ने ईरानियों को हथियार बनाने वाले कारखानों को खाली करने की चेतावनी दी, जिसके बाद नए हमलों की आशंका बढ़ गई है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अविचे अद्राई ने 'एक्स' पर ईरान को फारसी भाषा में चेतावनी जारी की। अद्राई ने पूर्व में गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के बीच गाजा पट्टी, लेबनान और यमन में अन्य हमलों का संकेत दिया था। उनकी यह चेतावनी ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर इजराइल अपने हमले बंद कर दे तो तेहरान भी इजराइल पर अपने हमले बंद कर देगा।

### इजराइल ने ईरान के रक्षा मुख्यालय को बनाया निशाना

**दुबई।** इजराइल ने रविवार को ईरान पर व्यापक हमला किया और उसके ऊर्जा उद्योग तथा रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाया, वहीं ईरान ने भी इजराइल के खिलाफ जवाबी हमले तेज करते हुए मिसाइलों की बौछार कर दी। दो दिन पहले इजराइल द्वारा तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकने के उद्देश्य से किए गए हमलों के बाद दोनों देश हमला और जवाबी हमला करने में लगे हैं। इजराइल पर ईरान के मिसाइल हमलों के बीच तेहरान में भी विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इजराइल के आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि ईरान के हमले से देश भर में कई स्थानों पर लोगों की मौत हुई है। इजराइली आपातकालीन अधिकारियों ने बताया कि गैलिली क्षेत्र में एक इमारत पर हमले के चलते चार लोगों की मौत हो गई, वहीं मध्य इजराइल में हमले में दो महिलाओं और 10 वर्षीय लड़के की मौत हो गई।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल के अब तक के हमले आने वाले दिनों में हमारी सेना द्वारा किये जाने वाले हमलों की तुलना में कुछ भी नहीं हैं। उसने ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकने के लिए यह हमला किया है। वहीं, ईरान ने हमेशा कहा कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। अमेरिका तथा अन्य देशों का आकलन है कि ईरान ने 2003 के बाद से कोई हथियार विकसित नहीं किया है।

# अमेरिका को निशाना बनाने की न सोचे ईरान : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- बोले- ईरान पर इजराइल के किए हमले से कोई लेना-देना नहीं



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का ईरान पर इजराइल के किए गए हमले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने अमेरिकी हितों को निशाना बनाने के खिलाफ ईरान को चेतावनी भी दी।

ट्रंप ने शनिवार रात 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि ईरान पर इजराइल की ओर से किए जा रहे हमले से अमेरिका का किसी भी प्रकार से लेना-देना नहीं है। अगर हम पर ईरान की तरफ से किसी भी तरह का हमला किया गया तो अमेरिकी सशस्त्र बल पूरी ताकत से ईरान पर टूट पड़ेंगे और वो हश्र करेंगे जो आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। हालांकि हम ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवाकर इस खूनी संघर्ष को खत्म करवा सकते हैं।

### इजरायल न करे हवाई क्षेत्र का उल्लंघन : इराक


**बगदाद।** इराक ने अमेरिका से इजरायली विमानों को इराकी हवाई क्षेत्र में घुसकर हमले करने से रोकने की अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया है। इराक के सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ के प्रवक्ता सबाह अल-नुमान ने कहा कि इराक सरकार ने अमेरिका से द्विपक्षीय समझौतों और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के तहत अपनी जिम्मेदारियां निभाने की मांग की है।

### ईरान-इजराइल को ठीक वैसे ही समझौता करना चाहिए जैसे मैंने भारत-पाकिस्तान में कराया था: ट्रंप

**न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को दावा किया कि वह ईरान और इजराइल के बीच समझौता करा सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे उन्होंने अन्य कट्टर दुश्मनों के बीच करवाया था। ट्रंप ने एक बार फिर अपना यह दावा दोहराया कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को व्यापार का इस्तेमाल करके रुकवाया था। ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि ईरान-इजराइल मुद्दे पर अब कई कॉल की जा रही हैं और बैठकें हो रही हैं।

## ईरान के साथ एकजुटता से खड़ा है पाकिस्तान : शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से बात कर एकजुटता व्यक्त की और इजराइल के हमले को स्पष्ट तौर पर उकसावे का कृत्य बताया। शरीफ ने शनिवार को पेजेशकियन से टेलीफोन पर बातचीत में ईरान के खिलाफ इजराइल के हमलों की कड़ी निंदा की।



उन्होंने कहा कि यह हमला ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। शरीफ ने 'एक्स' पर कहा, आज ईरान के राष्ट्रपति डॉ. मसूद पेजेशकियन से बात की और इजराइल के अकारण आक्रमण के सामने ईरान के लोगों के साथ पाकिस्तान की अटूट एकजुटता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 के तहत ईरान को आत्मरक्षा का अधिकार है। उन्होंने इजराइल के हमलों को क्षेत्रीय, वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए गंभीर खतरा बताया।

# अमेरिका में ट्रंप के विरुद्ध सड़कों पर उतरे लोग

**फिलाडेल्फिया (अमेरिका), एजेंसी**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को पूरे अमेरिका में प्रदर्शनकारी सड़कों, पार्कों और चौकों पर एकत्र हुए। उन्होंने शहरों और कस्बों में मार्च निकाला तथा लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के साथ सत्ता-विरोधी नारे लगाए।

नो किंग्स नामक इन प्रदर्शनों के आयोजकों ने कहा कि सैंकड़ों जगहों पर लाखों लोगों ने विरोध प्रदर्शनों में भाग लिया। प्रदर्शनकारियों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के कर्मियों के बीच छिट-पुट झड़प की खबरें आईं। हालांकि लॉस एंजिलिस में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। पोर्टलैंड में अधिकारियों ने आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ आंसू गैस का इस्तेमाल किया। यूटा के साल्ट लेक सिटी में पुलिस 1 मार्च के दौरान हुई गोलीबारी की जांच कर रही है, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया था।




लोकतंत्र व आप्रवासी अधिकारों की रक्षा के समर्थन के लिए अमेरिका में सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग

पुलिस प्रमुख ब्रायन रेड के अनुसार, इस घटना के संबंध में तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि गोलीबारी राजनीति से प्रेरित थी या नहीं और इसमें शामिल लोग एक-दूसरे को जानते थे या नहीं। हमलावर मार्च कर रहे हजारों लोगों के समूह के साथ-साथ चल रहा था। न्यूयॉर्क, डेनवर, शिकागो, ऑस्टिन और लॉस एंजिलिस में बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध मार्च में हिस्सा लिया। अटलांटा में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। 'सिएटल टाइम्स' की खबर के अनुसार, सिएटल के अधिकारियों ने अनुमान लगाया कि शहर की सबसे बड़ी रैली में 70,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

### अमेरिका ने आव्रजन नीतियां ठीक से लागू नहीं कीं : जेपी मॉर्गन

**न्यूयॉर्क/सैन फ्रांसिस्को।** जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और सीईओ जेमी डिमन ने योग्यता आधारित आव्रजन के लिए समर्थन जताते हुए कहा है कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य है क्योंकि (हमारे पास) दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र है, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था है, सबसे अच्छी प्रौद्योगिकी है, उस प्रौद्योगिकी की जड़ें हैं, हमारे पास जो आजादी हैं। यही वह है जो लोगों को यहां खींच कर लाया है।

## पुलिसकर्मी ने भारतीय मूल के व्यक्ति की दबाई गर्दन, मौत


**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में पुलिस अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबरों के अनुसार एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे। कुंदी चिल्ला-चिल्लाकर कह रहे थे, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है। वहीं कौर इस पूरी घटना का वीडियो बना रही थीं और बोल रही थीं कि पुलिस अनुचित तरीके से कार्रवाई कर रही है।

# तिरुवनंतपुरम में आपात स्थिति में उतरा ब्रिटेन का एफ-35 लड़ाकू विमान

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

ईंधन खत्म होने के बाद शनिवार रात ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात स्थिति में उतरना पड़ा। सूत्रों ने रविवार को बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि विमान ने एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरी थी और यह रात करीब साढ़े नौ बजे सुरक्षित उतर गया।

इस संबंध में सूत्र ने कहा कि हवाई अड्डा प्राधिकारियों ने सुचारू एवं सुरक्षित लैंडिंग सुनिश्चित करने के लिए आपातकालीन स्थिति की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पायलट ने कम ईंधन की सूचना दी और उतरने की अनुमति मांगी। पूरी स्थिति से शीघ्रता और पेशेवर तरीके से निपटा गया। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर ही खड़ा है। सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार के संबंधित अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही विमान में ईंधन भरा जाएगा।



### सुरक्षा कारणों से आपात लैंडिंग की दी अनुमति : वायुसेना

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश एफ-35 लड़ाकू विमान के शनिवार रात केरल में हुए आपात लैंडिंग के बीच भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि वह इस घटना से पूरी तरह से अवगत है और उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को लैंडिंग की सुविधा प्रदान की गई है। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि एफ-35 के मार्ग परिवर्तन की यह सामान्य घटना है। मामले से भारतीय वायुसेना पूरी तरह से अवगत है और उसने उड़ान सुरक्षा कारणों से विमान को उतारे जाने की सुविधा दी। उन्होंने कहा कि सभी तरह की सहायता दी जा रही है और भारतीय वायुसेना सभी एजेंसियों के साथ समन्वय में है। विमान फिलहाल हवाई अड्डे पर है।

**शिखर सम्मेलन** ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई पृष्ठभूमि में शामिल

# संघर्ष और व्यापार युद्ध के साए में जी 7 नेता कनाडा में जुटे

## ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर वैश्विक नेताओं ने जताई चिंता

**बैंफ (कनाडा), एजेंसी**

दुनिया की कुछ सबसे बड़ी आर्थिक शक्तियों के नेता रविवार को कनाडा के रॉकीज में जी7 की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। यह सम्मेलन इजराइल- ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों और प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ लगाए जा रहे उच्च सीमा शुल्क की पृष्ठभूमि में हो रही है।

ईरान पर इजराइल के हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने कई वैश्विक नेताओं को हतप्रभ कर दिया है। उनका मानना है कि यह एक अधिक अस्थिर विश्व का नवीनतम संकेत है, क्योंकि ट्रंप अमेरिका को विश्व के पुलिसमैन की भूमिका से मुक्त करना चाहते हैं। जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा रवाना होने से पहले ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि उन्होंने संकट को कम करने के प्रयासों पर ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ-साथ अन्य वैश्वि नेताओं के साथ चर्चा की है।




ब्रिटेन पश्चिम एशिया में लड़ाकू विमान और अन्य सैन्य सहायता भेज रहा है। स्टॉर्मर ने कहा, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हमारी चिंताएं लंबे समय से हैं। हम इजराइल के आत्मरक्षा के अधिकार को मान्यता देते हैं, लेकिन मैं इस बात को लेकर पूरी तरह स्पष्ट हूं कि इसे कम करने की जरूरत है। क्षेत्र विशेष समेत व्यापक स्तर पर तनाव बढ़ने का बहुत बड़ा खतरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिखर सम्मेलन में ''गहन चर्चा'' जारी रहेगी। शिखर सम्मेलन के मेजबान के रूप में, कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने बैठक के अंत में संयुक्त वक्तव्य या विज्ञप्ति जारी करने की वार्षिक परंपरा को छोड़ने का निर्णय लिया है। अन्य नेता ट्रंप से बात कर उन्हें शुल्क लगाने से रोकने के लिए मनाने की कोशिश करेंगे। इसलिए यह शिखर सम्मेलन एकता के प्रदर्शन के बजाय द्विपक्षीय वार्ताओं की शृंखला बनकर रह जाएगा।

### शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में अमेरिकी राष्ट्रपति

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप शिखर सम्मेलन के केंद्र बिंदु में हैं। ट्रंप पहले कनाडा को 51वां राज्य बनाने और ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की धमकी दे चुके हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों रविवार को कनाडा जाने से पहले बेहद प्रतीकात्मक कदम के तौर पर ग्रीनलैंड पहुंचे, जहां उन्होंने आर्कटिक क्षेत्र के नेता और डेनमार्क के प्रधानमंत्री से डेनिश हेलीकॉप्टर में मुलाकात की। मैक्रों के कार्यालय ने कहा कि ग्रीनलैंड की यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि पेरिस संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की सुचिता बनाए रखने के सिद्धांतों का समर्थन करता है, जैसा कि संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र में निहित है। ट्रंप रविवार देर रात को अल्बर्टा के कनानास्किस पहुंचेंगे। रविवार को अन्य नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठकें संभव हैं, लेकिन शिखर सम्मेलन कार्यक्रम सोमवार से पहले शुरू नहीं होगा।